दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — समितियों के माध्यम से धान खरीदी का...
4 अभिव्यक्ति — विद्रोही वेदांती का विवेक....
9 मनोरंजन/व्यापार — दीपिका पादुकोण की कार्तिक आर्यन ने पूरी की...
11 खेल — एजीएम खत्म, 2024 तक बढ़ सकता...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, सोमवार 2 दिसम्बर, 2019, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-230 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

संसद प्रजातंत्र का सबसे बड़ा मंदिर कहलाता है। शायद यही वजह है कि वहां बहुत बड़े वाले लोग ही पहुंचते है। जो बड़े लोगों की ही बाते करते है। बड़ी-बड़ी बाते करते है। आम आदमी की गरीबी और बेरोजगारी जैसी तुच्छ बातों पर वहा संसद का कीमती वक्त जाया नहीं किया जाता। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती चल रही है। बकौल धूमिल- एक आदमी रोटी खाता, दूसरा आदमी रोटी बेलता एक और आदमी है जो रोटी से खेलता है, ये तीसरा आदमी कौन है, मेरे देश की संसद मौन है।

बीजापुर के सारकेगुड़ा में हुई फोर्स-नक्सली मुठभेड़ की न्यायिक रिपोर्ट में खुलासा

मुठभेड़ थी फर्जी, मारे गए लोग थे ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

- सदन में रिपोर्ट रखने से पहले हो गई लीक
- डॉ. रमन बोले गंभीर बात, विस में चर्चा करेंगे

रायपुर। बीजापुर के सारकेगुड़ा में सीआरपीएफ और जिला पुलिस के द्वारा कथित मुठभेड़ की न्यायिक रिपोर्ट सामने आ गई है। घटना 2012 की है जब बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारकेगुड़ा क्षेत्र में 28 और 29 जून 2012 की दरमियानी रात कथित रूप से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस घटना में 17 ग्रामीण मारे गए थे। इनमें कुछ नाबालिग बच्चे और महिलाएं भी शामिल थे। ग्रामीणों में पीड़ित पक्षकारों का दावा रहा है कि बीज पंडुम त्योहार मनाने गांव के लोग बैठक करने देर शाम एक जगह एकत्र हुए थे। जहां फोर्स ने पहुंचकर ग्रामीणों की भीड़ पर फायरिंग कर दी थी जबकि पुलिस का कहना है कि नक्सली ग्रामीणों की बैठक ले रहे थे। फोर्स के पहुंचने पर ग्रामीणों की आड़ लेकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में फोर्स को फायरिंग करनी पड़ी थी। इस घटना की देश-विदेश में काफी चर्चा हुई थी। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने घटना की जांच ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन लोगों की हुई थी मौत

काका राहुल 12 वर्ष कोत्तागुड़ा, काका सरस्वती 12 साल कोत्तागुड़ा, हपका मिट्टो 15 साल सारकेगुड़ा, कुंजाम मल्ला 17 साल सारकेगुड़ा, कोरसा बिचेम 16 साल सारकेगुड़ा, मड़कम रामविलास 16 साल राजपेंटा, इरपा सुरेश 15 साल राजपेंटा व मड़कम दिलीप, इरपा दिनेश, इरपा नारायण, इरपा मुन्ना, इरपा धम्मैया, मड़कम नागेश, मड़कम सुरेश सभी राजपेंटा, सारके रमन्ना तथा माड़वी आयतू सारकेगुड़ा एवं काका समैया कोत्तागुड़ा शामिल थे। घटना में मड़कम सोमा, काका चेंटी, इरपा सुरेश, इरपा चिन्नका, छोटू हपका, काका पार्वती तथा काका रमेश घायल हुए थे।

कमीशन के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव
- सुरक्षाबल के जवानों को बेहतर ट्रेनिंग दी जाए
- उनके लिए आधुनिक सैन्य सामान उपलब्ध कराया जाए
- बुलेट प्रुफ जैकेट, नाइट विजन डिवाइस, ड्रोन आदि से लैस करें

30 लोगों की हुई है गवाही

सारकेगुड़ा कांड की जांच के लिए जस्टिस व्हीके अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 जुलाई 2012 को विशेष न्यायिक जांच आयोग गठित किया गया था। आयोग ने पीड़ित पक्ष के 17 और फोर्स एवं अन्य 13 लोगों को मिलाकर कुल 30 गवाहों का बयान दर्ज किया है। आयोग के गठन के बाद कई महीनों तक पीड़ित पक्षकारों की ओर से गवाह बयान दर्ज कराने सामने नहीं आए थे। बाद में आयोग की अपील व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर पीड़ितों की ओर से गवाहों ने शपथ देकर बयान दर्ज कराया था। सूत्रों के अनुसार राज्य शासन की ओर से सारकेगुड़ा न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट मिलने को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। शासन रिपोर्ट का अध्ययन कर रही है। शासन द्वारा रिपोर्ट की एक प्रति गृह मंत्रालय को भी भेजे जाने की खबर सामने आई है। न्यायिक जांच आयोग के निष्कर्षों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

खास खबर

पटोले निर्विरोध चुने गए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष

मुंबई,(वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले को रविवार को निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवार किशन कठोरे का नामांकन वापस ले लिया था। छप्पन वर्षीय श्री पटोले शिव सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के उम्मीदवार हैं। इससे पहले महाराष्ट्र में एमबीए की अगुवाई में उद्धव ठाकरे की सरकार ने शनिवार को विधानसभा में आसानी से अपना बहुमत साबित कर दिया। श्री पटोले चार बार विधायक रह चुके हैं और वह विदर्भ की सकोली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दंड से नहीं अपराध बोध से घटेगा नारियों पर अत्याचार : शंकराचार्य

नरसिंहपुर, (वार्ता)। हैदराबाद में घटित घटना की निंदा करते हुए ज्योतिष एवं द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने कहा है कि देश में नारी के प्रति सम्मान करने की शिक्षा आने वाली पीढी को नहीं दी जा रही है, इसी के कारण ऐसे अपराधों में इजाफा हो रहा है। शंकराचार्य ने आज मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में स्थित अपने आश्रम झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम में मीडिया से चर्चा में कहा कि नारियों के प्रति अपराध करने वाले को दंड देने से नहीं, अपराध करने वाले में अपराध बोध से नारियों पर होने वाला अत्याचार घटेगा। उन्होंने कहा कि अपराध करने वाला साक्ष्य मिटाने का प्रयास करता है, वह सोचता है कि उसके अपराध को कोई नही देख रहा जबकि उसके अपराध को हजारों आंखों वाला भगवान देखता है। इसलिए आने वाली पीढी को नारी के प्रति सम्मान की जो भावनाए धर्म शास्त्रों में अकित है, उसकी शिक्षा देना आवश्यक है।

भूपेश राज में अन्नदाताओं का इंतजार खत्म, शुरु हुई धान की सरकारी खरीदी

लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं का इंतजार आज से खत्म हो गया है। प्रदेश में रविवार 1 दिसंबर से धान और मक्के की सरकारी खरीदी शुरु हुई। सरकारी मंडियों और धान खरीद केंद्रों पर किसानों की फसलें तौजी जाती रहीं। फिलहाल किसानों को 2500 की दर नहीं बलकि केंद्र सरकार से घोषित समर्थन मूल्य(एमएसपी)पर ही खरीदा जा रहा है। हालाकि भूपेश सरकार ने 2500 के वादे को पूरा करने के लिए प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। परंतु बकाया राशि के भुगतान के लिए गठित कमेटी भी अपनी रणनीति पर काम करना शुरु कर दी है। उम्मीद से कम ही सहीं पर खलिहानों और कोठों में पड़े धान की रखवारी और बिक्री के इंतजार में किसान घबराए हुए थे। आज उनकी जरुरतों और उपज की तय कीमत मिलने के साथ ही उन्हें भूपेश सरकार व्दारा किये गए 2500 वादे की बकाया राशि देने के लिए भी शासन ने अपनी कटिबध्दता जाहिर की है।

धान-मक्का खरीदी के शुरु होते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग के सभी बड़े खरीद केंद्रों में दलबल संग पहुंचे और किसानों से किये वादे को दुहराया है। सीएम श्री बघेल ने केंद्रों और सरकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले दिन से ही 1815रू. का भुगतान

- बीते साल की तुलना में इस बार 10 लाख टन लक्ष्य बढ़ा
- इस साल किसानों की पंजीयन संख्या में 3 लाख बढ़ोत्तरी
- मोटा धान की 1815 तो पतले धान की 1835 दर है तय
- मक्का खरीदी भी समर्थन मूल्य पर 31 मई तक होगी खरीद

मक्का की खरीदी 31 मई तक

समर्थन मूल्य पर किसानों से मक्का की खरीद 31 मई 2020 तक की जाएगी। मक्का खरीद की अधिकतम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। मक्का खरीद की राशि का समस्त भुगतान धान खरीद के समान ही किसानों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाएगा।

10 लाख टन बढ़ा लक्ष्य

पिछली बार राज्य में 75 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद इस लक्ष्य को बढ़ा दिया गया। इस वर्ष धान बेचने के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या करीब तीन लाख बढ़ गई है। वहीं, खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 85 लाख टन कर दिया गया है।

पूर्व सीएम रमन पहुंचे नगपुरा धान खरीद केंद्र, बोले वादा निभाओ सरकार

दुर्ग जिले के धान खरीद केंद्र में मुख्यमंत्री पहुंचकर किसानों व व्यवस्थाओ का आंकलन कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह भी नगपुरा इलाके में ही धान खरीद केंद्र के सामने पहुंच भाजपा व्दारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम यानि कि धान खरीद पर वादा निभाओ अभियान चलाने का काम किया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुर्ग में सीएम बोले केंद्र ने रोका, नहीं तो देते 25 सौ, मिलेगा चिंता मत करो

धान ख़रीदी शुरु होने के पहले दिन सीएम भूपेश बघेल धान खरीदी केंद्र पहुंचे। दुर्ग जिले के किसानों से सीएम ने कहा केंद्र सरकार की जिद की वजह से हमें रुकना पड़ा है। उन्होंने कहा अगर केंद्र नहीं रोकता तो एक साथ आप सभी किसान भाईयों को मिलता 2500 रुपए समर्थन मूल्य। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जेल भरो आंदोलन

पालनार में जमा हुए ग्रामीण

प्रशासन ने 1 दिन की ही नकुलनार में दी अनुमति, पर नहीं पहुंचे आदिवासी

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। अपनी मांगों को लेकर आदिवासी छग सरकार के खिलाफ दन्तेवाड़ा में एक बार फिर से आंदोलन का रास्ता इख्तियार करते नजर आ रहे है। कुआकोंडा ब्लाक के पालनार में 3 दिनों तक आंदोलन की मांग जेलबंदी रिहाई मंच ने दन्तेवाड़ा प्रशासन से की थी। लेकिन दन्तेवाड़ा से उन्हें 1 दिन की अनुमति ओ भी नकुलनार खेल मैदान की मिली। जिससे आंदोलन में शामिल होने वाले ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। सुजीत कर्मा, लालू मरकाम,गोरेलाल नीलवाया सरपंच, राकेश रेवाली सरपंच, धुर्वा पोड़ीयाम, नंदा कुंजाम संयुक्त पंचायत जनसंघर्ष समिति अध्यक्ष भी मौजद रहे।

क्या हैं प्रमुख मांगे

- पोटाली नवीन कैम्प हटाया जाये।
- निर्दोष आदिवासियों को जेल से रिहा किया जाये।
- अवैध गिरफ्तारी, फर्जी मुठभेड़ पर रोक की आश्वसन पर सीएम भूपेश बघेल के आश्वासन पर अमल किया जाये। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यह आंदोलन 3 दिनों तक चलेगा। हमने पहले ही 3 दिनों की अनुमति मांगी थी पर प्रशासन ने नहीं दी। पालनार में जब तक सरकार का कोई बड़ा प्रतिनिधि मंडल आदिवासियों की बात सुनने नहीं आता तब तक यह आंदोलन स्थगित नहीं होगा। जबरन आंदोलन दबाया गया तो प्रदर्शन उग्र होगा।

सोनी सोरी, सामाजिक कार्यकर्ता

नागरिकता विधेयक : गृह मंत्री शाह ने तीन उत्तर पूर्वी राज्यों के नेताओं से की बातचीत

नई दिल्ली ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन विधेयक पर शनिवार को असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के राजनीतिक दलों, छात्र एवं नागरिक संगठनों के साथ बातचीत की। कांग्रेस पार्टी की असम और त्रिपुरा इकाई जबकि त्रिपुरा की सीपीआई(एम) इकाई ने इस मीटिंग का बहिष्कार किया। शाह 3 दिसंबर को ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) के नेताओं के साथ मीटिंग करेंगे। इसके अलावा, जिन संगठनों के साथ उनकी चर्चा का कार्यक्रम है उनमें नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन, ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन एवं मेघालय, नगालैंड और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निजी दूर संचार कंपनियों को लाभ दे रही है सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने सरकार पर निजी क्षेत्र की दूर संचार कंपनियों के फायदे के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह जानबूझकर सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लिमटेड (बीएसएनएल) तथा महानगर टेलीफोन नगर लिमिटेड (एमटीएमएल) को कमजोर कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को यहां पार्टी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी और शाह हैं घुसपैठिए: चौधरी

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को घुसपैठिया बता दिया है। एनआरसी को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान सबके लिए है। ये हिंदुस्तान किसी की जागीर है क्या? सबका समान अधिकार है। अमित शाह जी, नरेंद्र मोदी जी आप खुद घुसपैठिये हैं। घर आपका गुजरात है, आ गए दिल्ली। आप खुद माइग्रेंट हैं। वैध-अवैध बाद में पता चलेगा।'

हैदराबाद रेप-मर्डर केस : आरोपी की मां ने कहा-

'जैसे उन्होंने किया, वैसे ही जिंदा जला दो'

हैदराबाद ए.। हैदराबाद में डॉक्टर के निर्मम रेप और हत्याकांड के आरोपियों के परिवारों ने साफकहा है कि उनके बेटों को अगर मौत की सजा दी जाती है तो वे विरोध नहीं करेंगे।

एक आरोपी की मां ने यह भी कहा है कि जैसा पीड़िता के साथ किया गया, वैसे ही आरोपियों को जला देना चाहिए। बता दें कि हैदराबाद के इस कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक पीड़िता डॉक्टर के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'मेरी भी एक बेटी, परिवार का दर्द समझती हूं'

मामले में चार में से एक आरोपी सी केशवुलु नारायणपेट जिले के मकठल मंडल के गुडीगांडला गांव का निवासी है। उसकी मां श्यामला ने कहा है, 'उसे फांसी दे दीजिए या जला दीजिए, जैसे उन लोगों ने डॉक्टर के साथ किया उसका रेप करने के बाद। वह डॉक्टर के परिवार का दर्द समझती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी भी एक बेटी है और मुझे पता है कि महिला का परिवार दर्द से गुजर रहा है। अगर ये पता होने के बावजूद कि मेरे बेटे ने जघन्य अपराध किया है, मैं उसका बचाव करूं तो लोग मुझसे सारी जिंदगी नफरत करेंगे।

गरमा-गरम

सुरक्षा — सीमा पर ड्रोन्स से निपटने तकनीक पर काम कर रही है बीएसएफ : डीजी

सीमा पर नापाक ड्रोन, भारत की बड़ी तैयारी

एलओसी पर पाकिस्तान की तरफ से संघर्ष विराम के लगातार उल्लंघन और आतंकी घुसपैठ कराने की कोशिशें सुरक्षा बलों के लिए चुनौती रही ही हैं, पिछले कुछ समय से इंटरनैशनल बॉर्डर पर ड्रोन का खतरा बढ़ा है जो पाक की नापाक साजिश का हिस्सा है।

नई दिल्ली ए.। बॉर्डर सिक्यॉरिटी फोर्स पाकिस्तान की इस साजिश से निपटने के लिए तकनीकी हल पर काम कर रही है। बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल वी. के. जौहरी ने कहा कि इस नए खतरे से निबटने के लिए हम कुछ अहम कदम उठा रहे हैं।

बीएसएफ के 55वें स्थापना दिवस पर बीएसएफकैंप में रेजिंग डे इवेंट को संबोधित करते हुए जौहरी ने कहा कि फोर्स ने अपनी 'रणनीतिक क्षमता' को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से सटी 6,386 किलोमीटर की सीमा पर निगरानी के लिए फोर्स ने नई तकनीक और इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके अपनी 'रणनीतिक क्षमता' का विस्तार किया है।

ड्रोन्स के खतरे से निपटने के लिए उठा रहे अहम कदम : डीजी

बीएसएफके डीजी ने कहा कि हाल के समय में कश्मीर में नियंत्रण रेखा और पंजाब में इंटरनैशनल बॉर्डर बहुत 'संवेदनशील' बन गए हैं। जौहरी ने कहा, 'हाल के समय में हमें पश्चिमी सीमा (पाकिस्तान के साथ) पर ड्रोन्स की गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट्स मिली हैं और हम इसके टेक्निकल सलूशन (तकनीकी समाधान) पर काम कर रहे हैं और इससे निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।

हर कोशिश नाकाम करने बीएसएफ सतर्क

डीजी जौहरी ने कहा कि भारत-विरोधी ताकतें लगातार सीमापार घुसपैठ की कोशिशें कर रही हैं और बीएसएफइन कोशिशों को नाकाम करने के लिए हर वक्त सतर्क है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपित से रॉ में रहे अफसर ने मांगी इच्छा मृत्यु

- सचिव स्तर के अधिकारी (से.नि.) एससी कुमार ने राष्ट्रपति कोविंद व पीएम मोदी को लिखा पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग में सालों तक सेवा दे चुके सचिव स्तर के से.नि अधिकारी एससी कुमार ने इच्छामृत्यु की मांग की है। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। 80 साल के कुमार ने अपने इस कदम के पीछे एक रसूखदार नेता व हरियाणा शासन-प्रशासन के लचर रुख को जिम्मेदार बताया है।

पूर्व अफसर की आपबीती उन्हीं की जुबानी

कुमार ने कहा कि वे अभी गुरुग्राम स्थित पालम विहार के पार्क-व्यू रेसिडेन्ट्स वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। वहां के आठ टावरों में कुल 680 फ्लैट्स हैं। पार्क-व्यू गुरुग्राम सबसे बेहतरीन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मकैनिक ने दिया पहला सुराग, फिर संदिग्ध ट्रक और सीसीटीवी ने यूं सुलझाई गुत्थी

- **हैदराबाद की डॉक्टर से रेप-हत्या केस पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाया**
- **बाइक खराब होने की जानकारी पर ढूंढे टायर मकैनिक, मिला सुराग**

हैदराबाद (ए.)। कहा जाता है कि हर अपराधी अपने गुनाह का कोई-न-कोई सुराग जरूरत छोड़ता है। हैदराबाद में 27 वर्षीय पशु चिकित्सक के साथ हैवानियत करने के बाद उसे जिंदा जला देने वाले को शायद यह पता नहीं था। लेकिन, पुलिस ने जब सुराग तलाशने शुरू किए तो टायर मकैनिक के साथ-साथ फ्यूल स्टेशन समेत अलग-अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी में रेकॉर्ड फुटेज और तकनीकी सबूतों ने आरोपी की पहचान करवा दी। यही वजह है कि पुलिस को महज 48 घंटों के अंदर चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी।

ऐसे मिला पहला सुराग

चारों आरोपियों- मोहम्मद आरिफ, शिवा, नवीन और सी चेन्नकेशवुलु ने वारदात को अंजाम देने से पहले टोंडूपल्ली टोल प्लाजा पर शराब पी थी। दिलचस्प बात यह है कि पीड़िता को फंसाने के लिए जो जाल चारों ने बिछाया था, उसी की वजह से उनका पर्दाफाश भी हो गया। साइबरबाद पुलिस ने शादनगर अंडरपास के नीचे पीड़िता का जला हुआ शव मिलने के बाद पुलिस को सबसे पहला सुराग एक टायर मकैनिक से मिला।

दरअसल, पीड़िता की बहन ने पुलिस को बताया था कि उनकी गाड़ी खराब हो गई थी और तब मदद करने के लिए कुछ अनजान लोग आए थे। इस पर पुलिस ने आसपास के टायर मकैनिकों को खोजना शुरू किया। मकैनिक ने बताया कि कोई पंक्चर टायर में हवा भरवाने के लिए लाल रंग की बाइक लाया था।

संदिग्ध ट्रक से जुड़े तार

तेलंगाना पुलिस के सूत्रों ने बताया, 'गवाहों ने बताया कि आरोपी उल्टी दिशा से बाइक ला रहे थे। इससे सबसे अहम सुराग मिला। इसके बाद रास्ते के सीसीटीवी खंगाले गए। जांच करने पर दो आरोपी स्कूटर के साथ दिखे। दूसरे फुटेज में एक ट्रक काफी वक्त तक सड़क पर खड़ा दिखा, लेकिन उसका रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं दिख सका।'

वारदात से पहले 4 घंटे तक पी शराब

पुलिस की दूसरी टीमें यह ढूंढने में जुटी थीं कि किस पेट्रोल बंक से पेट्रोल और डीजल लाया गया था। फिर पुलिस को कोठुर के एक फ्यूल स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बोतल में फ्यूल लेते दिखे। फुटेज में वही आरोपी था जो टायर मकैनिक के पास गया था। सूत्रों ने बताया, 'आरोपियों ने शाम 5 बजे से शराब पीनी शुरू कर दी थी और रात को 9:30 बजे तक वे विस्की की डेढ़ बोतल खत्म कर चुके थे।' मोबाइल फोन टावर की लोकेशन और ट्रक मालिक से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहले आरिफ और फिर बाकी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने जब पीछे करके फुटेज देखा तो पाया कि ट्रक को घटना से 6-7 घंटे पहले लाकर वहां खड़ा कर दिया गया था। पहले के स्क्रीनशॉट से रजिस्ट्रेशन नंबर मिला जिससे उसके मालिक श्रीनिवास रेड्डी से संपर्क किया गया। उसने सीसीटीवी में स्कूटर के साथ दिखे शख्स को तो नहीं पहचान सका, लेकिन बताया कि ट्रक आरिफ के पास था।

जयपुर: छह साल की नाबालिग से रेप किया फिर उसी की स्कूल बेल्ट से घोंट दिया गला

- **आरोपी की तलाश में जुटी है राजस्थान पुलिस, प्रशासनिक अमले में हड़कंप**

जयपुर(ए.)। हैदराबाद में गैंगरेप के मामले के बाद से देश में आक्रोश का माहौल है। उधर, उत्तर प्रदेश के हरदोई में रेप के बाद हत्या, तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मदिन मनाने के बाद लौटते वक्त गैंगरेप, यूपी के ही बदायूं में पीआरडी जवान द्वारा कथित दुष्कर्म की घटनाओं ने और सनसनी पैदा कर दी है। अब ख़बर आई है राजस्थान के टोंक जिले से, जहां एक महज 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। अलीगढ़ थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग बच्ची के गले पर उसका स्कूली बेल्ट मिला था, जिसका इस्तेमाल हत्या में किया गया।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को छह वर्षीय छात्रा के स्कूल से घर नहीं पहुंचने पर परिवारवालों ने उसे तलाशना शुरू किया था। इस दौरान पुलिस ने उसका शव अलीगढ़ कस्बे के खेड़ली गांव के जंगल में झाड़ियों के पास से बरामद किया।

पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार

अलीगढ़ थाने के इन्स्पेक्टर रामकृष्ण से एनबीटी ऑनलाइन ने बात की। उन्होंने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा की दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिवारवालों को सौंप दिया गया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचानकर उसकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

भाजपा ने भारत को ताकतवर देश बनाया : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने भारत को ताकतवर देश बनाया और आज इस बात को पूरी दुनिया मान रही है। प्रधानमंत्री मोदी पर भ्रष्टाचार का एक दाग नहीं है। आतंकवाद के मुद्दे पर पड़ोसी देश पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सबक सिखाया। नक्सलवाद से भी हमारा देश जल्द मुक्त होगा। बोकारो जिले के बेरमो में प्रत्याशी योगेश्वर महतो बाटुल के पक्ष में रविवार को चुनावी आम सभा को रक्षा मंत्री संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ को चिंता हो गई है परन्तु एनआरसी पूरे देश में लागू होगा। आखिरकार कौन देशी और कौन विदेशी, यह पता तो चलना चाहिए। और हम इतने अमानवीय नहीं हैं कि उनकी गर्दन काटेंगे ब्लकि उनके देश उन्हें वापस ले ले। भाजपा का राजनीतिक इतिहास रहा है, जो कहा उसे पूरा किया। राम जन्मभूमि अयोध्या में ही राम लला का भव्य मंदिर बनने से अब दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। आजादी के बाद देश की अखंडता को अब जाकर बल मिला। चुटकी बजाकर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान खत्म कर दिया गया।

भाजपा ने कभी जाति-मजहब के नाम पर राजनीति नहीं की ब्लकि इंसान और इंसानियत के लिए राजनीति की है। तीन तलाक की व्यवस्था समाप्त कर एक वर्ग की महिलाओं की खुशी बची। कांग्रेस में तो पीएम से लेकर सीएम व मंत्री तक भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। और भाजपा में सभी भ्रष्टाचार मुक्त हैं, यह कोई छोटी बात नहीं हैं।

कड़े कदमों का दौर खत्म अब उठेगी इकॉनमी : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने दिया भरोसा, 'जल्द सुस्ती से उबरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था'

- **उद्योगपतियों से सरकार से अपनी चिंताओं के साथ सुझाव भी साझा करने की अपील**

मुंबई(ए.)। देशभर में आर्थिक सुस्ती को लेकर चिंता के माहौल के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार पर विश्वास रखने की बात कही है। कारोबारी जगत में टैक्स अथॉरिटीज के डर को लेकर फैली चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को अमित शाह ने कहा, 'किसी को भी किसी चीज से डरने की जरूरत नहीं है', सिस्टम की सफाई के लिए सरकार के द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का दौर खत्म हो गया है और आगे अच्छा समय आएगा।

मुंबई में इकनॉमिक टाइम्स अवॉर्ड्स सेरिमनी में शाह ने उद्योग जगत से कहा, 'आगे अच्छा समय आएगा।' सुस्ती की बात को स्वीकारते हुए वह बोले कि उन्हें विश्वास है कि देश जल्द सुस्ती से उबरेगा। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे सरकार से अपनी चिंताओं के साथ सुझाव भी साझा करें।

शाह ने कहा कि बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर में हुए गलत कामों को रोकने के लिए मोदी सरकार द्वारा काफी कदम उठाए जा चुके हैं, अब इनकी जरूरत नहीं। इस अवॉर्ड फंक्शन में शाह ने कहा, 'सुस्ती आई है लेकिन हम स्लो नहीं हुए हैं। सरकार जरूरी कदम उठा रही है।' वह बोले, सरकार आर्थिक स्तर पर समस्याओं से वाकिफ है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार इससे निपटने के लिए प्रयास कर रही हैं।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है और कई विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। हम जल्द स्लोडाउन से बाहर निकलने में कामयाब होंगे क्योंकि मोदी सरकार में सख्त फैसलों की मदद से इससे बाहर निकलने का माद्दा रखती है।

पाक के मंत्री के खुलासे से पाकिस्तान का नापाक इरादा सामने आया: अमरिंदर सिंह

नई दिल्ली(ए.)। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान रेलवे मंत्री शेख रशीद ने खुलासा किया था कि करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा के दिमाग की उपज थी। इससे पाकिस्तान का नापाक रवैया सामने आता है।

यहां तक कि जब उन्होंने पाकिस्तानी मंत्री द्वारा इस स्वीकृति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर अपने रुख को मान्य करते हुए, राशिद ने गलियारे के पीछे पाकिस्तान के दुष्ट प्रवृति को पूरी तरह से रोक कर दिया था। कैप्टन ने तीव्र संभावना जताई कि करतारपुर कॉरिडोर से भारत को नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही कैप्टन ने पाकिस्तान को कोई गलत हरकत करने से चेताया। बता दें कि हाल ही में खुले करतारपुर कॉरिडोर वैश्विक स्तर पर खराब छवि के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए खुद को एक उदार राष्ट्र के तौर पर पेश करने का बड़ा मौका माना जाता रहा है। इतना ही नहीं घरेलू मोर्चे पर उसकी माली हालत भी बदहाल है और उसे इस गलियारे से आने वाले तीर्थयात्रियों से सालभर में अच्छी आय की उम्मीद है।

उद्धव ठाकरे की फ्लोर टेस्ट जीत के बाद बीजेपी पर बरसे संजय राउत

मुंबई(ए.)। शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की सत्ता हासिल करने में जल्दबाजी और ''बचकानी टिप्पणियां'' महाराष्ट्र में भाजपा को ले डूबी और फड़णवीस को विपक्ष में बैठना पड़ गया।

राउत ने शिवसेना के मुखपत्र 'सामना में अपने 'रोखठोक स्तंभ में दावा किया कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के साथ आने से महाराष्ट्र में जो हुआ वह देश को भी स्वीकार है।

बिना किसी का नाम लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, दिल्ली की तरह चल रहे ''भीड तंत्र के आगे नहीं झुका।'' 'सामना के कार्यकारी संपादक राउत ने कहा कि महत्वपूर्ण यह है कि उद्धव ठाकरे शक्तिशाली ''मोदी-शाह'' के दबदबे को खत्म कर सत्ता में आए।

उन्होंने भरोसा जताया कि ''यह सरकार (शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन) पांच साल तक चलेगी।''

राउत ने कहा, ''मुझे यह देखकर मजा आ रहा है कि जो लोग अजित पवार के फड़णवीस के साथ गठजोड़ को शरद पवार की पहले से तय योजना बता रहे थे, वह अब महा विकास आघाडी सरकार बनने के बाद राकांपा प्रमुख के आगे नतमस्तक हो रहे हैं।''

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फड़णवीस ने इस तरह की ''बचकानी टिप्पणियां की कि राज्य में कोई विपक्षी दल नहीं बचेगा, शरद पवार का काल खत्म हो रहा है और प्रकाश आंबेडकर का वंचित बहुजन आघाडी मुख्य विपक्षी दल होगा।

उन्होंने कहा, ''लेकिन वह (फड़णवीस) खुद विपक्षी नेता बन गए। उन्होंने कहा कि फड़णवीस ने कहा था कि वह वापस लौटेंगे लेकिन सत्ता में आने की उनकी जल्दबाजी 80 घंटे के भीतर भाजपा को ले डूबी।

बीजेपी नेता पंकजा मुंडे ने बुलाई समर्थकों की बैठक

- **कहा- जल्द लूंगी बड़ा फैसला**

नई दिल्ली(ए.)। महाराष्ट्र बीजेपी नेता पंकजा मुंडे ने अगले महीने पार्टी समर्थकों की बैठक बुलाकर फेसबुक पोस्ट के जरिए शक्ति प्रदर्शन के संकेत दिए हैं। पंकजा ने अपने पिता गोपीनाथ मुंडे की बरसी पर 12 दिसंबर को समर्थकों की बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि वे आनेवाले आठ या दस दिन में बड़ा फैसला लेंगी।

पंकजा ने फेसबुक में मराठी में पोस्ट करते हुए लिखा है- चुनाव में हार के बाद समर्थकों के कई फोन-मैसेज आए और मिलने का आग्रह किया गया लेकिन राजनीतिक स्थिति ऐसी रही कि समर्थकों से मिलना नहीं हो सका।

फेसबुक पोस्ट में पंकजा ने लिखा है- बदले राजनीतिक परिदृश्य में भावी कार्रवाई पर निर्णय लिया जाना जरूरी है। अगले 8-10 दिन में तय करूंगी कि आगे क्या करना है, किस रास्ते पर मुझे चलना है। हमारी मजबूती क्या है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। पंकजा मुंडे ने कहा, मुझे बहुत कुछ बोलना है। मुझे उम्मीद है कि मेरे जवान रैली में जरूर पहुंचेंगे।

गौरतलब है कि पिछले फड़णवीस सरकार में पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे अपने गढ़ परली से चुनाव हार गई थीं पंकजा को उनके चचेरे भाई धनंजय मुंडे से ही मात मिली है। धनंजय मुंडे फिलहाल उद्धव सरकार के साथ हैं।

बीजेपी नेता देवेन्द्र फडणवीस बने महाराष्ट्र विस में विपक्ष के नेता

- **किया गया औपचारिक ऐलान**

मुंबई(ए.)। भारतीय जनता पार्टी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया है। रविवार को औपचारिक तौर पर इस बात का ऐलान किया गया। इससे पहले, महाराष्ट्र विधानसभा में नाना पटोले को सर्वसम्मति से स्पीकर चुना गया।

कांग्रेस ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सत्तारूढ़ शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर पार्टी विधायक पटोले के नाम का शनिवार को ऐलान किया जबकि भाजपा ने कथोरे को अपना प्रत्याशी बनाया था। पटोले विदर्भ में साकोली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि कथोरे ठाणे में मुरबाड से विधायक हैं। यह दोनों का विधायक के तौर पर चौथा कार्यकाल है।

विधानसभा में भाजपा विधायक देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि हमने विधानसभा स्पीकर के पद के लिए किसान कथोरे को नामित किया था, लेकिन सर्वदलीय बैठक में अन्य दलों ने हमसे अनुरोध किया और यह परंपरा रही है कि स्पीकर को निर्विरोध नियुक्त किया जाता है, इसलिए हमने अनुरोध स्वीकार कर लिया और अपने उम्मीदवार का नाम वापस ले लिया।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी सरकार ने शनिवार को राज्य विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। कुल 288 सदस्यों वाले सदन में मतदान से पहले भाजपा के 105 विधायकों के बहिर्गमन करने के बाद कुल 169 विधायकों ने विश्वास मत के पक्ष में वोट दिया।

विधायकों की सेवा में लगे रहे पार्षद, कपड़ों से लेकर खाने तक का रखते थे ध्यान

सियासी ड्रामे के बीच 'लग्जरी कैद' में ऐसे बीते विधायकों के दिन

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जब यह तय हो गया कि बीजेपी और शिवसेना साथ मिलकर सरकार नहीं बनाने वाले हैं, तभी शिवसेना ने अपने 56 विधायकों को रंगशारदा होटल में शिफ्ट कर दिया था। सिर्फ शिवसेना के विधायक ही नहीं, एनसीपी और कांग्रेस के विधायकों को भी खरीज-फरोख्त का शिकार होने से बचाने के लिए 'लग्जरी कैद' में भेज दिया गया था।

इधर, तीनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं के बीच सियासी दांव-पेच की गतिविधि जारी थी तो उधर होटलों में बंद विधायकों की खातिरदारी के लिए शिवसेना ने पार्षदों को लगा रखा था। बताया गया कि हर विधायक को दो असिस्टेंट दिए गए थे, जो उनके कपड़ों

से लेकर होममेड खानों और मेडिकल इमर्जेंसी से संबंधित जरूरतों को पूरी करने में मदद करते थे। इसके अलावा, शिवसेना के पार्षद भी कभी एमएलए हो जाने का सपना देखते हुए विधायकों की सेवा में लगे थे।

विधायकों की सेवा में लगे पार्षद

ठाणे के एक पार्षद ने इस बारे में बताते हुए कहा कि पिछले हफ्ते एक विधायक को मेडिकल इमर्जेंसी थी तो दो पार्षद डॉक्टरों को लेकर उनके कमरे में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान अगर किसी विधायक को सलून भी जाना होता था तो हम दो पार्टी कार्यकर्ताओं को खास निर्देश देकर उनके साथ भेजते थे। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि उन्हें अपने विधायकों पर विश्वास नहीं है बल्कि कोई भी बीजेपी के आपराधिक चालों पर भरोसा नहीं कर सकता था।

वरिष्ठ शिवसेना नेताओं को थी जिम्मेदारी

वहीं, एनसीपी ने सबसे अंत में अपने विधायकों को होटल में शिफ्ट किया। पहले तो एनसीपी विधायकों को पवई के रेनेसां होटल में मूव किया गया लेकिन बाद में कुछ विधायकों की पुलिस अधिकारियों से झड़प होने के बाद उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया। इनमें से कुछ को कलीना के ग्रैंड हयात में और बाकी को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के सोफिटेल में शिफ्ट किया गया। इस दौरान शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं अनिल परब, मिलिंद नार्वेकर, एकनाथ शिंदे, प्रताप सरनाइक और सुनील प्रभु को न सिर्फ शिवसेना बल्कि कांग्रेस और एनसीपी के विधायकों के ठहरने आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

गौरतलब है कि बीजेपी से गठबंधन टूटने के बाद शिवसेना के विधायक रंगशारदा में दो दिनों तक रहे। यह होटल शिवसेना भवन से महज 4 किमी की दूरी पर था। इसके अलावा राजभवन से इसकी दूरी 16 किमी और विधानसभा से 19 किमी थी। हालांकि, इस होटल में सिर्फ 30 कमरे थे और एक कमरे में दो-दो विधायकों को ठहराया गया था। इसके अलावा होटल के कमरे साफ न होने की भी शिकायत की गई थी।

कांग्रेस ने जयपुर भेजे विधायक

इसके बाद सेना के विधायकों को 10 दिनों के लिए रिट्रीट होटल में ठहराया गया। बाद में उन्हें अंधेरी के लेमन ट्री होटल में शिफ्ट कर दिया गया। यहीं पर उन्हें खबर मिली कि देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार ने इस्तीफा दे दिया है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच कांग्रेस ने भी अपने विधायकों को जयपुर भेज दिया था। 23 नवंबर को उन सभी विधायकों को मुंबई लाया गया और जेडब्ल्यू मेरियट होटल में ठहराया गया। यहां उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण भी ठहरे हुए थे। एक हफ्ते के बाद 28 नवंबर को कांग्रेस विधायकों को यहां से कोलाबा के ताज होटल में शिफ्ट कर दिया गया।

'बीजेपी को शुक्रिया!'

एनसीपी और कांग्रेस के कई विधायकों ने बाद में बताया कि वे शिवसेना के अरेंजमेंट से बहुत खुश हैं। विधायकों ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि सेना के पास ऐसे युवा और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की टीम है। एक विधायक ने कहा कि वास्तव में होटलों में ठहरने के दौरान एक तनावपूर्ण माहौल था लेकिन इसने हमें चुनावों की थकान को उतारने में मदद की। हमें इसके लिए अपने विरोधी दल (बीजेपी) का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उसकी वजह से हमें इस तरह का मौका मिला।

समितियों के माध्यम से धान खरीदी का काम शुरू

कम गुणवत्ता के धान और अव्यवस्था पाये जाने पर दो प्रबंधक निलंबित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर जिले सहित छत्तीसगढ़ राज्य में आज 1 दिसम्बर से सहकारी समितियों के धान खरीदी केन्द्र के माध्यम से धान खरीदी का कार्य शुरू हो गया। इन केन्द्रों में किसानों को पूर्व में दिए गए टोकन के माध्यम से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया। धान खरीदी का कार्य 15 फरवरी 2020 तक जारी रहेगा। इसी तरह आज से मक्का खरीदी का कार्य भी इन केन्द्रों में प्रारंभ हो गया है, जो 31 मई 2020 तक जारी रहेगा।

खाद्य सचिव डॉ कमलप्रीत और रायपुर जिले के कलेक्टर डॉ एस भारतीदासन ने आरंग विकासखंड के अनेक धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों तथा धान खरीदी से जुडे हुए लोगों से रूबरू होकर बातचीत की।

सचिव एवं कलेक्टर ने मंदिर हसौद और फिर उसके बाद खुटेरी, रीवा, मोखला, और आरंग मंडी में बनाये गए धान खरीदी केन्द्रों का अवलोकन किया। इन केन्द्रों में अधिकारियों और समिति के पदाधिकारियों ने बताया की उनके समिति में नया और पुराना बारदाना उपलब्ध है। किसानों द्वारा अपने बारदानें में धान लाकर ढेर लगाया जाता है और उसके बाद समिति द्वारा दिए गए बारदाने में 40-40 किलों धान भर कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर विक्रय किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व किसानों द्वारा लाए गए धान सेम्पल की आर्द्रता नापी जाती है जो 17 प्रतिशत से कम होनी चाहिए। समिति के आर्द्रतामापी यंत्र और कांटा तौल का वेरिफिक्रेशन हो चुका है। समितियों में पर्याप्त संख्या में हम्माल रखे गए है। मोटा धान और पतला धान सहित आई आर 36 और एचएमटी धान रखने के लिए अलग चबूतरे बनाए गए है, जिन्हें नये और पुराने बारदाने में भरा जा रहा है।

सचिव एवं कलेक्टर ने इस अवसर पर स्वयं भी आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता नापी और अपने सामने धान की तुलवाई की। किसानों ने तौल और आर्द्रतामापी के प्रति संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों और पटवारी आदि से यह सुनिश्चित करने को कहा कि केवल किसानों के धान को खरीदें। उन्होंने कहा ऐसे किसान जिन्होने अपनी जमीन को परती छोडा है, या अन्य फसल या सब्जी आदि लगाया है, उनसे धान नही लें। कलेक्टर ने हिदायत दी कि किसानों से निर्धारित एफएक्यू के अनुसार साफ सुथरा धान लें। खरीदा हुआ धान हर हालत में उसी दिन बारदाने में भरवा लें।

किसानों को सुबह 8 से 11 बजे तक धान लाने का आग्रह

धान खरीदी केन्द्रों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक किसानों को अपना धान लाने का आग्रह किया गया है, जिससे यहां धान तौलाई का कार्य सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा सके। धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण धान मोटा, महामाया, धान सरना के लिए 1815 रूपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित है। इसी तरह धान ए ग्रेड पतला, धान एच एम टी, धान आई आर 36 के लिए 1835 रूपये का दर निधार्रित है। मक्का का दर प्रति क्विंटल 1760 रूपये निर्धारित है।

न्यूज गैलरी

बैंक में नौकरी लगाने के बहाने ओटीपी नंबर मांगा, 70 हजार पार

रायपुर। कोटक महेंद्रा बैंक में नौकरी लगाने का झांसा देकर महिला के खाते से हजारों रुपये निकाल लेने की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मारूति रेसीडेंसी अमलीडीह निवासी ऋचा गुप्ता 26 वर्ष पिता प्रमोद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 नवंबर को प्रार्थियां के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन क्रमांक 88027 23523 मोबाइल नंबर से कॉल करके स्वयं को कोटेक महेंद्रा बैंक से होना बताकर प्रार्थियां को 12 हजार रुपये महीने पर नौकरी देने की बात कहकर एसबीआई बैंक व डेविड कार्ड एवं कागजात व ओटीपी नंबर को लिंक भेजकर सम्मित करने को कहा। प्रार्थियां ने जैसे ही लिंक पर ओटीपी नंबर व अपनी जानकारी भेजते ही प्रार्थियां व उसके मां के खाते से 70 हजार 5 सौ 97 रुपये कट गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

ट्रक ने तीन गायों को लिया चपेट में, मौत

रायपुर। सड़क किनारे बैठे तीन मवेशियों को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही मवेशियों की मौत हो गई। मिली जानकारी जोरापारा डीडीनगर निवासी राजा नेताम 26वर्ष पिता शारदा नेताम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार को रिंगरोड-1 जायका आटो के सामने तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक 22 एम 5102 का चालक ने सड़क किनारे बैठे तीन गाय को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही तीनों गायों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

रायपुर। मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर लिया है। ग्राम सिर्री खरोरा मेनरोड के पास मोटरसाइकिल से जा रहे त्रिलोचन वर्मा पिता सेवकराम वर्मा निवासी देवरतिल्दा को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लिया, जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के साथी चन्द्रहास वर्मा 32 वर्ष पिता डोमान सिंह ने घटना के संबंध में खरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

रायपुर। गांजा तस्करी के सूचना पर मंदिर हसौद पुलिस ने छेरीखेड़ी पुलिया के पास घेराबंदी करके दलदल सिवनी एकता चौक मोवा निवासी नागेश्वरी निर्मलकर 20 वर्ष पिता चोवाराम निर्मलकर को प्लास्टिक की बोरी में 4 किलो 5 सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नार्कोटिक्स 20 बी के तहत गांजा तस्करी करने के जुर्म में कानूनी कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

मेकाहारा की पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर। मेकाहारा अस्पताल के पार्किंग में खड़ी की एक्टिवा स्कूटर को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। दुर्गा चौक चंदनडीह आमानाका निवासी प्रवीण कुमार भगत 33 वर्ष पिता शिवशंकर भगत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी ने अपना एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केई 7932 कीमत 10 हजार रूपए को मेकाहारा के पार्किंग में खड़ी कर गया हुआ था जब वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

राजधानी का ऐसा स्कूल जहां चूक और मौत की लगती है कीमत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी के एक स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी चूक से डूबने से हुई दो छात्रों की मौत के बदले उनके अभिभावकों को लाखों रुपए ऑफर किए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि स्कूल ने दोनों मृत छात्रों के अभिभावकों को 16-16 लाख रुपए का ऑफर किए हैं। यहां बात हो रही है रायपुर के भारत माता स्कूल की।

शनिवार को स्कूल प्रबंधन द्वार अपने यहां के विद्यार्थियों को महासमुंद जिले के सिरपुर में पिकनिक के लिए ले जाया गया था। बताया जा रहा है कि बच्चों के साथ गए स्टाफ ने बच्चों को महानदी में अकेले ही नहाने के लिए छोड़ दिया। इस दौरान दो बच्चे गहराई में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई गए।

शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे, पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के जवानों ने बच्चों को निकाला। दोनों को अस्पताल ले जाया गया पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत छात्रों के नाम हीरापुर निवासी खुशदीप संधु (15) पिता हरजीत सिंह संधु और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी अमन शुक्ला (14) पिता प्रदीप शुक्ला हैं।

ऐसे हुई चूक

पिकनिक मनाने महासमुंद के सिरपुर में बच्चे जिस जगह नहा रहे थे, वहां खतरे का बोर्ड लगा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पेट्रोलिंग टीम ने शिक्षकों को चेताया भी था कि वहां से बच्चों को दूर रखें। लेकिन शायद इसे अनसुना कर दिया गया, जिसकी वजह से बच्चे डूब गए। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश पहले ही दे दिए हैं।

द रेडियंट वे स्कूल हादसे से नहीं लिया सबक

स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की सरक्षा को लेकर लापरवाही का ऐसा ही एक मामला पिछले माह ही रायपुर में देखने को मिला था। द रेडिएंट वे स्कूल में एडवेंचर नाइट कैंप के दौरान 11 साल की एक बच्ची 25 फीट की ऊंचाई से गिर गई थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर एस भारती दासन को जांच का जिम्मा सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस घटना के बाद स्कूलों में बच्चों से जुड़ी एक्टिवटीज के लिए नियम भी बनाए गए थे, लेकिन ताजा मामले से यह साफहो रहा है कि स्कूल प्रबंधन किस तरह इन नियमों को ठेंगा दिखा रहे है।

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों के साथ भाजपा सरकार ने की धोखाधड़ी

फर्जी हस्ताक्षर से की गई रजिस्ट्रियां-विनोद तिवारी

मामला गरियाबंद में कमार भुजिया प्राधिकरण द्वारा फिजुलखर्ची का

रायपुर। कमार भुजिया विकास प्राधिकरण गरियाबंद में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जिला प्रशासन की मिली भगत से राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों के साथ भाजपा सरकार ने फर्जी हस्ताक्षर करवाकर धोखाधड़ी की। कृषि भूमि के नाम पर धोखा दे बड़े झाड़ के जंगल को नियम विरूद्ध पंजीकृत किया। 202 रजिस्ट्री में से 170 रजिस्ट्री नियम विरूद्ध बिना नक्शा-खसरा बी-1 के की गई उक्त आरोप तत्कालीन भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव विनोद तिवारी ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में लगाया। तिवारी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 24 रजिस्ट्रियों में स्टाम्प पेपर नहीं लगाए गए हैं। जिन आदिवासियों से जमीन खरीदी गई थी उनसे भी धोखाधड़ी कर पूरा पैसा नहीं दिया गया। तात्कालिक भूमि की कीमत जिसका अधिकतम मूल्य उस समय दस हजार के लगभग था उसे 5 गुना अधिक बताकर सरकारी पैसे का दुरूपयोग किया गया है।

तिवारी के अनुसार गरियाबंद जिले में निवासरत सरंक्षित जनजाति कमार व भुजिया आदिवासियों के साथ भाजपा सरकार के लोगों ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की। वर्षो गुजर जाने के बाद भी प्रभावितों को भूमि पर अब तक कब्जा नहीं मिला है। अधिकांश रजिस्ट्री फर्जी की गई। उन्होंने बताया कि योजना से प्रभावित व्यक्तियों के संबंध में उन्होंने उक्त जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त की। मिली सामग्री से वे व्यापक पैमाने पर आदिवासियों के साथ हुई धोखाधड़ी का खुलासा हुआ कि अधिकारी-जनप्रतिनिधि एवं जमीन दलालों ने मिलकर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को खुलेआम धोखा दिया। सीडी के माध्यम से प्रभावित ग्रामों के लोगों से विनोद तिवारी ने चर्चा की जिनमें पीपरछेड़ी निवासी रामजी भुजिया एवं कौशलेश भुजिया ने पंचायत रायनामा की भूमि की रजिस्ट्री में अपना हस्ताक्षर फर्जी बताया। इसी तरह ग्राम रायआमा निवासी अमृतलाल, शांतुराम ने भी आठ साल गुजरने के उपरांत जमीन पर कब्जा एवं रजिस्ट्री पेपर नहीं मिलने की जानकारी दी। तिवारी के अनुसार ग्राम पिपरछेड़ी निवासी देवनाथ, शिलऊ, रामजी एवं श्रीमती बनिहारिन एवं उनके पुत्र गणेश ने भी जमीन के रजिस्ट्री पेपर में फर्जी वाड़ा होने की बात स्वीकारी।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में कम मूल्य पर हो रही खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

गन्ने की अनियमित निकासी पर रोक नहीं-भुवाल

रायपुर। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने राम्हेपुर कवर्धा जिला कबीरधाम में गन्ने की पर्ची निकालने में अनियमितता एवं कम दरों पर गन्ना खरीदी कर जिम्मेदारों द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। न्यायालय के आदेश के बावजूद भी अब तक कार्यवाही का नहीं होना किसानों के हित में नहीं है। सहकारिता आम चुनाव 2017 में संस्था के पंजीकृत 43 सदस्यों (वर्गख) को मतदान में शामिल नहीं कर अनुपस्थित दर्शाकर निर्वाचन अधिकारी ने अपनी मनमर्जी सदस्यों पर लादकर गन्ना किसानों की बात को अनसुनी किया है। 3 नवंबर 2017 में भोरमदेव शक्कर कारखाना एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना के कार्य क्षेत्र में विभाजन हुआ। जिसमें 05/14 निर्वाचित संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना से परिवर्तित होकर संस्था से प्राथमिक सदस्या खो चुके हैं साथ ही संचालक बोर्ड में रिक्त पांच पदों पर अब तक निर्वाचन न होना संपूर्ण प्रक्रिया को गलत साबित करता है। यह आरोप प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संचालक सहकारी सेवा समिति नवागढ़, बेमेतरा, जितेन्द्र सिंह भुवाल ने लगाया।

पत्रकारवार्ता में भुवाल ने बताया कि उक्त मामले में भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम के अध्यक्ष दानेश्वर सिंह परिहार ने भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पर्ची जारी करने में कारखाना प्रबंधन द्वारा पैसे का लेनदेन कारखाना के डायरेक्टरों द्वारा नियम विरूद्ध दो हजार अतिरिक्त पर्ची निकालकर कम रेट में गन्ना खरीदी एवं बिक्री से संबंधित पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर जिला कबीरधाम को दिया था। उक्त मामले में अपर कलेक्टर ने संपूर्ण प्रक्रिया की जांच के उपरांत गन्ना पर्ची की अवैध निकासी के संबंध में लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए। इसके बावजूद भी सहकारिता मंत्री द्वारा मामले में कार्यवाही नहीं करना हजारों किसानों के हितों पर कुठाराघात है।

लालन-पालन

रायपुर (नवप्रदेश)। सिर्फ मातृत्व की जिम्मेदारी इंसानों में नहीं पशु-पक्षियों में भी होती है। ऐसा ही एक नजारा कैमरे में कैद हुआ, जिसमें मादा चिड़िया अपने चिड़े को बार-बार दाना चुगकर लाती और भूख से बेहाल अपने बच्चे की चोंच पर चुगाती। बता दें प्रदूषण के तेज से पैर पसाने के कारण इस गौरेय्या प्रजाति के पक्षी अनायास ही नजर आते हैं।

बड़ा सवाल | वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिये सीएजी रिपोर्ट पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया

भाजपा 20 हजार करोड़ खर्च न कर पाने का जनता को दे हिसाबः शैलेष

भाजपा सरकार में लोकऋण 2017-18 में 30377.45 करोड़ से बढ़कर 39030.01 करोड़ हो गया, 28 प्रतिशत की लोकऋण में वृद्धि

लंबित लेखा वाले सार्वजनिक उपक्रमों को बजटीय सहायता देने के औचित्य पर भाजपा जवाब दें

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिये सीएजी रिपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा सरकार बजट को बढ़ा चढ़ाकर प्रदर्शित करती रही और साल दर साल 20000 करोड़ का व्यय न कर पाने का जनता को हिसाब दें। वर्ष 2017-18 में व्यय (भारित एवं मतदेय) के लिये 91011.85 करोड़ रू. एवं व्यय में कमी (वसूलियां) के लिये 2656.16 करोड़ रू. का सकल बजट प्रावधान किया गया था।

इसके विरूद्ध वास्तविक सकल व्यय 69712.30 करोड़ रू. था तथा व्यय में कमी (वसूलियां) 2111.88 करोड़ रू. था, परिणामस्वरूप व्यय में 21299.55 करोड़ रू. (30.55 प्रतिशत) तथा व्यय में कमी में 544.28 करोड़ रू. की सकल बचत हुई।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा सरकार में लोकऋण 2017-18 में 30377.45 करोड़ से बढ़कर 39030.01 करोड़ हो गया, 28 प्रतिशत की लोकऋण में वृद्धि हुई। श्री त्रिवेदी ने कहा है कि लंबित लेखा वाले सार्वजनिक उपक्रमों को बजटीय सहायता देने के औचित्य पर भाजपा जवाब दें। लंबित लेखों वाले सार्वजनिक उपक्रमों को बजटीय सहायता - राज्य शासन द्वारा 10 सार्वजनिक उपक्रमों को उस अवधि में जिसमें उनके लेखे 31 मार्च 2018 तक लंबित थे, 9463.02 करोड़ रू. की बजटीय सहायता (अनुदान एवं आर्थिक सहायता) प्रदान की तथा दायित्व (प्रतिभूति) स्वीकार किया। इन सार्वजनिक उपक्रमों ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण रूप से उल्लंघन करते हुये विगत 1 से 4 वर्षो के लखों को अंतिम रूप प्रदान नहीं किया गया।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि अनुपयोगी अनुपूरक अनुदान व्यय का 10 प्रतिशत कैसे पहुंचा? भाजपा सरकार ने वित्तीय अनुशासन की धज्जियां उड़ायी। अनुपयोगी अनुपूरक अनुदान - वर्ष 2017-18 के दौरान 7640.24 करोड़ रू. का अनुपूरक अनुदान (कुल व्यय का 10 प्रतिशत) प्राप्त किया गया। कुल अनुपूरक अनुदान में से 4181.65 करोड़ रू. अनावश्यक सिद्ध हुआ यद्यपि वर्ष के अंत में मूल आबंटन के विरूद्ध बड़ी बचत शेष रही थी।

देश में अनाचार की घटनाओं में हो रही वृद्धि चिंताजनक

आईपीसी की धाराओं में संशोधन जरूरी -डॉ. मिश्रा

देश में लड़कियां कहीं भी सुरक्षित नहीं, कानून व्यवस्था बदहाल-डॉ. तिवारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। हैदराबाद सहित संपूर्ण देश में इन दिनों अनाचार की घटनाओं में वृद्धि होने से घर से बाहर निकलना पढ़ना लिखना और कामकाज करना युवतियों के लिए कठिन हो गया। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जब बच्चियों से लेकर प्रौढ़ महिलाएं तक सड़कों से लेकर बस, ट्रेनों में छेड़छाड़ का शिकार न होती हों। हैदराबाद में वेटनरी डॉक्टर के साथ जिस तरह से वहशी दरिंदों ने अनाचार कर उन्हें आग के हवाले कर मौत दी। वह कम उम्र की छात्राओं के लिए रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना है। उक्त तीखी प्रतिक्रिया हैदराबाद में हुई अमानवीय घटना पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा न व्यक्त करते हुए केंद्रीय विधिमंत्रालय एवं संसद से आईपीसी की धारा 376 के तहत हुए अनाचार/सामूहिक अनाचार के अपराधियों को सीधे फांसी देने का संशोधन करने की मांग की है।

डॉ. मिश्रा के अनुसार मध्यप्रदेश विधानसभा ने शिवराज सिंह चौहान की सरकार के समय अवयस्क बच्चियों के साथ अनाचार करने वालों को फांसी की सजा देने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया था। उक्त संकल्प छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित हुआ था। बावजूद इसके अनाचार की घटनाएं घटने के बजाय लगातार बढ़ी ही रही है।

उक्त घटनाक्रम में एक अन्य आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. चंद्रमणी तिवारी ने उक्त घटनाक्रम के लिए मां बाप को भी जिम्मेदार ठहराया है। डॉ. तिवारी के अनुसार मां बाप अपने पुत्र-पुत्रियों की दिनचर्या पर ध्यान नहीं देते हैं। सिर्फ पैसे से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कर अपने दायित्व का निर्वहन कर लेते हैं। जबकि बदलते समय में बच्चों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों पर मां बाप को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। डॉ. तिवारी ने संसद भवन के सामने अनु दुबे द्वारा दिल्ली में किए गए धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए दिल्ली सरकार से यह जानना चाहा है कि व्यक्ति को अमानुषिक घटनाक्रम पर विरोध करने का अधिकार है या नहीं जिस तरह से अनु के साथ पुलिस थाने में चार घंटे तक यातना का दौर चला डॉ. तिवारी के अनुसार यह लोकतंत्र को कुचलने की गंभीर साजिश है जिस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में गंभीर अपराधों को सहन करने के अलावा देशवासियों के पास कोई चारा नहीं बचेगा।

संपादकीय

हदें पार हैवानियत

हैदराबाद की घटना ने पूरे देश का दिल दहला दिया है। वह पशु चिकित्सक युवती जिसने पशुओं की पीड़ा को दूर करने का बीड़ा उठाया था उसके साथ चार दरिंदों ने पाश्विक अत्याचार किया और उसे जिंदा जलाकर मार डाला। इस घटना ने दिल्ली के निर्भया कांड की यादें ताजा कर दी है जिसके आरोपियों को घटना के छह साल बाद भी मौत की सजा नहीं मिल पाई है। उसमें से एक नाबालिग आरोपी जिसने सबसे ज्यादा क्रूरता की थी वह रिहा हो चूका है। यही नहीं बल्कि उसे दिल्ली सरकार ने नगद दस हजार रुपए और एक सिलाई मशीन भी दी थी। हैदराबाद विभत्स घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को भी पता नहीं कब और कैसी सजा मिलेगी। सरकार ने रेप और हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा देने का प्रावधान जरूर किया है लेकिन कड़े कानून बन जाने के बाद भी हैवानियत रूकने का नाम नहीं ले रही है। पता नहीं कब यह हैवानियत रूकेगी। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरता जब महिलाओं पर अमानसिक अत्याचार की खबरों से अखबार अटे नहीं पड़े होते। रेप की अधिकांश घटनाओं में तो पीड़ित पक्ष रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कराता। इसकी वजह यह है कि कानून से पीड़ित को या तो न्याय ही नहीं मिलता या फिर इतनी विलंब से न्याय मिलता है कि वह अन्याय के रूप में तब्दील हो जाता है। जो घटनाएं पुलिस तक पहुंचती है और ऐसे मामले न्यायालय में जाते है उसके निपटारे में कई साल लग जाते है। रेयर केस में ही फार्स्ट ट्रैक कोर्ट में मामलों की सुनवाई होती है और आरोपियों को सजा मिल पाती है। आज जरूरत इस बात की है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचार के मामलों की फार्स्टकोर्ट में ही सुनवाई हो और अपराधियों को जल्द-जल्द और कड़ी-कड़ी से सजा मिले तभी अपराधियों में कानून का डर पैदा होगा। अन्यथा इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति घटनाओं को रोक असंभव की हद तक कठिन हो जाएगा। बलात्कारियों के लिए सिधे फांसी की सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। यदी आरोपी नाबालिग निकलता है तो उसके बालिग होने की प्रतिक्षा की जाए और फिर उसे कठोर दंड दिया जाए। जब तक कानून का खौफ पैदा नहीं किया जाएगा। तब तक यह हैवानियत नहीं रुकेगी।

विचार

नए साथी, नई सरकार

महाराष्ट्र में लंबे राजनीतिक ड्रामे के बाद शिवसेना-एनसीपी और कांग्रेस की सरकार बन गई है। यह सिर्फएक नई सरकार का बनना नहीं है बल्कि एक नए तरह के सियासी प्रयोग की शुरुआत भी है। तीनों दलों ने सरकार बनाने से पहले बाकायदा अपने गठबंधन के नाम का ऐलान किया और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी जारी कर दिया। यह गठबंधन 'महा विकास अघाड़ी' कहलाएगा। कॉमन मिनिमम प्रोग्राम की शुरुआत में ही कहा गया है कि गठबंधन संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध है। इसमें किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं के लिए कई तरह के ऐलान किए गए हैं। कह सकते हैं कि देश में गठबंधन राजनीति अपने एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। इस दौर में पोस्ट-पोल अलायंस ज्यादा मायने रख रहा है। हाल में कई ऐसे उदाहरण देखे गए कि जिन पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा, बाद में उन्होंने मिलकर सरकार बना ली। कर्नाटक और हरियाणा इसका ताजा उदाहरण हैं। रिश्ते अब सत्ता के समीकरण के आधार पर बन रहे हैं, सिद्धांत और विचारधारा के आधार पर नहीं। दो भिन्न विचारधाराओं वाले दलों ने पहले भी गठबंधन किया है, इसलिए इस एतराज में कोई खास दम नहीं है कि शिवसेना और कांग्रेस दो अलग-अलग विचारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। बिहार में जेडीयू सुप्रीमो नीतीश कुमार थोड़े-थोड़े समय बाद यह जताने से नहीं चूकते कि उनके विचार बीजेपी से अलग हैं लेकिन बिहार के हित के लिए वे उसके साथ हैं। बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में विपरीत विचार वाले दलों के साथ समझौते किए हैं। असल बात अंडरस्टैंडिंग और वोटों के संतुलन की है। अगर दो दल एक-दूसरे के आधार में सेंध नहीं लगाते तो कोई समस्या नहीं आती। महाराष्ट्र में देखने की बात यह होगी कि तीनों सहयोगी दल एक-दूसरे के स्पेस का ख्याल रख पाते हैं या नहीं। इसी तरह तीनों दलों के नेताओं में कितना समन्वय रह पाता है, इस पर भी सबकी नजर रहेगी। अभी तीनों का ही लक्ष्य बीजेपी को सत्ता में आने से रोकना था, इसलिए उनमें आसानी से एकता बन गई लेकिन सरकार चलाने के क्रम में कई तरह के हित एक-दूसरे से टकराते हैं।

टेक ज्ञान

32 हजार तक सस्ते हुए स्मार्टफोन

नई दिल्ली। साल 2018-19 में कई शानदार स्मार्टफोन लॉन्च हुए हैं। दुनियाभर की लगभग सभी बड़ी कंपनियों ने बीते कुछ महीनों में भारत में अपने प्रीमियम और बजट रेंज के कई स्मार्टफोन्स को लॉन्च किया है। लॉन्च हुए इन स्मार्टफोन्स ने जहां यूजर्स को काफी आकर्षित किया वहीं, लॉन्च के कुछ दिन बाद इन डिवाइसेज को मिले प्राइस कट ने इनकी बिक्री को भी काफी बढ़ाया। अगर आप भी नए साल का स्वागत शानदार फीचर वाले किसी प्रीमियम या बजट स्मार्टफोन से करना चाहते हैं, तो हम आपकी मदद कर रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही स्मार्टफोन्स के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप अभी घटी हुई कीमत के साथ खरीद सकते हैं।

विद्रोही वेदांती का विवेक

कनक तिवारी

> दुनिया को लगा जैसे पुराण के पन्नों में जान पड़ गई हो। जैसे भारत के विद्रोही सन्तों की आत्मा का स्वर इस युवा संन्यासी के कंठ की परतों को चीर कर समा गया हो। जैसे दुर्गा सप्तशती की विद्रोहिणी भाषा इतिहास बदलने को गरज उठी है। यह बोली केवल विवेकानंद की नहीं थी। उनके गुरु परमसिद्ध श्रीरामकृष्णदेव की शिक्षाओं का सार थी। यह भारत की बोली थी। यह भारत के इतिहास, उसकी समन्वयवादी संस्कृति और उसकी एक विश्ववाद की पैरवी की बोली थी। उस रात वह युवा विचारक एक अमीर के घर में मेहमान बना सो नहीं पाया। आंसुओं से तकिया भींग गया। मर्मान्तक पीड़ा से बेचैन वह धरती पर यानी अपनी मां की गोद में लेटकर चीखता है...'ओह मां! नाम और प्रसिद्धि लेकर मैं क्या करूंगा जब मेरी मातृभूमि अत्यंत गरीब है। कौन भारत के गरीबों को उठायेगा? कौन उन्हें रोटी देगा? हे मां! मुझे रास्ता दिखाओ, मैं कैसे उनकी मदद करूं?'

गरीबों के प्रति विवेकानंद की करुणा यकबयक, अचानक भूकम्प या ज्वालामुखी के लावा की तरह पदार्थिक नहीं है। उसका प्रचार उनके अनुयायी भी कहीं कहीं करते हैं। भारत के अतीत की फ़क़त आध्यात्मिक उपलब्धियों की कुछ लोग डींगें मारते हैं। उनसे विवेकानंद खुद को अलग करते हैं। वे भारत की भौतिक समृद्धि से भी बेखबर नहीं हैं। वे देश में अमीरी का यूरोप नहीं उगाना चाहते, लेकिन गरीबी, अशिक्षा, कमजोरी को राष्ट्रीय अभिशाप मानते हैं। स्वामी जी ने कहा था, 'मैं समाजवादी हूं।' समाजवाद के प्रति उनके संदेह भी थे। उन्होंने भविष्यवाणी की आगे चलकर शूद्रों का ही शासन होगा। सर्वहारा पहले रूस और फिर चीन में सियासी क्रांति करेगा। वे चाहते थे भारत में सर्वहारा के पक्ष में सत्ता का हस्तांतरण हो लेकिन हिंसक नहीं हो।

विवेकानंद की राय में भारत अपने आदर्शों लेकिन उलट व्यवहार के घालमेल का देश बनाया गया है। वे घातक, अन्यायपूर्ण और अर्थहीन जाति प्रथा के खिलाफथे। उनके भाषण, लेख और चिट्ठियां इस समाजविरोधी आचरण के खिलाफ लगातार होते आह्वान हैं। जातिप्रथा ने सदियों से इस देश के सामाजिक इतिहास को कलंकित किया है। भारत का पतन उसी वक्त तय हो गया, जब उसने 'म्लेच्छ' शब्द ईजाद किया। 'म्लेच्छ' शब्द के इतिहास में कई अनुवाद होते रहे। 'शूद्रों' या 'अछूतों' के लिए भी पैदा किए शब्द ने उन्नीसवीं सदी के अन्त में विवेकानंद की आत्मा को झकझोरा। उन दिनों हिन्दू पुरोहितों का जमावड़ा इस समस्या के उत्पादक की अपनी भूमिका के लिए आत्ममुग्ध रहा था। अनोखी ओजपूर्ण शैली में विवेकानंद कहते हैं। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में जो दोष व्याप्त थे उनकी अनदेखी विवेकानंद ने नहीं की। वे ऐसे प्रदूषित परिवेश को जड़ से उखाड़ देना चाहते थे।

यह दुर्भाग्य है कि धार्मिक और आध्यात्मिक शक्तियों का प्रवचन करने वाले तत्वों ने ही उनका शोषण किया है। कालजयी चिरपरिचित भविष्यत शैली में विवेकानंद ने जनघोष किया था: ('तुम लोग शून्य में विलीन हो जाओ और फिर एक नवीन भारत निकल पड़े। निकले हल पकड़कर, किसानों की कुटी भेदकर, जाली, माली, मोची, मेहतरों की झोपड़ियों से। निकल पड़े बनियों की दूकानों से, भुजवा के भाड़ के पास से, कारख़ाने से, हाट से, बाज़ार से। निकले झाड़ियों, जंगलों, पहाड़ों, पर्वतों से। इन लोगों ने सहस्त्र सहस्त्र वर्षों तक नीरव अत्याचार सहन किया है,-उससे पायी है अपूर्व सहिष्णुता। सनातन दुःख उठाया, जिससे पायी है अटल जीवनी शक्ति। ये लोग मुट्ठी भर सत्तू खाकर दुनिया उलट दे सकेंगे। आधी रोटी मिली तो तीनों लोक में इतना तेज न अटेगाद्? (विवेकानंद साहित्यः अष्टम खण्ड, पृष्ठ 167)।

विवेकानंद ने भाषायी अभिव्यक्तियों को ताजातरीन अर्थ देने नये शब्द गढ़े थे। पोंगापंथी, रूढ़िवादी समझ के लिए उन्होंने 'रसोई धर्म' जैसा शब्द गढ़ा। छुआछूत के विरुद्ध विवेकानंद ने आजीवन संघर्ष किया। मानमदुरा के अपने प्रसिद्ध भाषण में विवेकानंद ने कहा था ('हमारे धर्म के लिए भय यही है कि वह अब रसोईघर में घुसना चाहता है। हममें से अधिकांश मनुष्य इस समय न तो वेदान्ती हैं, न पौराणिक और न तांत्रिक; हम हैं 'छूतधर्मी अर्थात् 'हमें न छुओ' इस धर्म के माननेवाले। हमारा धर्म रसोईघर में है। हमारा ईश्वर है 'भात की हांड़ी' और मंत्र है 'हमें न छुओ, हमें न छुओ, हम महा पवित्र हैं।' अगर यही भाव एक शताब्दी और चला, तो हममें से हर एक की हालत पागलखाने में क़ैद होने लायक हो जायगी। (विवेकानंद साहित्यः पंचम खण्ड, पृष्ठ 64)। छुआछूत की बीमारी के खिलाफ विवेकानंद का जेहाद यकबयक नहीं था। इसी कालजयी आशंका ने बीसवीं सदी के पांचवें दशक में भारतीय संविधान की बन्दिश के रूप में खुद को चस्पा किया। भारतीय समाज के मानसिक रोगी में तब्दील होते जाने की विवेकानंद की घबराहट एक ऐतिहासिक तथ्य ही तो है। क्या वजह है विवेकानंद अपनी चेतावनियों में आमफ़हम भाषा में कथन, उद्धरण और प्रतीक चुनते हैं। वे सामान्य जन की स्वीकार्यता के लिए मौजूं रहे हैं। विवेकानंदकालीन भारत जड़ समाज था। निरक्षरता, कूढ़मगजता, कूपमंडूकता, रूढ़िवादिता से भी जकड़े समाज के आह्वान के लिए बुद्धिमय, कठिन और सांकेतिक भाषा में संवाद करने का बौद्धिक माहौल नहीं था। उनकी रणनीति केवल पढ़े लिखे भारतीयों को सम्बोधित करने की नहीं थी। 'रसोईघर' के लोकप्रिय जुमले के जानबूझकर चुने गए प्रतीक के जरिए विवेकानंद घरेलू स्त्रियों से सीधा संवाद करना चाहते हैं। उससे छुआछूत के खिलाफसामाजिक संघर्ष में महिलाओं का साथ लिया जा सके। मजहबी आडम्बरों के मकड़जाल में फंसे समाज को पंडों पुरोहितों और (आज की तरह) पाखंडी साधुओं के आक्टोपस-गिरोह के रहते उठ खड़े होने की विरोधी आवाज़ आमफ़हम भाषा की बानगियों में ही मयस्सर थी।

राजनीति में ब्राह्मणत्व के सहारे सत्ता के समीकरणों को हल करने की कोशिश में लगे दक्षिणपंथी तत्व विवेकानंद के विस्फोटक विचारों से जानबूझकर कन्नी काटते रहे हैं। दक्षिणपंथी संदिग्ध व्याख्या विवेकानंद को इतिहास में ठीक ठीक पेश नहीं करती। कई समाजवादी विचारकों ने भी साहसिक, मौलिक और गैरजरूरी अभियान के तहत विवेकानंद के वामपंथ को दरकिनार भी किया है। उन्नीसवीं सदी के दकियानूस, मजहबबाधित और जाहिल हिन्दू समाज के रहते विवेकानंद जो कुछ कह पाए। उसे मौजूदा सदी के चश्मे से भी देखा जाए। अपने वक्त से पहले कह पाने का साहस विवेकानंद के कथन की भविष्यमूलकता को उकेरता है। विवेकानंद के विचारों का उल्था करने मौजूदा भाषा की मदद की ज्यादा जरूरत है। उनके विचारों में तत्कालीन शब्दों के मायनों से कहीं ज्यादा भविष्य के संकेत छिपे हैं। कालजयी आह्वान इसी तरह होते हैं। उनमें फक़त वक्ती तेवर नहीं होते। विवेकानंद के आरोप इसलिए आज के समाज पर उसी तरह चस्पा हैं। विवेकानंद छुआछूत की बीमारी के पहले चश्मदीद भुक्तभोगी भी नहीं थे। उनका मनुष्यसमर्थक विद्रोह उनकी प्राथमिक करुणा का अंतिम ड्राफ्ट था। वे बार बार कहते हैं, 'मत छुओवाद' एक तरह की मानसिक बीमारी है। छुआछूत को शिक्षित मस्तिष्क से उपजी घृणा से आगे बढ़कर तथाकथित कुलीन वर्ग को ही मानसिक रोगी घोषित कर देना एक खतरनाक स्थापना भी रही है। विवेकानंद के अनुसार एक संतुलित दिमाग ऐसी खतरनाक बीमारियां सामाजिक व्यवहार के लिए पैदा नहीं कर सकता। मनोविकार विशेषज्ञ बताते हैं डरा हुआ मनोरोगी ही 'मत छुओ' जैसी बीमारी का शिकार होता है। स्पर्श करना मूक भाषा में इन्सानी मौसम की फुलझड़ी जलाना है। वह मनुष्य का कुदरती, नैतिक और इरादतन आचरण है। खिलाफ आचरण करना इन्सान के ही प्रति अविश्वास है। बीमारी का इलाज चीरफाड़ की क्रिया द्वारा भी होता है। विवेकानंद आदेश देते हैं, 'ऐसी प्रथा को लात मारकर बाहर निकालो।' अपनी थ्योरी के समर्थन में यह भी कहते हैं। 'अपने तमाम शैक्षणिक दावों और आधुनिकता के साथ विवेकानंद वर्ण व्यवस्था के पक्ष में तर्कपूर्ण तथा मौलिक नस्ल की वकालत की। वे वर्णव्यवस्था और जाति प्रथा में भेद करते हैं। जाति प्रथा के वहशीपन के खिलाफजीवन भर जेहाद करते रहे। रूढ़ियों से उन्हें बेसाख्ता नफरत थी। (कम्पलीट वर्क्स ऑफ स्वामी विवेकानंद भाग-5,पृष्ठ 106)

11 सितम्बर 1893। शिकागो के आर्ट इंस्टीट्यूट के विशाल सभाकक्ष में आयोजित धर्म संसद में सन्ध्या के सत्र में एक फ्रांसीसी पादरी के अनुरोध पर भाषण देने युवा भारतीय संन्यासी खड़ा होता है। हृष्टपुष्ट देह, आत्मिक तेज से दमदमाता चेहरा लिये यह गेरुआ वस्त्रधारी संन्यासी कालजयी वाणी में शुरुआत करता है, 'अमेरिकावासी बहनों और भाइयों!' इतना सुनते ही विशाल सभाकक्ष में अन्तहीन तालियां बजने का सिलसिला शुरू होता है। पहली बार अमीर अमेरिका के लोगों को लगा उनके संसार के बाहर भी दुनिया है। कोलम्बस द्वारा अमेरिका को खोजे जाने के चार सौ सालाना जश्न के अवसर पर आयोजित समारोह में इस संन्यासी ने इतिहास की परतों को चीर कर फेंक दिया। साबित किया दुनिया के सभी धर्मों का एक उद्देश्य है 'सत्य की स्थापना'।

रेप : नैतिक पतन के चरमोत्कर्ष पर रुदन का हहराता स्वर

रश्मि सुमन

> ऐस लोग अंदर से कुंठित होते हैं जिससे खुद को ये समाज में समायोजित नहीं कर पाते।इन लोगों को जैसे ही कोई आसान शिकार दिखाई देता है वो उसे अपना निशाना बना लेते हैं और उसे नुकसान पहुंचाते हैं, ये एक पाशविक मनोवृत्ति होती हैं। रेप के बाद अपने शिकार को शारीरिक नुकसान पहुंचाना दरअसल रेपिस्ट को एक सैडिस्टिक प्लेज़र यानी परपीड़क सुख देता है।

हमारी भारतीय संस्कृति में रावण जैसे अपहर्ता को आज तक माफी नहीं मिली, बल्कि प्रतिवर्ष पुतले जलाकर हम अपना विरोध दर्ज करते हैं, महाभारत में अपमान की ज्वाला में धधकते हुए प्रतिशोध के तौर पर एक स्त्री के चीरहरण का असफल प्रयास और आज के दौर में फूलन देवी का सामूहिक गैंगरेप तथा 21 दिनों तक नगन्नावस्था मे कुएँ से पानी भरवाना, अपनी ज़िंदगी को भरपूर जीती दिल्ली की निर्भया का नाबालिग द्वारा बलात्कार कर उसकी वीभत्स हत्या, कठुआ, अलवर, (मंदसौर- सात साल की बच्ची), (यू पी लखीमपुर -छः साल की बच्ची) सेक्टर-14 पंचकूला लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल- पांच साल की बच्ची, और अब अलगढ़ की ढाई साल की सुकोमल नन्ही, और अब हैदराबाद की डॉ प्रियंका उफ़्फ़्फ़...रोंगटे खड़े कर देने वाली वीभत्स कुत्सित मानसिक सोच को अंजाम देती घटना.... सच कहूँ तो यहाँ लड़के भी सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या रातों रात हमारी संस्कृति में इतने बदलाव हो गये?

अगर देखा जाये तो स्त्री का शोषण व अपमान करने के लिये पुरूष प्रधान समाज ने कई तरीके ईजाद किये हुए हैं, जिसमें सबसे आसान और घातक तरीका है बलात्कार। शोषण किसी के भी साथ हो या किसी भी प्रकार का हो, इसमें वशीभूत होकर इंसान दूसरे पर नियंत्रण करना चाहता है, अपनी अहं की तुष्टि करना चाहता है। जिन लड़कियों को घर में खुल कर जीने की आजादी नहीं होती, जहाँ जेंडर डिस्क्रिमिनेशन होता हो ,जिन घरों में पिता बेटियों के सर पर

हाथ नहीं फेरते,या पिता बेटी पर हाथ नहीं उठाते बल्कि माँ से पिटवाते हैं , ऐसी घरों की बच्चियाँ काफी तनावपूर्ण माहौल में डरी सहमी सी रहती है। जरा सा भी कोई प्रेम से बात कर ले तो उन्हें यह अपना समझने लगती हैं। अपने मन की बात व परेशानी यह अपनी माँ या सहेलियों से भी नहीं कर पातीं। ऐसी ही लड़कियों को जब कभी परेशान देखकर उनसे दोगुनी उम्र का शिक्षक/पड़ोस के अंकल/ ड्राइवर या कोई सगा सम्बन्धी सर से पीठ पर अंतर्वस्त्र टटोलते हुए व हाथ फेरते हुए कहता है कि तुम उदास अच्छी नहीं लगती, खुश रहा करो, तो उसे लगता है यही फिक्र प्रेम है जो उन्हें बरगलाने के लिये काफी होता है। जिन घरों में भाई कभी बहन को गले नहीं लगाते, वो लड़कियां जब सुकून के लिये कुछ देर प्रेमी को गले लगाती हैं जो गले लगाने के बहाने उनकी स्तन को दबा देते हैं, लड़की को लगता है यही छिछोरापन प्रेम है, पर हकीकत में वो बलात्कार की तरफ उठता पहला कदम है जिसे यह भोली लड़कियाँ नहीं समझ पातीं। अब प्रश्न यह उठता है कि मासूम बच्चे ही क्यूँ इनके निशाना बनते हैं? क्योंकि इन्हें लगता है कि बच्चे शिकायत नहीं करेंगे ,साथ ही साथ बच्चों को आसानी से डराया-धमका कर अपनी कामुक तुष्टि भी बड़ी आसानी से की जा सकती है ।

मनोविज्ञान की नज़र से देखा जाये तो चूँकि ऐसे लोग खुद को सेक्सुअली कमज़ोर समझते हैं इसीलिए भी बच्चों को निशाना बना कर अपना टेस्ट करना चाहते हैं कि वो सेक्स कर सकते हैं या नहीं, जिसे पीडोफ़ाइल या बालप्रेमी भी कह सकते हैं जिन्में बच्चों के साथ ही शारीरिक संबंध बनाकर इन्हें संतोष मिलता है। हालाँकि इस तरह के पाशविक मानसिकता वाले आमतौर पर 25 से 35 साल से कम की आयु के होते हैं जिनमें ऐसी विकृत मनोभावना पाई जाती है,क्योंकि इस आयुवर्ग में दिमाग के भीतर बहुत ऊर्जा होती है और शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा भी प्रबल होती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुद की रक्षा आज तुम्हे करनी होगी खुद

खुद की रक्षा आज तुम्हे करनी होगी खुद ही। सजा मुकर्रर दुश्मन के लिए करनी होगी खुद ही । कुछ कदम रखो देखभाल व पहचानो नियत लोगो की उठाओ आज हथियार करो कत्ल जुल्मी का खुद ही।
सविता वर्मा ग़ज़ल

यह दुनिया प्रकृति की आगोश में ही नूर

यह दुनिया प्रकृति की आगोश में ही नूर अपना पाएगी खूबसूरती बरकरार रख यूँ ही खुशिया खूब मनाएगी इस वास्तविकता को जान प्रकृति को बचाने में जब जुट जाएगी तब ही जीवन को अपने महका पाएगी ?
रेनू शर्मा 'शब्दमुखर'

ख़ास पाती | हर 'आदमी' चाहता है, कि औरत

हर 'आदमी' चाहता है, कि औरत बन जाए अहिल्या ताकि उष्णता गर्मियों की सोख सके वो पाषाण ...बनकर! फिर बारिश से अपने अनुरूप शीतल किया जा सके उसे! ताकि सर्दियों में, बैठ उसपर धूप में नहा सके वो! अहिल्या ने भी तो, फिर चाहा हमेशा के लिए बस पाषाण ही ...हो जाए! लेकिन कहाँ आसान होता है पाषाण बन जीना! ढूढ़ने चला आता, फिर से कोई 'आदमी' उसमें संवेदना! **सरिता खोवाला**

सज़ा प्रावधान के साथ साथ

सज़ा प्रावधान के साथ साथ प्राथमिक शिक्षा से अंतिम शिक्षा तक नारी के सम्मान और अस्मिता को बाल्यकाल से नही पढ़ाया जाएगा तो स्तिथि भयावह होती जाएगी । नारी की वीरता के पाठ भर पढ़ा देने से लक्ष्मीबाई या दुर्गावती तो देश मे स्थान पा सकती हैं परन्तु पुरुष वर्ग की समझ और सोच नारी के प्रति नही बदल सकती जिसने नारी को सिर्फभोग्या समझने की भूल कर रखी है। **अजय फलक**

क्या हैदराबाद के दरिंदो को वकील

क्या हैदराबाद के दरिंदो को वकील नहीं मिलेगा या मानवाधिकार या तुष्टि करण के नाम पे इनके समर्थक नहीं मिलेंगे? अगर सा है तो साउदी जैसे कड़े कानून या बीच चौराहे पर फांसी वाले बोलबचन का पोंगरी बनाकर मुंह मे लेलो और बड़का बड़का ज्ञान ना चेंपो ?? **अंबर दानी**

अपने अंदर का इंसान, एकबार

अपने अंदर का इंसान, एकबार जगाकर तो देखो, थोड़ा शख्त सा कानून, एकबार बनाकर तो देखो। बंद हो जाएंगे ये सारे घृणित से घृणित अपराध भी, बलात्कारियों को जिन्दा एकबार जलाकर तो देखो। **राठौड़ मुकेश**

लेखन ऐसा हो, जो चेहरे पर मुस्कुराहट

लेखन ऐसा हो, जो चेहरे पर मुस्कुराहट लाने में भी सफ्ल हो.. वरना दुख-दर्द, नीरसता, बोझिलपन किसकी जिंदगी में नहीं है.. उस पर कुछ एकतरफा भाव से लबरेज़ रचनाएं.. दिल और दिमाग को और बोझिल बना देने में सफ्ल होता है..!! **मिनाक्षी सिंह**

कुछ काले साये बीते अतीत के पर्त

कुछ काले साये बीते अतीत के पर्त दर पर्त मन को... दे जाते हैं ना जाने कितने दर्द, कितने जख्म कितने कभी ना भरने वाले घाव जीवन को... वो घाव तेजाब सा टीस देकर झुलसाते रहते हैं उम्र के हर मोड़ पर मन व तन को...। **पूनम राजपूत**

नाखून बढ़ना पशुता की निशानी है

नाखून बढ़ना पशुता की निशानी है भला कोई रोक पाया हैं नाखून को बढ़ने से?? आज पूरा समाज शर्मसार है पुरुष को जन्म देने वाली माँ फिर से एक बार लाचार हैं?? नफरतों की मस्जिद टूट जाएगी राम जी का आशियाना भी बना जाओगे एक निर्भया को तो मिला नही न्याय क्या मुझको न्याय दिला पाओगे।
शत्रुंजय तिवारीह्र

लघु कथा

पड़ाव

साहित्य की कोई भी विधा हो, जब वह विकास करती है, तो उसमें अनेक पड़ाव आते हैं जो उसके विकास को गति देते हैं ।लघुकथा भी इस तथ्य का अपवाद नहीं है । यों तो लघुकथाओं का उद्भव विद्वानों ने वेदों से माना है किन्तु जहाँ तक हिन्दी साहित्य का प्रश्न है तो डॉ राम निरंजन परिमलेन्दु के अनुसार, 1874 ई में बिहार के सर्वप्रथम हिन्दी साप्ताहिक पत्र 'बिहार बन्धु' में कतिपय उपदेशात्मक लघुकथाओं का भी प्रकाशन हुआ था। इन लघुकथाओं के लेखक मुंशी हसन अली थे जो बिहार के प्रथम हिन्दी पत्रकार भी थे। इसके पश्चात् 1875 में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की लघुकथाओं का संकलन 'परिहासिनी' प्रकाश में आया। 1885 ई के आसपास तपस्वी राम ने पर्याप्त लघुकथाएँ लिखीं ,जो उनकी पुस्तक 'कथा-माला' में संगृहीत हैं । उनकी ये लघुकथाएँ नीति-कथाओं के निकट होते हुए भी वर्तमान लघुकथा की परंपरा की आरंभिक कड़ियों का सुखद एहसास कराती हैं। सन् 1912 के आसपास ईश्वरी प्रसाद शर्मा ने 'गल्पमाला', 'ईसप की कहानियाँ भाग-3', 'पंचशर' आदि लघुकथा संकलन संपादित किये। 1924 ई में आचार्य शिवपूजन सहाय की लघुकथा 'एक अद्भुत कवि' कलकत्ता से प्रकाशित पत्रिका 'मारवाड़ी' में प्रकाशित हुई थी। 1928 ई में लक्ष्मी नारायण 'सुधांशु' ने साहित्य में स्वीकृत नौ रसों में प्रत्येक रस पर एक-एक लघुकथा लिखी, जिनमें हास्य और व्यंग्य रस पर लिखी उनकी लघुकथाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 02 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1804- नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई। 1908 - यंग सम्राट पुइ 2 साल की उम्र में चीनी सिंहासन पर बैठे। 1911 -जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा-रानी बनें। 1918- प्रमुख शिक्षाशास्त्री एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय के पहले भारतीय कुलपति गुरुदास बनर्जी का निधन। 1954- अमेरीका और नेशनलिस्ट चीन के बीच सुरक्षा संधि हुई। 1937- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी का जन्म हुआ। 1971- संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की। 1989- विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने। 1993 - नासा ने अंतरिक्ष शटल 'एन्डेवर' को लॉन्च किया।

पहले महिला ने जिसे बताया गुनाहगार अब उसी को छुड़वाने लगा रही गुहार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बुजुर्ग महिला से मारपीट करने वाले। व्यक्ति को पुलिस ने शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया अब वही महिला छुड़ाने की गुहार लगा रही है जिसका कहना है पुलिस ने अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लाई है । मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर के खैरखुंडी गांव में रहने वाली बुजुर्ग महिला भगवंती सूर्यवंशी ने 30 नवंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि उसने अपने घर में निराश्रित पेंशन के 400 रु रखे हुए थे जिसे किसी ने रात में चुपके से निकाल लिया। भगवंतीन को शक हुआ कि यह पैसे उसके पड़ोसी अजय सूर्यवंशी ने निकाले हैं , जिस पर उन्होंने उस पर शक जाहिर करते हुए उससे पूछताछ की तो इससे नाराज होकर अजय सूर्यवंशी ने बुजुर्ग महिला पर चाकू और लोहे की छड़ से हमला कर दिया, साथ ही उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की भी धमकी दी। इसके बाद हंगामा सुनकर आसपास के लोग के साथ महिला ने रतनपुर थाने में पहुंचकर अजय सूर्यवंशी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अजय सूर्यवंशी की गिरफ्तारी की तो फिर अचानक से मामले में अजीब सा मोड़ आ गया। शिकायत दर्ज कराने वाली भगवंती सूर्यवंशी ने दावा किया कि पुलिस धोखे से दूसरे व्यक्ति को पकड़ लाई है ।

पुलिस ने भी जब पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि आरोप लगाने वाली बुजुर्ग महिला ने जिस अजय सूर्यवंशी के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी पुलिस ने उसे ही गिरफ्तार किया है तो अचानक हैरान करते हुए भगवंतीन ने बताया कि उसे आंखों में कम दिखाई पड़ता है इसलिए उसने प्रदीप भारद्वाज की जगह अजय सूर्यवंशी का नाम लिखा दिया था। लेकिन रोजनामचा और एफआईआर के आधार पर पुलिस जिस अजय सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लाई है उसी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। इससे अजीबोगरीब हालात पैदा हो गए हैं क्योंकि अजय सूर्यवंशी खुद को बेगुनाह बता रहा है। उसी के खिलाफ शिकायत करने वाली बुजुर्ग महिला भी अब उसे बेगुनाह बता रही है और इसके लिए अजीब से दावे किए जा रहे हैं। माना किसी को आंख में कम दिखाई पड़ता है लेकिन इससे वह कैसे किसी और के खिलाफ एफ आई आर लिखा सकती है और अब जब बुजुर्ग महिला बयान बदल रही है तो हो सकता है इसके पीछे भी कोई और वजह हो, लेकिन अगर दोनों सही है तो यह भी हैरान करने वाली बात है कि सारा कारनामा प्रदीप भारद्वाज ने किया और उसकी सजा कोई बेगुनाह अजय सूर्यवंशी भोगेगा। रतनपुर पुलिस भी इस अजीबोगरीब मामले में पशोपेश में है इसलिए फिलहाल पुलिस अपने विवेचना के आधार पर शिकायत में दर्ज अजय सूर्यवंशी की ही गिरफ्तारी कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है तो वहीं ग्रामीण अब अपना बयान बदलते हुए अजय सूर्यवंशी को छोड़ने की गुहार लगा रहे है

1 रात 2 बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में महुआ लहान बरामद

पकड़ाया शराब का जखीरा आबकारी टीम की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिला आबकारी विभाग ने मुखबिर की खबर पर एक दिन पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब के साथ महुआ लहान बरामद किया है। आबकारी की टीम ने तखतपुर वृत के दो अलग अलग ठिकानों में कार्रवाई की है। दोनों स्थान से कुल 22 लीटर से अधिक शराब के अलावा करीब 1300 किलोग्राम से अधिक महुआ लहान को जब्त किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

आचार संहिता के साथ आबकारी विभाग की शराब कोचियों और शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। शनिवार की देर शाम आबकारी सहायक आयुक्त विकास गोस्वामी को मुखबिर से जानकारी मिली कि तखतपुर के मटसरा गांव में शराब बाने का अवैध कारोबार चल रहा है। खबर मिलते ही सहायक आयुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी टी.पी.भुसाखरे समेत अपनी टीम को जानकारी दी। मामले को कलेक्टर के भी संज्ञान में लाया गया।

टार्च की रोशनी में हुई कार्रवाई

आबकारी की टीम ने जब पम्प हाउस में छापामार कार्रवाई की तो उस समय लाइट की कोई व्यवस्था नहीं थी। नतीजतन आबकारी टीम को मोबाइल की रोशनी में अपनी कार्रवाई को अंजाम देना पड़ा। कार्रवाई दरोगा मुकेश पाण्डेय की अगुवाई में हुई। टीम में प्रमुख रूप से प्रधान आरक्षक नेतराम बंजारे, अनवर मेमन, तुलेश्वर राठौर, नवनीत पाण्डेय, आरएस पाण्डेय देवदत्त जायसवाल विशेष रूप से शामिल रहे ।

एमपी से शराब लाकर खपाने वाला तस्कर चढ़ा आबकारी विभाग के हत्थे

बिलासपुर । पेन्ड्रा मरवाही क्षेत्र से मध्यप्रदेश से खपाने लाई गई शराब आबकारी विभाग की संयुक्त टीम में छापा मार कार्रवाई कर भारी मात्रा में शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। मिली जनाकरी के अनुसार पेन्ड्रा क्षेत्र दानी कुण्डी गांव में मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी करने वाले को पकड़ा गया । मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने दानी कुण्डी गांव निवासी एक व्यकित के घर में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब को स्टाक कर रखे जाने की सूचना मिली , बिलासपुर से संयुक्त टीम बनाकर दानी कुण्डी गांव भेजा गया। देर शाम हुई छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में टीम ने महंगी अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। छापामार के दौरान पाया गया कि बरामद सभी शराब मध्यप्रदेश से खपाने लाया गया था। जिस घर में शराब मिली वहां मौजूद महिला ने बताया कि शराब छिपाने की जानकारी उसे नहीं है। आबकारी टीम ने घर मालिक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। हिरासत में लेकर देर रात तक पूछताछ हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया है कि शराब मध्यप्रदेश से खरीदकर बेचने के लिए लाया है। आबकारी टीम को कुल 11 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की । जिसमे गोआ व्हिस्की की 8 पेटी सहित कुल 400 नग पाव शराब जब्त किया गया है। इसके अलावा ऑफिसर चॉइस व्हिस्की की दो पेटी कुल नग 96 नग और मेक्डॉवेल नम्बर 1 व्हिस्की की 1 पेटी कुल नग 48 पाव की बरामदगी हुई है। टीम की कार्रवाई में कुल नग 544 पाव अंग्रेजी शराब जब्त हुई है।

विकास गोस्वामी के निर्देश पर दारोगा मुकेश पाण्डेय की अगुवाई में आबकारी छापामार दल मौके के लिए रवाना हुआ। देर शाम टीम ने मटसरा गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर सूनसान खेत के एक पम्प हाउस में धावा बोला। छापामार की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पम्प हाउस का मालिक टीम के पहुंचने से पहले फरार हो गया। इस दौरान पम्प हाउस में बिजली की व्यवस्था भी नहीं थी। छापामार टीम ने मोबाइल का टार्च जलाया तो पम्प हाउस का नजारा देखकर दंग रह गए। पम्प हाउस के दूसरे नम्बर के कमरे में कच्ची शराब से भरे जरीकेन को देखकर आबकारी की टीम दन्ग रह गयी। छानबीन के दौरन टीम ने करीब 7 क्विंटल से अधिक महुआ लहान के अलावा करीब 10 लीटर से अधिक शराब को बरामद किया है।

आदिवासी महिलाएं गेंड़ी नृत्य में निपुण

बिलासपुर । बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव के प्रमुख आकर्षण में पेण्ड्रा की आदिवासी महिलाओं द्वारा किया जाने वाला गेड़ी नृत्य भी था। ये महिलायें पेण्ड्रा के दूरस्थ ग्रामों झाबर, नवागांव आदि से महोत्सव में शामिल होने के लिये यहां पहुंची थी और मंच पर सधे हुए अंदाज में उन्होंने गेड़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्षकों को आष्चर्यचकित कर दिया। गेंड़ी नृत्य अब तक पुरूषों द्वारा ही किया जाता रहा है। लेकिन इन महिलाओं ने इस विधा में पुरूषों के वर्चस्व को तोड़ा है। स्मार्ट आजीविका महिला संकुल संगठन नवागांव से जुड़ी हुई स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं ने बताया कि उन्होंने विकासखंड स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में सुआ और गेड़ी नृत्य प्रस्तुत कर जिला स्तर के प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है।

एचआइवी एड्स के हर साल मिल रहे हजारों की संख्या में नए मरीज

- 10 साल में छह हजार पार हुई पीड़ितों की संख्या
- एआरटी सेंटर में 6186 एचआईवी एड्स पीडितों का चल रहा उपचार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । एचआइवी एड्स के नए मरीज मिलने की रफ्तार कम नहीं हो रही है। साल दर साल इनके मरीजों की संख्या बढते जा रही है। यह खुलासा सिम्स के एआरटी सेंटर से हुआ है। 2010 से अब तक यहां पर बिलासपुर संभाग के 6186 पीडित पहुंचे है। जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं इस साल एक अप्रैल से अक्टूबर तक 488 नए मरीज खोजे गए है। तमाम जागरूकता कार्यक्रम व अभियान के बाद भी इनके मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। सिम्स में एआरटी सेंटर का संचालन साल 2010 से किया जा रहा है। इस सेंटर को खोलने का मुख्य उद्देश्य एचआइवी व एडस पीडितों का उपचार करना है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडकर पूरे जीवन काल तक जीवित रखना है। जैसे ही यह सेंटर खुला वैसे ही मरीजों की बाढ आने लगी।शुरूआती वर्षो में महज कुछ सौ तक में सीमित रहने वाले एआरटी सेंटर में वर्तमान में 6186 मरीजों को उपचार चल रहा है। इस संबंध में एआरटी सेंटर का कहना है कि औसतन हर साल 500 से लेकर 700 तक नए मरीज मिल रहे है।

इससे यह तो साफहै कि एड्स जागरुकता कार्यक्रम का असर लोगों में नहीं हो रहा है और लोग जाने अनजाने व लापवरवाही वश इस गंभीर बीमारी के चपेट में आ रहे है। सिम्स स्थित एआरटी सेंटर के मुताबिक जितने संख्या में एचआइवी, एडस मरीज का अभी उपचार हो रहा है। उतने ही संख्या में अभी और मरीज मिलने की आशंका है। बस उन्हें खोजने की आवश्यकता है। टीम ऐसे मरीजों की खोज कर रही है और जैसे जैसे मरीज मिलते जा रहे हैं, उनके उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

कलेक्टर ने किया विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित

- जिला स्तरीय युवा महोत्सव का रंगारंग समापन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बिलासपुर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आज बहतराई स्टेडियम में रंगारंग समापन हुआ। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग द्वारा विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन आज लगभग 300 युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। पंथी नृत्य, गेंड़ी नृत्य, सामूहिक गायन, वादन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बहतराई स्टेडियम में रंग-बिरंगे लोक परिधानों में सजे युवा उत्साह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे कि कब उन्हें मंच में जाने का मौका मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पायेंगे।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर सम्पूर्ण युवा महोत्सव आयोजित किया गया था। जिले के दूर-दराज गांवों से भी प्रतियोगी यहां आये थे। चित्रकला, निबंध, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, शास्त्रीय एवं कर्नाटक शैली पर आधारित गायन, तबला वादन, क्विज, ओड़िसी नृत्य, भरतनाट्यम, गिटार वादन, बांसुरी वादन आदि विधाओं के साथ-साथ खेलकूद में कबड्डी के साथ-साथ गेंड़ी दौड़, भौंरा, फुगड़ी की भी प्रतियोगिताओं में पहली बार युवाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। दिन भर चली प्रतियोगिता के पश्चात शाम को विजेताओं की घोषणा की गई।

जिसमें लोक नृत्य में प्रथम मस्तूरी विकासखंड, द्वितीय तखतपुर और तृतीय बिल्हा विकासखंड रहे। लोकगीत में प्रथम पेण्ड्रा, द्वितीय तखतपुर और तृतीय कोटा, अन्य लोक नृत्य में प्रथम कोटा, द्वितीय गौरेला और तृतीय पेण्ड्रा की टीम रही।

कुलपति आरपी दुबे ने आचार्य प्रभाकर दर्शन का मोमेंटो पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । करगीरोड कोटा डा. सी वी रमन विश्वविद्यालय कोटा में आचार्य डा. प्रभाकर दर्शन के द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा मैनेजमेंट के तत्वाधान में योग और ध्यान के गूढ़ रहस्यों के सरलतम उपाय को छात्रों और विश्वविद्यालय के प्रबंधन के पदाधिकारियों को बताया। सी वी रमन विश्वविद्यालय ने छात्रों के अंदर तनाव आने के श्रोतो का पता लगाने के लिए चिंता तनाव से मुक्त कैसे हो सफलता के आयाम कैसे छुये अवसाद से बाहर कैसे आएं आनंदित जीवन कैसे जिये इन सभी के लिये एक ध्यान की कार्य साला का आयोजन किया जिसमे मेडिटेसन ध्यान के प्रकख्यात आचार्य डा. ओशो प्रभाकर दर्शन जी प्रोफेसर हिंदी साहित्य गवर्नमेंट कालेज करतला को आमंत्रित किया गया, आप भारत के कई प्रान्तों में शिविर ले चुके है, और पंजाब यूनिवर्सिटी सहित कई माह विद्यालयो में भी इनका

ध्यान का प्रयोग छात्र हित में काम आ रहा है इसी कड़ी में कोटा सी वी रमन बिश्वविद्यालय में भी आयोजन किया गया।मेडिटेशन, योग, ध्यान के सात स्तम्भ है जिनमे योग ध्यान एक एक पार्ट है बातचीत की शैली में आचार्य ने सैकड़ो छात्रों को तनाव के कारणों से मुक्त होने के उपाय बताये और छात्रों से भी प्रश्न उत्तर के माध्यम से भी जीवन मे अवसाद तनाव चिंता डिप्रेसन से मुक्त होकर शांत चित्त आनंदित मन से रहने जीवन मे अपने मिशन में सफलता के उपाय बताये, जिसको छात्रों ने बड़े ही प्रसन्न मन से समझ कर स्वीकार किया।

कलेक्टर ने सेंदरी, बिरकोना, सरकंडा समितियों का किया निरीक्षण

- जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिले की 130 सहकारी समितियों में आज एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ किया गया। जिले में 4.66 लाख 840 मीट्रिक टन धान आने की संभावना है। कलेक्टर डॉ. संजय अलंग ने आज सेवा सहकारी समिति सेंदरी, बिरकोना और सरकंडा में धान खरीदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया और प्रबंधकों और आपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कलेक्टर डॉ. अलंग ने सेवा सहकारी समिति सेंदरी में उपलब्ध बारदानों का निरीक्षण किया। बारदाने मार्कफेड, पीडीएस और मिलर्स से प्राप्त किये गये हैं। उन्होंने खरीदी केन्द्र में रखी गई पंजी का निरीक्षण किया। इस समिति में 6 गांव आते हैं। समिति में 876 किसान पंजीकृत हैं। उनके धान का रकबा 1028 हेक्टेयर है। समिति प्रबंधक ने बताया कि गत वर्ष के मुकाबले इस बार धान का रकबा 40 हेक्टेयर बढ़ा है। कलेक्टर ने धान खरीदी में डिफाल्टर और नये किसानों से धान खरीदी के समय विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश समिति प्रबंधकों को दिया। प्रत्येक समिति में मानक धान का नमूना रखे जाने हेतु निर्देश भी उन्होंने दिया।

इस वर्ष यह व्यवस्था की गई है कि समिति में आने वाले धान की ढेरी लगाई जायेगी, फिर उसका तौल किया जायेगा। कलेक्टर ने नमीमापक यंत्र लगाकर धान की नमी को नापा। उन्होंने सेंदरी के किसान राजेन्द्र मिश्रा के धान को तौलकर धान खरीदी का शुभारंभ किया।

ग्राम सेंदरी की सेवा सहकारी समिति को आदर्श खरीदी केन्द्र के रूप में तैयार किया गया है। यहां शौचालय, फर्स्ट एड बॉक्स और छायादार स्थान बनाये गये हैं जिससे धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों को सुविधा मिले। खरीदी केन्द्र में वृक्षारोपण भी किया गया है। कलेक्टर ने किसानों के बीच बैठकर बातचीत की और उनकी स्थानीय समस्याओं का समाधान भी किया, जिसपर किसानों ने प्रसन्नता जताई। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति बिरकोना का भी निरीक्षण किया। इस समिति में इस वर्ष 734 किसानों ने पंजीयन कराया है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में विभिन्न पदों के लिये कौशल परीक्षा 16 एवं 17 दिसंबर को

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की रजिस्ट्री में असिस्टेंट रजिस्ट्रार आईटी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, एवं असिस्टेंट प्रोग्रामर के पदों हेतु व्यापम रायपुर के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन आमंत्रित किये गये थे। विज्ञापन की शर्तों के अनुसार व्यापम द्वारा उक्त पदो के लिखित परीक्षा परिणाम पश्चात वर्गवार 1:10 के अनुपात में कौशल परीक्षा हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित किया गया है। तद्नुसार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में असिस्टेंट रजिस्ट्रार आईटी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, एवं असिटेंट प्रोग्रामर के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों का कौशल परीक्षा 16 एवं 17 दिसंबर 2019 को छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी उच्च न्यायालय परिसर बोदरी छतौना रोड बिलासपुर में आयोजित किया जाना निर्धारित है। उक्त पदों के कौशल परीक्षा की परीक्षा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की सूचना को उच्च न्यायालय की वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है।पात्र अभ्यर्थियों काप्रवेश पत्र कौशल परीक्षा की तिथि के एक सप्ताह पूर्व उच्च न्यायालय की वेबसाईट में अपलोड कर दिया जायेगा। आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी के कौशल परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिये उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.cghighcourt.nic.in पर देखा जा सकता है।

सीटी-पीटी की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करें -आयुक्त

- ओ.डी.एफप्लस-प्लस के मद्देनजर आयुक्त ने ली अमले की बैठक

कोरबा। आयुक्त राहुल देव ने निगम के राजस्व अधिकारियों, निरीक्षकों व अन्य अमले को निर्देश देते हुए कहा है कि ओ.डी.एफप्लस-प्लस में रैंकिंग हेतु कोरबा शहर में शीघ्र ही टीम का दौरा होने वाला है, अपने शहर को ओ.डी.एफ प्लस-प्लस में सम्मानजनक रैंकिंग मिले इस हेतु सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, साफसफाई व वहां की अन्य व्यवस्थाओं की नियमित मानीटरिंग करें तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज आयुक्त श्री राहुल देव ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली, उन्होने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 एवं

ओ.डी.एफप्लस-प्लस के तहत शहर की रैंकिंग निर्धारित करने के लिए टीमों का दौरा शीघ्र ही होने वाला है, जो विभिन्न बिन्दुओं के आधार पर अंक निर्धारित करेगा तथा इन्हीं अंकों के आधार पर शहर की रैंकिंग बनेगी। उन्होने कहा कि ओ.डी.एफप्लस-प्लस हेतु अतिशीघ्र टीम का दौरा होगा, जो अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रमुख रूप से सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता व वहां की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण करेगा, अतः जिन अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती नियमित निरीक्षण हेतु लगाई गई है, वे नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा यह देखे कि चेकलिस्ट के अनुसार शौचालयों में स्वच्छता व सभी व्यवस्थाएं निरंतर बनी हुई है या नहीं। उन्होने कहा कि निरीक्षण हेतु 30 पैरामीटर निर्धारित किए गए हैं, वहीं सी.टी.पी.टी. की आई.ई.सी. हेतु 22 पैरामीटर निर्धारित हैं, अतः इन सभी पैरामीटर के आधार पर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की सतत मानीटरिंग करें व नियमित रिपोर्ट करें।

गरीबों के दुख दर्द में हमेशा साथ दें

बिलासपुर । रामा लाइफसिटी सकरी बिलासपुर में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन आज पांचवें दिवस में प्रविष्ट हुआ यह कथा यहां की स्थानीय पालीवाल परिवार बेरीवाल परिवार के द्वारा आयोजित करके नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सेवार्थ समर्पित की है कथा के माध्यम से मानवता की सेवा का कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है कथा वक्ता के रूप में श्री धाम वृंदावन से विश्व विख्यात कथा वक्ता पूज्य डॉ संजय कृष्ण सलिल जी महाराज पधारे हुए हैं आज की कथा में परम पूज्य गुरुदेव ने भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन सुनाया मुख्य रूप से कन्हैया की बाल लीलाओं का वर्णन, कंस का वध और गोवर्धन लीला की कथा का श्रवण पान करवाया।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्र. क/वा/नजूल/2019/456
मुंगेली, दिनांक 25.11.2019

छबिलाल सोनी पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी, शंकरलाल सोनी पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी निवासी- कालीमाई वार्ड, मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.) ..... आवेदक

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक छबिलाल सोनी, शंकर लाल सोनी पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी निवासी- काली वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला जवाहर वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-बी प्लाट नंबर 06 क्षेत्रफल 290 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 230 वर्गफुट भूमि को आबंटित करने बाबत आवेदन प्रस्तुत की गई है। आवेदक को भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 10.12.2019 को 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की वादा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 25.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

(आर.के. तम्बोली)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

पूजापाठ कर शुरू की गई धान खरीदी की प्रक्रिया

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। छत्तीसगढ़ में आज से समर्थन मुल्य धान खरीदी शुरू हो गया है। प्रदेश की 2048 केन्द्रों में 1815 और 1835 रुपए की दर पर धान खरीदी 15 फरवरी तक की जाएगी। इस वर्ष 54 नए खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जबकि 48 मंडियों एवं 76 उपमंडियों के प्रांगण का उपयोग भी खरीदी के लिए किया जाना है।आज से सहकारी समिति मैनपुर में ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मिश्रा एवम ब्लॉक किसान कॉंग्रेस अध्यक्ष सजंय त्रिवेदी,वरिष्ठ कर्षि विस्तार अधिकारी भावेश कुमार शांडिल्य,सुभाष कोल्हे एडिटर की उपस्थिति में भारतीय संस्कृति अनुसार पूजापाठ कर धान की खरीदी शुरू की गई समिति द्वारा 23 किसानों को टोकन दिया गया था जिसमे19 किसानों द्वारा ही धान लाया गया जो आज दिनभर में लगभग 800 कुंटल धान की खरीदी हो पाई है ज्ञात हो कि

सरकार द्वारा घोषित 25सौ रुपए मे से अंतर की राशि किसानों को अलग से जाएगी। हालांकि 1815 रुपए का पेमेंट रविवार से ही होने लगेगा।प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए सभी जरूरी इंतजाम किया जा चुका है। सांथ

शासन किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जा रहा है।सरकार ने इस साल 85 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लगभग 4 लाख 25 हजार बारदानों की व्यवस्था की गई है। इनमें 2 लाख 70 हजार नए, जबकि शेष पुराने बारदानों का उपयोग किया जाएगा।खरीदी केन्द्रों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर के अलावा मॉयश्चर मशीन भी उपलब्ध कराई गई है। वहीं किसानों को परेशानी से बचाने के लिए सभी केन्द्रों में एक टोल फ्री नंबर भी चस्पा किया गया है। बड़े किसानों के लिए अधिकतम पांच बार धान बेचने की परमिशन दी जायेगी।इस साल प्रदेश के 19 लाख 56 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है, जो कि पिछले साल की तुलना में दो लाख 58 हजार ज्यादा है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को अंतर की राशि देने के लिए बनाई गई पांच मंत्रियों की समिति तेलंगाना की रइत बंधु और ओडिशा की कादिया पॉलिसी का अध्ययन करेगी। समिति को दो महीने में रिपोर्ट सौपने के लिए कहा गया है। कमेटी आगामी बजट सत्र के पहले सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सीएम भूपेश पहले ही कह चुके हैं कि किसानों को हर हाल में 25 सौ रुपए प्रतिक्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। सरकार ने शीतकालीन सत्र के अनुपूरक बजट में 205 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।आज धान ख़रीदी के शुभारम्भ के अवसर पर समिति सञ्चालक मंडल के दिलीप साहू,बाबूलाल साहू,विजय बहादुर परिहार, भानु राम पटेल,जन्मजेय नेताम,बलदेवराज ठाकुर,पूर्व सरपंच गणेश राम ठाकुर व कॉंग्रेस प्रवीण बम्बोडे, शहीद मेमन,हिमांषु रामटेके सहित किसान उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पार्षद के लिए नामांकन फार्म लेने और जमा करने का काम शुरू

राजनांदगांव। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने का काम से शुरू हो गया। रिटर्निंग अफसरों द्वारा इस संबंध में तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नाम निर्देशन जमा करने के स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि राजनांदगांव जिले के सात नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने तथा जमा करने का काम शुरू हो गया। इन 7 निकायों में नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत छुईखदान, गंडई, डोंगरगांव, छुरिया और अंबागढ़ चौकी शामिल हैं।

आयुक्त ने किया वार्ड प्रभारी सोनवानी को निलंबित

राजनांदगांव। नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने सफाई विभाग के वार्ड प्रभारी श्रीमती शीला सोनवानी को अपने कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। आयुक्त श्री कौशिक ने बताया कि वार्ड प्रभारी श्रीमती सोनवानी के प्रभारित वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती सोनवानी अपने वार्ड से अनुपस्थित पाई गई और न ही उनके वार्ड में एक भी सफाई कर्मी कार्य करते पाये गये। इसके अलावा स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में टाऊन हाल में आयोजित सफाई संबंधित बैठक में भी अनुपस्थित पाये गये। इनका उपरोक्त कृत्य अपने कार्य के प्रति घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। इस कारण श्रीमती शीला सोनवानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग इंदिरा नगर होगा और इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

2 व 3 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्ड शिविर आयोजित

राजनांदगांव। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान हेतु वार्डो में शिविर लगाकर किया जा रहा है। इसी कडी में पेंशन का भुगतान के लिये वार्डो में 19 नवंबर से 21 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 2 व 3 दिसंबर को वार्ड नं. 20 के लिये पेण्ड्री स्कूल में, वार्ड नं. 21 के लिये रेवाडीह स्कूल में एवं वार्ड नं. 28 के लिये सामुदायिक भवन मठपारा में शिविर आयोजित किया जा रहा है।

तीन से ज्यादा लोगों के रिटर्निंग अफसर कक्ष में प्रवेश पर प्रतिबंध

राजनांदगांव। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिला के लिए प्रत्याशी सहित कुल 3 लोग ही रिटर्निंग अफसर के कक्ष में प्रवेश कर पाएंगे। इसमें प्रत्याशी, प्रस्तावक एवं एक अन्य नामित व्यक्ति शामिल होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में स्पष्ट कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों सहित चुनाव लडने के इच्छुक सभी लोगों को इस आशय की जानकारी देते हुए इसका कड़ाई से पालन करने को कहा है।

कलेक्टर श्री मौर्य ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 के अभ्यर्थियों के लिए जीरो बैलेंस में खाता खुलवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मौर्य ने बताया कि अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन 1994 के नियम 25-क के तहत प्रारूप-3 क में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट या नोटरी के समक्ष लिए जाने वाले शपथ का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

दो दशकों से की पार्टी की सेवा अब मांग रहे पार्षद टिकट

■ वार्ड 15 से सैय्यद अफजल अली करेंगे दावा

राजनांदगांव। विगत 22 वर्षो से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में आस्था रखने वाले युवा नेतृत्व के धनी सैय्यद अफजल अली ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्षद हेतु अपना पक्ष रखा है। वे अल्प संख्यक मुस्लिम वर्ग से आते है। इसी आधार पर उन्होंने अपनी टिकट के लिए दावा पेश किया है।

जानकारी के अनुसार आगामी नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 15 बल्देव प्रसाद मिश्र वार्ड से पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेस सैय्यद अफजल अली ने वार्ड पार्षद हेतु अपनी दावेदारी को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष बायाडाटा पेश किया है। श्री अली ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में दी गई प्रत्येक जवाबदारी को दो दशकों में सफलता पूर्वक पूरा कर दिखाया है। उन्होंने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में महामंत्री से लेकर अल्प संख्यक प्रदेश सचिव तथा वर्तमान में शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर ब्लॉक के महामंत्री पद पर रहते हुए युवाओं का दिल ही नहीं जीता, बल्कि एक बड़े वर्ग का समर्थन भी अपने पक्ष में जुटाने सफलता पायी है। जिला कांग्रेस कमेटी उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ में जिला अध्यक्ष तथा कांग्रेस सोशल मिडिया में प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी उन्होंने बखूबी किया है। अपनी इन्हीं सामाजिक एवं राजनीतिक सेवाओं के चलते श्री अली ने पार्षद हेतु वरिष्ठ नेताओं की आशीर्वाद की उम्मीद लगायी है।

कलेक्टर मौर्य ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के वार्डो के चुनाव के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद के चुनाव के मतदान के बाद मत पेटियां इसी स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। यहीं पर मतगणना भी की जाएगी। कलेक्टर श्री मौर्य ने स्ट्रांग रूम में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगढ़ अविनाश भोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राहुल खोब्रागढ़े ने भी वार्ड क्रमांक 18 से की दावेदारी

■ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से आशीर्वाद की उम्मीद

राजनांदगांव। विगत लगभग एक दशक से राजनीतिक पटल पर कांग्रेस की विभिन्न जवाबदारियों को उठाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल खोब्रागढ़े ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 18 ममता नगर वार्ड से पार्षद की टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। महज 28 वर्षीय श्री खोब्रागढ़े ने अपने महाविद्यालयीन शिक्षा के दौर में रहते हुए राजनीति को समझना और परखना शुरू कर दिया था।

बीसीए स्नातक राहुल खोब्रागढ़े ने लाल बहादूर शास्त्री वार्ड ममता नगर के निवासियों की सेवा का मन बनाते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के समक्ष अपनी दावेदारी वार्ड पार्षद की दावेदारी पेश की है। श्री खोब्रागढ़े ने आठ वर्षो से युवा मंच ममता नगर तुलसीपुर के अध्यक्षीय पद पर कार्य किया है। वे वर्तमान में भी जिला बौद्ध कल्याण समिति के युवा संगठन जिला उपाध्यक्ष पद पर आसिन है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता श्री खोब्रागढ़े ने वार्डवासियों की मूलभुत समस्याओं के समाधान के लिए सदैव आवाज उठाया है। श्री खोब्रागढ़े ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राजनीति से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस के प्रति अपने मन में जो विश्वास पैदा किया है, उसके चलते वे पार्षद के रूप में अपनी सेवाएं देना चाहते है। वे श्रीमती सोनिया गांधी को अपना आदर्श मानते है।

चार माह पूर्व हुई चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

■ दो मोटर सायकल , 1600 रू नगद जब्त

भाटापारा। शहर में हुई एक चोरी के 4 माह पुराने मामले में 2 चोरो को पकड़ने में शहर पुलिस को सफलता हाथ लगी है वही उनके पास से 1600 रूपये नकद और चोरी की गई मोटर साइकिल को भी जब्त करने में शहर पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल ने जिला के सभी थाना प्रभारी को संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपी को शीघ्र धर पकड

करने हेतु निर्देशित किया गया,उनके कड़े निर्देश के बाद निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना के अपराध क्रमांक 297/19 धारा 457,380 भादवि में 04 माह से अज्ञात आरोपी को पता तलाश कर दो मोटर सायकल सहित 1600 रू चोरी के रकम को जब्त करने में सफलता मिली है ।

विदित हो की घटना दिनांक समय 31जुलाई के मध्य रात्रि सुबह 01 बजे से 06 बजे के बीच घटना स्थल प्रार्थी कमलाकांत तिवारी पिता दयाशंकर तिवारी उम्र 71 साल लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के मकान के पीछे दरवाजा के कुंडा को तोडकर कोई अज्ञात चोर द्वारा 6000 रू सिगरेट , चाकलेट को चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

अज्ञात आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था शहर तथा असापास सरहदी जिला के चोर की जानकारी लेकर संदेहीयों को थाना तलब कर थाना प्रभारी के निर्देशन में टीम द्वारा लगातार पूछताछ किया जा रहा था इसी क्रम में हेमु सिंह ठाकुर पिता बाहल राम ठाकुर उम्र 23 साल पता केसडबरी थाना साजा जिला बेमेतरा नेमचंद उर्फ बलराम मरकाम पिता जगतारन मरकाम उम्र 23 साल पता ग्राम रेवे थाना बेरला जिला बेमेतरा को हिकमातमली से पूछताछ करने पर बताया कि आज करीब 04 माह पहले भाटापारा के सडक किनारे के एक मकान में दुकान था वंहा दुकान के पीछे तरफ के ताला को गैंती से तोडा और दुकान में अंदर में रखे गल्ले का चिल्हर पैसा नगदी करीबन 6000 रू तथा सिगरेट पैकेट , चाकलेट वैगरा को दोनो साथ मिलकर चोरी कर ले गया था तथा सिगरेट एवं चाकलेट और पैसे को भी खतम कर डाले है 700-900 रू बचा है ।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

भाटापारा। थाना भाटापारा शहर अंतर्गत शक्ति वार्ड भाटापारा में एक राय होकर हत्या कारित करने वाले साक्ष्य विलोपन के आरोपी विनय उर्फ पप्पू पिता स्व. जीवन लाल उम्र 43 वर्ष साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा छग को सत्येन्द्र कुमार साहू अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा छग के व्दारा धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 201 भादवि के आरोप में अभियुक्त को दो वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27 अगस्त 2017 को 14.30 बजे थाना भाटापारा शहर में एक साथ एक राय होकर मृतिका रूतलाल पर चाकू से वार कर उसकी मृत्यु कारित कर हत्या कारित किया तथा मृत्यु के समय प्रयुक्त हथियार चाकू अन्य साक्ष्य को विलोपन किया गया उक्त रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 268-17 धारा 302,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना के दौरान अभियुक्तगणो का मेमोरण्डम कथन लेखबद्ध किया गया था तथा घटना में प्रयुक्त हथियार धार धार चाकू एवं अन्य साक्ष्य संकलित किया गया था । सम्पूर्ण विवेचना कार्यवाही के दौरान माननीय न्यायालय के समक्ष न्याय हेतु अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था सम्पूर्ण प्रतिपरीक्षण उपरांत समस्त साक्षियो का सूक्ष्मता पूर्वक परीक्षण उपरांत माननीय न्यायालय व्दारा आरोपी को दोषी पाया ।

अछोली सबस्टेशन का ईडी पटेल ने किया निरीक्षण

राजनांदगांव। एक दिवसीय प्रवास पर डोंगरगढ़ पहुंचकर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने अछोली में विद्यमान 33/11 केव्ही सबस्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस उपकेन्द्र के अंतर्गत स्थापित सभी फीडरों पर चलने वाले विद्युत लोड की जानकारी लेकर निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किये। इस दौरान कार्यपालक निदेशक ने अछोली उपकेन्द्र का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा उपकरणों जैसे डिस्चार्ज रॉड,

सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों की उपलब्धता की जांच भी की। ईडी श्री पटेल ने डोंगरगढ़ ग्रामीण वितरण केन्द्र के अंतर्गत वितरण हानि एवं विभिन्न कनेक्शनों की बिलिंग प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर निर्धारित समय-सीमा में इन कार्यो में सुधार लाने एवं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पाकिटमारी करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव। जिले के शराब दुकानों के आसपास लोगों के जेब से मोबाईल एवं नगदी रकम की पाकेटमारी की घटनाओं की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक राजेश साहू, तकनीकी शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा शराब दुकानों के आसपास संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही थी, इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि अजय ढ़ीमर उर्फ जुग्गा निवासी देवारपारा लखोली तथा शंकर रजक उर्फ लालू निवासी लखोली राजनांदगांव देशी शराब दुकान मोहारा के आसपास लोगों से मोबाईल बेचने के संबंध में ग्राहक की तलाश करते हुए बातचीत कर रहे है कि सूचना पर टीम द्वारा धेराबंदी कर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करते रहे किंतु सतत एवं सघन पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा देशी शराब दुकान मोहारा में लाईन में लगे लोगों के बीच घुसकर जेब से अलग-अलग समय पर मोबाईल फोन पाकेटमारी करना स्वीकार किये। जिससे आरोपी अजय ढ़ीमर उर्फ जुग्गा पिता मिल्लू ढ़ीमर उम्र 20 साल निवासी देवारपारा लखोली के कब्जे से 3 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन तथा आरोपी शंकर रजक उर्फ लालू पिता पल्टू रजक उम्र 22 साल निवासी लखोली के कब्जे से 3 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन जप्त किया।

चौकीदार धनीराम साहू को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई

राजनांदगांव। नगर निगम के सभागृह में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में केन्द्रीय कार्यालय में चौकीदार के पद पर कार्यरत धनीराम साहू को सेवानिवृत्त होने पर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में

आयुक्त चंद्रकांत कौशिक सहित सहायक अभियंता जयनारायण श्रीवास्तव व आरके साहू, लेखा अधिकारी यूएस वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी भूपेश वाडेकर, उप अभियंता प्रणय मेश्राम, स्थापना प्रभारी आरबी तिवारी, प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे एवं राजस्व प्रभारी सुरेन्द्र साव द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी धनीराम साहू को माला पहनाकर,गुलाल लगाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

समाज की मांग गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दिलाया गंभीरता से विचार करने का आश्वासन

मना रहे गुरुपर्व, समाज की मांग दिसम्बर भर बन्द रखें शराब दुकान

उतई। मनखे मनखे एक समान 'जैसे महान विचार देने वाले व सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत गुरुघासीदास जी की जयंती 18 दिसम्बर को प्रदेश के साथ पूरे देश मे मनाया जाता है । चूंकि दिसम्बर महीने में जयंती होने के वजह से उनके मानने वाले खास कर सतनामी समाज के लोग पूरे दिसबंर महीने को गुरु जी के जयंती के रूप में मना रहे है । यह एक तरह से समाज सुधार के दिशा में अच्छा कदम है ,विभिन्न समिति के नाम गुरु पर्व की महीना मना रहे है इसलिए सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों ने दिसम्बर महीने भर शराब बंदी की मांग शासन से की है ,इस महीने में समाज के लोग सादा भोजन,उच्च विचार,पशुओ पर अत्याचार को रोकने जैसे विभिन्न विचारो आत्मसाद करने की प्रवृति इस महीने के पहली तारीख से चालू हो जाता है । गुरु घासीदास जी के जयंती की रूपरेखा बनाना ,घरो की सफाई ,लिपाई पोताई ,नए कपड़े खरीदने की शुरुवात इस महीने से शुरू हो जाता है ।

गुरु पर्व को लेकर सोसल मीडिया में बधाई का दौर भी चल रहा है,विभिन्न संगठन व विभिन्न समितियो के मध्यम से बधाई संदेस चल रहे है।सतनामी समाज के पदाधिकारी प्रदीप बंजारे ने हमे बताया कि हमारे समाज के व्यक्ति अब जागरूक हो चुके है इसलिए अब सिर्फ18 दिसम्बर को न मना कर बल्कि पूरे महीने भर से जयंती की तैयारी,बाबा जी के विचारों को अपनाया ,मांस सेवन न करना,मकानों की सफाई सहित विभिन्न क्रियाकलापो को दिसम्बर के पहले तारीख से गुरुपर्व के रूप में मना रहे है ।

इनका कहना है

दिसम्बर महीने हमारे गुरु जी के जन्म हुआ था इसलिए यह महीना हमारे लिए पवित्र होता है , सरकार से गुजारिश करते है कि इस महीने शराब बंदी करे।चुकी यह गुरु पर्व में सतनाम भवन में प्रतिदिन वंदना का कार्यक्रम होता है।
- **एस के केशकर** , अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई

गुरु महीना आते ही हमारे ग्राम में रोज पंथी की गूंज शुरू हो जाती है प्रतिदिन बाबा जी के उपदेश को पढ़ के भी सुनाया जाता है ।जिससे समाज मे फैले जातिवाद दूर हो सके, शासन से मांग करेंगे कि वे शराब बंदी इस महीने भर करें।
चंद्रशेखर बंजारे, सतनामी समाज ,धनोरा

पूरे पाटन तहसील में बाबा जी के जयंती के अवसर पर जगह जगह पंथी की शुरुवात करते है साफसफाई व गुरु के बताए मार्ग पर चलने हेतु दिसम्बर महीने के पहली तारीख से प्रेरित करते है
सोहन बघेल, अध्यक्ष सतनामी समाज पाटन

1 दिसम्बर से पूरे गांव में साफसफाई सहित शाम को प्रत्येक समाजिक घरो में दीपक जला कर गुरुपर्व की शुरुवात करते है। अच्छा होता शासन शराब बंदी इस महीने भर करती।
बुधरामदास टंडन, अध्यक्ष सतनामी समाज ,डुंडेरा

दिसम्बर महीने से विगत वर्षो से बाबा जी के जयंती को मनाने का प्रयास कर रहे है , इस महीने में समाज मे जागरूकता लाने ,रक्तदान रोजगार हेतु कार्यशाला ,सहित घरो की सफाई व गुरुवंदना ,आज से प्रतिदिन करते है।
मानसिंह राय ,अध्यक्ष ,सतनाम युवा विंग ,भिलाई

आज से ही गुरु पर्व की आप सभी को हार्दिक बधाई देते हुए डूमरदिह में सतनाम गुरु वंदना व सतनाम रैली की शुरुवात हुई है ,गुरु घासीदास बाबा के मनखे मनखे एक समान के विचार धारा को आगे लाने का प्रयास करते है। अच्छा होता शासन शराब बंदी इस महीने जरूर करे।
- **धर्मेंद्र बंजारे,** सतनामी समाज डूमरडीह।

जानकर यह खुशी हुई कि कोई समाज अपने आप को विकसित कर सुधारने का प्रयास कर रहा है ,बाबा जी सतनामी समाज के नही वरण सम्पूर्ण विश्व के गुरु है ,पूरे महीने बाबा जी के विचार को समर्पित करते हुए शराबबंदी पर कैबिनेट में चर्चा करूँगा ।
ताम्रध्वज साहू , गृह , धर्मस्व जेल , मंत्री छत्तीसगढ़ शासन।

समाज की मांग जायज है बाबा जी के विचारों को मैं प्रणाम करता हूं, दिसम्बर महीने में शराब बंदी की जाए ।
- **विजय बघेल,** सांसद, दुर्ग

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर के हाथों मिली मेहनत की कमाई

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा का नाम सुनते ही सबके जहन में नक्सली क्षेत्र और हिंसक वारदात ही आते है, पर मेहरार चो मान उनके लिए करारा जवाब है। पैडमैन की तर्ज में यहाँ पैडवुमेंस जागरूकता फैलाकर जिले की महिलाओ का मान बढ़ा रहीं है। धुर नक्सली क्षेत्र में जिला प्रशासन और एनएमडीसी की पहल से हल्बी भाषा के वाक्य 'मेहरार चो मान 'अर्थात महिलाओ का सम्मान के नाम से सेनेटरी पैड निर्माण की महत्वकांक्षी परियोजना चलाई जा रही है जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क 8 महिला स्व समूहों को सेनेटरी पैड निर्माण करने की मशीन प्रदान किये गए।

निर्वाचन व्यय संपरीक्षक करेंगे निर्वाचन व्यय की जांच

दंतेवाड़ा। नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2019 हेतु अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाली व्यय लेखा अनुवीक्षण के लिए अधिकारी कर्मचारियों को नोडल अधिकारी,सहायक नोडल अधिकारी एवं निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। जिन की बैठक 30 नवंबर को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि अभ्यर्थियों के लिए नगरपालिका में रु 150000 तक एवं नगर पंचायत में रु 50000 की व्यय सीमा निर्धारित की गई है।

टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित

दंतेवाड़ा। जिले में एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति जिला स्तरीय निगरानी समिति एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टर के शंखनी सभा कक्ष में किया गया। बैठक में एकीकृत बाल संरक्षण योजना के क्रियान्वयन हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं नियम 2016 के पालन एवं जिला में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों के पुनर्वास निर्धारित समयावधि में चिकित्सीय परीक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के साथ जिले से अवैध रूप से पलायन की घटना को रोकने हेतु अपेक्षित कदम उठाए जाने के साथ जिले में संचालित पोटाकेबिन एवं आश्रमों में बाल संरक्षण से संबंधित जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का संचालन किए जाने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एक पंथ दो काज साबित हो रहा सुपोषण अभियान

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के वनांचल दंतेवाड़ा के गाँवो में राज्य शासन द्वारा चलाया जा रहा सुपोषण अभियान वरदान साबित हो रहा है। इससे बच्चे और महिलायें ना सिर्फ सुपोषित हो रहें है बल्कि स्व सहायता समूहों के माध्यम से वो आत्मनिर्भर भी हो रहीं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत 'सुपोषित कार्यक्रम दंतेवाड़ा' हेतू मावली माता स्व सहायता समूह सुपोषण केंद्र बारसापारा चितालंका एवं मां दुर्गा स्व सहायता समूह सुपोषण केंद्र पटेल पारा गंजेनार द्वारा केंद्र संचालित है।

पार्षदों के लिए पहली बार ऑनलाइन नामांकन सुविधा

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया 30 नवम्बर 2019 से प्रारंभ की गई है। आयोग द्वारा पहली बार पार्षद पद के लिए ऑनलाइन नॉमिनेशन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसे ओएनएनओ ऑनलाइन नॉमिनेशन का नाम दिया गया है।

कांग्रेस-भाजपा राष्ट्रीय पार्टियों की तैयारी लगभग पूरी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस -भाजपा के दावेदारों का लगभग तय आज नामों की घोषणा होने की उम्मीद

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। काँकेर नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा दोनों राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशियों का चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर लिए जाने की जानकारी मिली है।वही प्रत्याशीयो की अंतिम सूची को सम्भवतः आज घोषित किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के दावेदारों का नाम तय करने के लिए राजधानी में देर शाम तक का समय दिया गया था। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने दोपहर तक सभी जिलों में बैठक कर शाम तक सभी सिंगल नाम पीसीसी को भेजने का निर्देश दिए जाने की जानकारी बताई जा रही है। इधर काँकेर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज के बगावती तेवर से नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी मुसीबत पैदा कर दी है ।वैसे कांग्रेस में गुटबाजी अंतर्कलह से अब भी इंकार नही किया जा सकता है। और इधर जिला भाजपा ने भी नगरीय निकाय चुनाव की सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर चुकी है।और महज औपचारिक घोषणा शेष है।वह भी आज सम्भवतः घोषणा किया जा सकता है। वैसे मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के भीतर में टिकट को लेकर सिर फुटौव्वल की स्थिति से इंकार नही किया जा सकता है।जानकारी यह भी मिली है कि लगभग आधा दर्जन चेहरे को पुनः चुनावी मैदान में उतारने को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी नाराज़गी देखी जा रही है।

दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के लिए बनी चुनौती

काँकेर नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस -भाजपा दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशी चयन में वर्तमान पार्षद प्रत्याशी को पुनः टिकट देने से नाराज कार्यकर्ताओ में पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफज़मकर नाराज़गी साफदेखी जा सकती है।वही कुछ असंतुष्ट कार्यकर्ताओं के अनुसार वार्ड में जिनकी छवि धूमिल हो चुकी है ।उन्हें पुनः टिकट दिया जाना यानी सीट हारने के जैसा है।फिर भी ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया जा रहा है ।जिसकी मजबूत स्थिति है।उसे दरकिनार किया जा रहा है।इस स्थिति में वार्डवासियों की मांग पर बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने की अटकलो के बाद दोनों पार्टियों में सिर फुटौव्वल की स्थिति बनी हुई है।

बगावती तेवर गुटबाजी अंतर्कलह

काँकेर नगरीय निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद स्वंय जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज द्वारा टिकट नही दिए जाने को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी सहित अपने पैनल से पार्षद खड़े कर बगावती तेवर से कांग्रेस के भीतर चल रही अंतर्कलह गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है।अब भाजपा में टिकट की घोषणा के बाद उपेक्षित कार्यकर्ताओ के रुख सामने आने की अटकलें लगाई जा रही है। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष के बगावती तेवर को देखते ही भाजपा ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाती नज़र आ रही है। बहरहाल नगरीय निकाय चुनावों में ही दोनों पार्टियों टिकट घोषणा के बाद ही सारी स्थिति स्पष्ट होगी।

क्षेत्र क्रमांक 2 से डोमेंद्र ठाकुर ने भी ठोकी ताल

- ■ जिला पंचायत सदस्य सामान्य सीट होने से घमासान होने की अटकलें
- ■ गांव-गांव लोगों से जनसम्पर्क अभियान तेज़

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमाक 2 मुक्त सामान्य होने के बाद से ही जिला पंचायत चुनाव लड़ने वालो की लम्बी कतार लग रही है ।जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 2 से कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता व ब्लाक कांग्रेस कमेटी काँकेर के उपाध्यक्ष वर्तमान गोविंदपुर ग्राम पंचायत के उपसरपंच डोमेंद्र सिंह ठाकुर ने भी अपनी दावेदारी ठोककर क्षेत्र क्रमांक 2 में राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है ।वैसे क्षेत्र क्रमांक 2 से कांग्रेस के दावेदारो की लंबी कतार है ।और हर कोई इस सीट से जीत की दावेदारी भी कर रहा है। लेकिन लगभग 20 सालो से कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में डोमेंद्र सिह ठाकुर कांग्रेस के प्रबल दावेदारो में एक माने जा रहे है। ठाकुर का पूरा परिवार कट्टर कांग्रेस कार्यकर्ता माना जाता है । वैसे डोमेंद्र सिह ठाकुर उर्फ राजू ठाकुर वर्ष 2003 से कांग्रेस के सक्रिय राजनीति में उतरकर वर्ष 2003 के विधानसभा लोकसभा में कांग्रेस के द्वारा दी गई ज़िम्मेदारी को बाखूबी निभाकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में अहम भूमिका निभाई है। बता दे की राजू ठाकुर आदिवासी कांग्रेसी नेता नितिन पोटाई के भी बेहद करीबी माने जाते है ।ठाकुर वर्ष 2003 से 2013 तक जिला टैक्सी यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य रहे है। टैक्सी यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में काँकेर से भानुप्रतापपुर तक आने बाले ग्रामीणों व किसानों से सीधे संपर्क है। बता दे कि राजू ठाकुर विगत वर्षों के के सहकारिता चुनाव व त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनावों में अपनी कुशल रणनीति के ज़रिए काँकेर से सटे ग्राम पंचायत में अधिकाँश कांग्रेस के सरपंच उपसरपंच के पद पर काबिज़ करवाने में बड़ी भूमिका बताई जा रही है। राजू ठाकुर क्षेत्र क्रमांक 2से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश कर जिला पंचायत चुनाव में घमासान मचा दिया है।इनकी दावेदारी से कांग्रेस भाजपा दोनों राष्ट्रीय पार्टी के दावेदार क्षेत्र क्रमांक 2 से जीत को लेकर गांव में राजीनितिक बिसात बिछानी शुरु कर दिया गया है। पंचायत चुनाव जो कि ग्रामीण इलाक़ो में होने के कारण गांव में अभी से ही चुनावी रंग में रंगना शुरू हो चुका है।

केन्द्र में आज से शुरू हुई धान की खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। वर्तमान में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में नारायणपुर जिले के छह उपार्जन केन्द्रों एड़का, छोटेडोंगर, धौड़ाई, नारायणपुर, बिजली, और बेनुर में आज रविवार 01 दिसंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है।

पहले दिन इन उपार्जन केंद्रो में 140 क्विंटल धान आया। ख़बर लिखे जाने तक सबसे अधिक धान उपार्जन केन्द्र बेनूर में 56 क्विंटल धान की ख़रीदी की गई। एड़का में 12 क्विंटल, छोटेडोगर में 22, धौड़ाई में 13, नारायणपुर में 12 और बिंजली में 25 क्विंटल धान बेचने किसान आए। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने खरीदी के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रहना चाहिए।

डेंगू की रोकथाम के लिये संजय मार्केट में चला सघन अभियान

रायगढ़। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में 'हर रविवार डेंगू पर हो ही वार ' अभियान के तहत आज नगर निगम आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने डेंगू की रोकथाम के लिए नालियों की सफाई करवाई एवं मोबिल ऑइल का छिड़काव किया। संजय मार्केट क्षेत्र में प्रतिदिन सब्जियों की दुकानें लगती हैं। यह क्षेत्र सबसे ज्यादा डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में से एक रहा है, जिसे चिन्हांकित किया गया है और जहां अभियान चलाकर नालियों की साफ-सफाई की गई एवं टेमिफॉस की दवा का वितरण किया गया। मच्छर के लार्वा न पनपे, इसके लिये सावधानी बरतने के लिये लोगों को जागरूक किया गया। दुकानदारों को बताया गया कि सड़ी-गली सब्जियां नालियों में न डालें, जिसकी वजह से सफाई में दिक्कत होती है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कार्रवाई करते हुए नालियों के ऊपर लगे पसरा एवं ठेला को जब्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री पंकज मित्तल एवं नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शिक्षक पंचायत संवर्ग के एरियर्स की राशि का भुगतान कराना सुनिश्चित करें: सीईओ

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर के अंतर्गत आने वाले समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैंठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा ली गई। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 10 दिसम्बर तक समस्त शिक्षक पंचायत संवर्ग के व्याख्याता पंचायत, शिक्षक पंचायत एवं सहायक शिक्षक पंचायतों के निम्न पद से उच्च पद के अंतर की राशि का गणना पत्रक तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि शिक्षक संवर्ग को अंतर की राशि का भुगतान किया जा सके। इसी प्रकार न्यायालय के द्वारा शिक्षक पंचायत संवर्ग के निम्न पद से उच्च पद, बी.एड, नान बी.एड., क्रमोन्नति वेतनमान, संविलियन हेतु प्रस्तुत याचिकाओं पर न्यायालय द्वारा दिये गये समय-सीमा के अंतर्गत निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यापालन अधिकारी द्वारा पात्र शिक्षक पंचायत संवर्ग को समय वेतनमान, पुर्नरीक्षित वेतनमान, परीक्षा अवधि हेतु नियमितीकरण का प्रस्ताव भेजते समय इस बात का अवश्य परीक्षण करें कि गोपनीय चरित्रावली, चल-अचल सम्पत्ति, नियुक्ति आदेश तथा पिछले तीन माह से लगातार उपस्थित होने का प्रमाण-पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज को सत्यापित करते हुये प्रस्तुत करें।

जिला कोषालय के कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने पर भावभिनी विदाई

कांकेर। जिला कोषालय कांकेर में पदस्थ श्री लक्ष्मीनाथ कश्यप, दफ्तरी के पद पर पदस्थ थे उनकी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर जिला कोषालय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। श्री कश्यप ने कोषालय में 42 वर्षो की सेवा दी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री श्रद्धा सुमन एक्का द्वारा श्री कश्यप के स्वस्थ एवं कुशल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे श्रीफल, सॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में श्री साधुराम विश्वकर्मा एवं श्री रजमन पोटाई द्वारा गीत के माध्यम से उनके भविष्य की शुभकामना दी गई। मंच संचालक सहायक कोषालय अधिकारी श्री टी.एल.पिस्दा द्वारा किया गया। विदाई समारोह में जिला कोषालय एवं उपकोषालय परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ियों की बस को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से जिले के संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाडीखुर्द के खिलाड़ियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया। रायपुर में 2 से 4 दिसंबर तक राज्य स्तरीय ई एम आर एस स्पोर्ट्स मीट-2019 आयोजित किया जा रहा है।

3इस राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में जिले के 21 अंडर 14 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। ये खिलाड़ी ऊंची,लंबी कूद, पैदल चाल, कराटे और मार्शल आर्ट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने इन खिलाड़ियों को बेहतर और जुझारू खेल का प्रदर्शन करने और जिले का नाम रौशन करने की अपील की। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। इन खिलाड़ियों के साथ दल प्रभारी श्री बी पी धृतलहरे, अधीक्षक श्रीमती एस एस धृतलहरे, कोच भोगसिंह सिदार, शिक्षक नरेंद्र बरेठ, व्यायाम शिक्षक विजय तेली और श्रीमती निलम कुर्रे भी रवाना हुईं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी एकदम

धनेलिकन्हार में एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित

कांकेर। रविवार को एड्स दिवस को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलिकन्हार में विश्व एड्स दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि चित्रलेखा सोनवानी मुख्य न्यायाधीश कांकेर, श्रीमती अमृता मिश्रा सचिव विधिक साक्षरता कांकेर, आकांक्षा ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर थे। एड्स रोग के लक्षण एवं बचाव पर विस्तार पूर्वक जानकारी कांकेर विकासखंड के बीएमओ डॉ. ओ.एस. पटेल के द्वारा दिया गया साथ ही चित्रलेखा सोनवानी मुख्य न्यायाधीश कांकेर के द्वारा एड्स के बचाव एवं समाज मे फैले कुरीतियों के बारे में जानकारी दी गयी।इस कार्यक्रम में बी.एम.ओ. ओ.एस. पटेल, बीपीएम छबिल ध्रुवे, ग्राम सरपंच वीरेंद्र मरगिया, कोरर थाना प्रभारी पटेल जी, पी.एल.वी. चमन यादव एवं समस्त सी.एच.सी स्टॉफ धनेलिकन्हार एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

■ अभ्यर्थी का प्रस्तावक उसी वार्ड का हो निवासी जरूरी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल चैहान ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर नगरपालिका तथा नगर पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज शनिवार से अभ्यर्थियों से नामांकन लेने की कार्यवाही शुरू हो गई है। रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। सार्वजनिक अवकाश दिवस को नामनिर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थियों द्वारा नामनिर्देशन पत्र ऑनलाईन दाखिल किया जा सकता है, ऑनलाईन नामांकन दाखिल करने के बाद हार्डकापी रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। ऑनलाईन दाखिल करने के लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र की स्थापना भी की गई है, जिसका सहयोग लिया जा सकता है।कलेक्टर श्री चैहान ने नामांकन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एक अभ्यर्थी दो नामांकन पत्र एक ही दिन या अलग-अलग तिथियों में दाखिल कर सकता है। अभ्यर्थी शहर के किसी भी वार्ड का निवासी हो सकता है।

निरीक्षण | **नवागढ़ विकासखंड के धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर द्वारा सघन निरीक्षण**

पूजा-अर्चना कर केरा में किया धान खरीदी का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज विपणन वर्ष 2019-20 में जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नवागढ़ विकास खंड के धान खरीदी केन्द्र ग्राम केरा, धुलकोट और महंत का सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने केरा में नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया।

इस वर्ष जांजगीर चांपा जिले में किसानों से 209 उपार्जन केन्द्रों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है।

केरा धान खरीदी केन्द्र में आज कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान कृषक श्री संतोष देवांगन 60 कट्टी धान बेचने पहुंचे। कलेक्टर ने आज स्वयं धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया और जिले सभी 209 केन्द्रों में सुब्यवस्थित धान खरीदी के निरीक्षण के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से खरीदी की तैयारियों का जायजा लिया।कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी श्री अमृत कुजूर, जिला विपणन अधिकारी श्री सुनील राजपूत, और सहायक पंजीयक सहकारी समिति श्री चंद्रशेखर जायसवाल भी मौजूद थे।

6 माह के लिए सात जिलों से जगन्नाथ को किया गया जिलाबदर

कांकेर। नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटर निगरानी शुदा बदमाशों की लिस्ट पुलिस विभाग द्वारा तैयार कर जिलाबदर की कार्यवाही करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में अपराधियों एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिए गया हैं।पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल व एसएसपी किर्तन राठौर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना पखांजूर पुलिस द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की सूची तैयार कर कार्यवाही करना प्राम्भ कर दिया है इसी तारतम्य में पखांजूर के जगन्नाथ राय पिता स्वर्गीय महेंद्र राय उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पिव्ही 30 थाना पखांजूर जिला कांकेर के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही किया गया है। जग्गनाथ राय के विरुद्ध थाना प्रभारी द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी कांकेर ने अनावेदक जगन्नाथ राय पिता स्वर्गीय महेंद्र राय उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पिव्ही 30 थाना पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विरुद्ध जिला बदर का आदेश पारित करते हुए उसे आगामी 06 माह के लिए जिला कांकेर,कोंडागांव, धमतरी, बालोद, नारायणपुर, राजनांदगांव कुल 07 जिलों के सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) करने का आदेश पारित कर दिया गया है।

वनभूमि में पत्थरों का अवैध उत्खनन

■ विभागीय कर्मचारियों को नहीं है जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलाईगढ़। वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम रानीगढ़ व छुइहा के पास विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते वन भूमि में अवैध पत्थर उत्खनन से जंगलों का विनाश तेजी से हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 408 में एवं अगल-बगल के वनभूमि में अवैध पत्थर उत्खनन का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात की जानकारी तक नहीं है। वन भूमि में अवैध पत्थर उत्खनन से प्राकृतिक क्षरण के साथ-साथ वनों का विनाश भी तेजी से हो रहा है। तथा यहां विचरण करने वाले जंगली जानवरों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अवैध उत्खनन करने वाले यहां पर डेरा जमाए हुए हैं पूर्व में तीन-चार परिवार के लोगों के द्वारा यह कार्य किया जा रहा था अभी 2 महीने से लगभग 40 परिवार यहां आकर तम्बू ताने हैं और अवैध उत्खनन को अंजाम दे रहे हैं ।

ये सभी सुबह-सुबह बारूद लगा कर विस्फोट कर पत्थर को तोड़ रहे हैं बारूद की आवाज दूरदराज इलाके तक स्पष्ट रूप से सुनाई पड़ रहा है ,लेकिन विभाग के कर्मचारियों को इस अवैध कार्यों की जानकारी नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत धनसिर के सरपंच के द्वारा वन भूमि में अवैध खनन की शिकायत विभाग के डिप्टी रेंजर के पास किया जा चुका है उसके बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं होने से अवैध पत्थर उत्खनन करने वालों की तादाद में 10 गुना वृद्धि हो गया है।

वहीं विश्वास्त सूत्रों के अनुसार वन विभाग के छोटे कर्मचारी उत्खनन स्थल पर जाते हैं और थोड़े रकम लेकर अपना मुंह बंद कर अपने कर्तव्यों का इतिश्री कर लेते हैं जिसके कारण ही अवैध उत्खनन के कार्य में विगत 3 वर्षों के दौरान काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। यह अवैध उत्खनन करने वाले जंगल के लाल पत्थरों को तोड़कर तरासते हैं और सील लोढ़ा बनाकर भारी तादाद में दूसरे इलाके में बेचते हैं जानकारों के मुताबिक यहां पहले भी इस वन भूमि में अवैध पत्थर उत्खनन के मामले में पूर्व के वन अधिकारियों द्वारा शिकंजा कसा जा चुका है किंतु अभी 3 वर्ष के दरमियान कोई कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है और वे सभी बेखौफ होकर अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में बिलाईगढ़ में पदस्थ स्थानीय रेंजर जगदीश जायसवाल से पूछने पर बताया कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है क्योंकि डिप्टी रेंजर के द्वारा मुझे बताया ही नहीं गया है ।इसमें अति शीघ्र कार्रवाई किया जावेगा ।

सेवा सहकारी समिति बरदा में धान खरीदी का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बरदा में 1 दिसंबर रविवार को शुभारंभ किया। लवन परीक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरदा सहकारी समिति में धान खरीदी की सभी मापदंडों की जानकारी अपडेट करते हुए संचालक परमेश्वर यदु, अध्यक्ष गिरवर वर्मा, उपाध्यक्ष चिंताराम बंजारे, उपाध्यक्ष श्रीमती राधिन बाई बंजारे, पूर्व व्यवस्थापक गेंद राम वर्मा, पूर्व सरपंच कोमल वर्मा के द्वारा श्रीफल फोड़कर विश्वकर्मा की छाया चित्र में पूजा अर्चना की गई इसके बाद पुरुषोत्तम डहरिया की धान को तौलकर शुभारंभ की गई इस दौरान प्रभारी प्रबंधक बिसऊहा राम वर्मा, आपरेटर भागीरथी वर्मा, विक्रेता दीपक कुमार वर्मा, कमलेश प्रसाद वर्मा, खुलेश राम वर्मा, सहअपरेटर नील कमल वर्मा, प्रोसेसवंर प्रेम लाल वर्मा, चौकीदार पुरुषोत्तम यदु, समिति के सदस्य राजकुमार वर्मा, तिलकराम वर्मा, शिव कुमार वर्मा, गेंद राम वर्मा, पुरुषोत्तम डहरिया, हीरालाल पटेल, शोभा भारती, त्रिलोकी निषाद, अमरलाल पैकरा, मोहर चंद सोनवर्षा उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

बच्चों की मौत, सीएम ने जताया शोक

महासमुंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल के दो बच्चों के शनिवार को महानदी में डूबने से हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने को कहा है। परिजनों को यह सहायता राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रदान की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत माता स्कूल रायपुर के करीब 170 छात्र आज महासमुंद के सिरपुर में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। कक्षा नवमीं के दो छात्र अमन शुक्ला और खुशदीप संधु की महानदी में गहरे पानी में जाने से मृत्यु हो गई।

युवक से चार लीटर शराब बरामद

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने डोंगोपानी मार्ग पर शुक्रवार अपरान्ह तीन बजे दबिश देकर युवक के कब्जे से चार लीटर महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि मुबखिर की सूचना पर कसेकेरा निवासी देवकुमार साहू को शराब के साथ पकड़ा। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नेत्र रोग निदान शिविर आज

महासमुंद। एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर, नारी मंच और लायनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिसंबर सुबह 10 से 3 बजे तक प्राथमिक शाला गुडरूपारा में निःशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र जांच व मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर ऑपरेशन किया जाएगा।

जन्मदिन पर कॉलेज परिसर में पौधे रोपेंगी छात्राएं

महासमुंद। शासकीय माता कर्मा कॉलेज में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर एक नई परंपरा की शुरूआत की गई है। अब महाविद्यालय परिसर में स्टॉफ और छात्राएं अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण करेंगे। इसी कड़ी में संस्थान के सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र वीके साहू ने महाविद्यालय के कर्मा वाटिका में पौधरोपण किया। साथ ही महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमेश कुमार देवांगन, वरिष्ठ सहायक प्राध्यपाक एसबी कुमार, जिला पंचायत सदस्य किशन देवांगन एवं छात्राओं ने पौधे लगाए। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

बिरकोनी में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

बिरकोनी। बिरकोनी बाजार चौक लीला मंच परिषद में शुक्रवार को कृषि एवं जैव प्रौद्योगिक विभाग द्वारा बीज ग्राम योजनान्तर्गत किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विस्तार अधिकारी मनीराम उइके, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकार एस एस गौतम, किसान मित्र बलराम पटेल ने रबी फसल और जैविक खाद के संबंध में जानकारी दी।

आरटीई के नोडल अधिकारियों की बैठक

महासमुंद। सभी विकासखण्डों के 85 नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने अशासकीय विद्यालयों में आरटीई के तहत् अध्ययनरत् एवं ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी का परीक्षण किए जाने निर्देश दिए। अशासकीय विद्यालयों में फीस निर्धारण सत्र के प्रारंभ में ही नोडल अधिकारी एवं पालक सदस्यों की उपस्थिति में किए जाने, आरटीई अंतर्गत शासन से भुगतान राशि के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव की प्रेसवार्ता

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में तीसरी बड़ी राजनीतिक शक्ति बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ में रायपुर सहित सभी जगह नगरीय निकाय चुनाव लडऩे की तैयारी है। महासमुंद जिले के सभी नगरीय निकायों खासकर महासमुंद और बागबाहरा के हर वार्ड में अपना प्रत्याशी उतारेगी। हर दल के बागियों के लिए पार्टी का दरवाजा खुला है, उन्हें चुनाव लडऩे का मौका भी दिया जा सकता है।

राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलकंठ त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजीम भाई, धमतरी जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल ने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक नोबेल वर्मा के नेतृत्व में एनसीपी नेताओं ने कहा कि पूर्व में किन्ही कारणों से एनसीपी छोड़कर जाने वाले लोग पार्टी में लौट रहे हैं। भाजपा कांग्रेस के कई नेता संपर्क में हैं और उनसे बातें चल रही हैं। पार्टी छोड़कर जो लोग चले गए थे, उनकी वापसी करा रहा है। पिछली बार महासमुंद नगर पालिका चुनाव में एनसीपी के नगर पालिका अध्यक्ष सहित 8 पार्षद चुनकर आए थे। उनमें से कई जो भाजपा में चले गए वे इस चुनाव में फिर एनसीपी के साथ होंगे। एनसीपी ने मयंक जायसवाल को युवा एनसीपी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

आईसीटी योजनांतर्गत डीजी दुनिया का शिक्षक प्रशिक्षण

■ 'अब ब्लेक बोर्ड से की बोर्ड की ओर' के तहत 161 स्कूलों का चयन

महासमुंद। शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्कूल शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान् द्वारा डीजी दुनिया योजना 'अब ब्लेक बोर्ड से की बोर्ड की ओर' के तहत जिला के 161 स्कूलों का चयन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल कुर्रे ने बताया कि जिसमें 46 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब सह डिजिटल क्लास रूम एवं 115 हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में डिजिटल क्लास रूम की स्थापना की गई है। इन विद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों को पांच केन्द्र में विकासखण्डवार 7 से 30 नवम्बर तक 40-40 शिक्षकों का बैच बना कर 6 चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर, लैपटाप व प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को ई-लर्निंग कन्टेण्ट से अध्ययन अध्यापन कराना व ऑनलाइन परीक्षा देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को डिजिटल क्लास के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। स्कूलों में सामान्य अध्यापन कक्ष को स्मार्ट क्लास के रूप परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगा और परीक्षा परिणाम बेहतर हो सकेगा। विद्यार्थी ऑनलाइन एक्जाम से अवगत होकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो सकेंगे।

जिले में आज से शुरू हुई धान खरीदी

अम्बिकापुर। राज्य शासन की घोषणा के अनुरूप आज 1 दिसम्बर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी शुरू हो गई। कलेक्टर डॉ0 सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में जिले के सभी 34 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की सभी तैयारियां व्यस्थित रूप से पूरी कर ली गई। धान खरीदी के पहले दिन जिले के सात उपार्जन केन्द्रों में 14 किसानों के द्वारा 783.8 क्विंटल धान बेचा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्र कुन्नी से 1 टोकन से 52 क्विंटल, उपार्जन केन्द्र केरजू से 4 टोकन से 290 क्विंटल, उपार्जन केन्द्र डूमरडीह से 3 टोकन से 162 क्विंटल, उपार्जन केन्द्र धौरपुर से 2 टोकन से 160 क्विंटल, उपार्जन केन्द्र नमनाकला से 2 टोकन से 22.8 क्विंटल, उपार्जन केन्द्र राजापुर से 1 टोकन से 60 क्विंटल तथा उपार्जन केन्द्र सीतापुर से 1 टोकन से 37 क्विंटल धान 14 किसानों के द्वारा बेचा गया।

अपर कलेक्टर-आरटीओ को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर श्री निर्मल तिग्गा एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री ऑगस्टिन टोप्पो 30 नवम्बर 2019 को अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए। दोनों अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को ऑफिसर क्लब में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवको का अभिन्न हिस्सा है।सभी शासकीय सेवको को अधिवर्षिता पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होना होता है। उन्हने कहा कि हर अधिकारी का काम करने का अपना शैली होता है। उनके अनुभवों से सीख मिलती है। दोनों अधिकारियों ने लम्बी अवधि तक विभिन्न स्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियो को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की बधाई दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा ने अपर कलेक्टर श्री तिग्गा के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि श्री तिग्गा बहुत ही सुलझे हुए अधिकारी रहे हैं।

200 लोगों का हुआ एचआईवी जांच

नवप्रदेश संवाददाता

तिल्दा-नेवरा। विश्व एड्स दिवस के मौके पर सेंचुरी सीमेंट में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा संचालित मोबाइल आई सी टी सी के माध्यम से 200 लोगों का एच आई वी जांच किया गया इस अवसर पर सेंचुरी सीमेंट के अधिनस्थ हास्पीटल के डांक्टर संजीव ने उपस्थित लोगों को एच आइ वी से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दी साथ ही उपस्थित जन समुदाय को एचआईवी जांच कराने हेतु प्रेरित किया आयोजित इस जनहितैषी इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने में समर्थन संस्था के ईश्वर प्रसाद वर्मा,केसव धीवर पार्वती करें योगेश वर्मा,सरिता बर्मन, रघुबीर वर्मा,बुद्धेश्वरी देवांगन, आदि का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम के अंतिम चरण में जनजागरण हेतु एचआईवी से संबंधित पोस्टर का वितरण किया गया ।

जागव वोटर्स कार्यक्रम: विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जाबो अर्थात जागव वोटर्स कार्यक्रम के तहत स्थानीय निर्वाचन 2019 संदर्भित कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में स्थानीय निर्वाचन पर जानकारी प्रदान करने एवं समझ बनाने के लिए महाविद्यालय स्तरीय स्थानीय निर्वाचन पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 महाविद्यालय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, जिला प्रशासन से संचालित निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी, शासकीय आईटीआई, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, शांत्री बाई बीएड कॉलेज महाविद्यालय, इंडियन बीएड कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए।

जाबो कार्यक्रम के तहत स्थानीय निकाय संदर्भित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, नगर निगम सहित निर्वचान प्रक्रियाओं, सामग्री आदि से सम्बंधित प्रश्न प्रतियोगिता के माध्यम से शामिल महाविद्यालयों को टीम ए से एच में विभाजित कर खेलाया गया प्रतिभागियों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

186.40 क्विं. धान और एक वाहन जब्त

महासमुंद। निगरानी दलों ने अब तक धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 193 प्रकरण दर्ज किए हैं। जिसके अंतर्गत 12 हजार 477.40 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसके अलावा कुल 11 वाहन भी जब्त किए गए हैं। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परविहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्यवाही में शनिवार को 8 प्रकरण में 186.40 क्विंटल धान एवं एक वाहन जब्त किए गए। इनमें लालाराम, ग्राम तरेकेल से 8 क्विं. धान, नारायण साहू, ग्राम तरेकेल से 10 क्विं. धान, रामकुमार साहू, ग्राम कुरूभांठा से 8 क्विं. धान, परशुराम पटेल, बिजातीपाली से 50.80 क्विं. धान, नवरत्न चौधरी, नारायण राईस इण्डस्ट्रीज, सम्हर से 41.60 क्विं धान जब्त किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मुठभेड़ थी फर्जी...

के लिए जस्टिस व्हीके अग्रवाल की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय विशेष न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। लखमा के नेतृत्व में पहुंचा था कांग्रेस दल 28-29 जून को जिस समय सारकेगुड़ा घटना सामने आई थी, उस समय यहां जगदलपुर में गणपति रिसार्ट में कांग्रेस की बड़ी बैठक के लिए पार्टी के कई बड़े नेता शहर में मौजूद थे। तत्कालीन पीसीसी अध्यक्ष स्वर्गीय नंदकुमार पटेल ने 30 जून को सारकेगुड़ा घटना की जांच के लिए कवासी लखमा के नेतृत्व में दल का गठन किया था। दल ने घटनास्थल जाकर जांच कर रिपोर्ट पीसीसी को सौंपा था। ज्ञात हो कि 2012 से 2019 के बीच सारकेगुड़ा के अलावा एड्समेटा, टीएमटीडी, झीरम व श्यामगिरि कांड की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है जिसमें सारकेगुड़ा कांड की ही रिपोर्ट आई है।

रमन सिंह बोले : सारकेगुड़ा मुठभेड़ की न्यायिक जांच रिपोर्ट सदन में रखने के पहले मीडिया में लीक होना गंभीर मामला है, ये विधानसभा की अवमानना भी है। इस मुद्दे पर हम कल विधानसभा में चर्चा करेंगे। साथ ही यह विधानसभा की अवमानना है।

लक्ष्य 85 लाख...

मंडियों में भी व्यवस्थाओं तथा किसानों की दिक्कतों से रुबरू हुए। किसानों को फिलहाल केंद्र सरकार से घोषित समर्थन मूल्य (एमएसपी) मोटा चावल के लिए 1,815 और पतला के लिए 1,835 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार अपनी घोषणा के अनुसार किसानों को प्रति क्विंटल 2500 रुपये देगी, लेकिन अंतर की राशि के लिए किसानों को इंतजार करना पड़ेगा। धान की खरीद 15 फरवरी तक चलेगी। धान के भुगतान की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी।

पूर्व सीएम पहुंचे...

धान के ही मसले को लेकर भाजपा ने वादा निभाओ आंदोलन प्रदेशभर में छेड़ दिया है। पूरे प्रदेश में मौजुद धान खरीदी केंद्रों पर भाजपा प्रदर्शन कर रही है। डॉ रमन सिंह चंद्रखुरी के नगपुरा पहुँचे और आंदोलन में भाग लिया। डॉ रमन सिंह ने कहा गंगा जल हाथ में लेकर कसम खाए थे, अब देते क्यों नहीं 2500, दें और वादा निभाए सरकार। उन्हों ने कहा वादा कांग्रेस सरकार ने किसानों से किया और अब वादा पूरा करने के वक्त राजनीति कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार को कोस कर अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए बहाना कर रही है। आरोप लगाया कि किसानों और आम जनता को बड़े-बड़े वादे कर चुनाव जीती ।

दुर्ग में सीएम बोले...

किसानों से मुखातिब होकर भूपेश बोले अभी तो केंद्र व्दारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर हम आप से धान ले रहे हैं, लेकिन यह मत सोचियेगा 2500 नहीं मिलेगा। उन्हों ने किसानों से वादा किया कि हर एक किसान जो पंजीकृत है और तय नियमों पर धान बेच रहा है उसे बकाया राशि भी छत्तीसगढ़ सरकार देगी। आगे कहा कि किसानों को बकाया राशि भुगतान के लिए बजट राशि में प्रावधान कर दिया गया है।

जेल भरो आंदोलन...

4 आदिवासी इलाकों में पेशा कानून पर अमल करो। 5 गश्ती अभियान के नाम पर ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग बन्द करो। 6 अपने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए संघर्ष करो 7 कोई भी निर्माण कार्य के लिये ग्राम सभा से बिना अनुमति के न किया जाये। इन्ही 8 मांगो को लेकर आंदोलन के लिये ग्रामीण नहाड़ी, ककाड़ी, बुरगुम, पोटाली, समेली, जबेली,अरनपुर से रशद राशन लेकर पैदल आदिवासी घरों से निकलकर पालनार आंदोलन में जुटने पहुँच रहे है।

राष्ट्रपति से रा में...

आवासीय समूह का खिताब कई बार जीत चुका है। लेकिन पिछले दो साल से एक राजनेता जवाहर यादव के प्रभाव में आकर आरडब्ल्यूए को परेशान किया जाने लगा। कारण- सिर्फ आरडब्ल्यूए पर अपने लोगों को बिठाकर मनमर्जी चलाने का है। उक्त राजनेता का प्रभाव हरियाणा सरकार पर इतना है कि न पुलिस सुनवाई करती है, और न ही शासन-प्रशासन। और तो और राज्य शासन से गफलत में डालकर, गलत जानकारियां देकर येनकेन प्राकरेण मौजूदा आरडबलूए को भंग करने की पुरजोर कोशिश जा रही है। लगा कि भागादौड़ का कोई अंत नहीं इसलिए लिखा पत्र कुमार ने आगे कहा कि चारों तरफ से फरियाद मांगने के बाद जब लगने लगा कि कहीं सुनवाई नहीं हो रही, इस भागादौड़ का कोई अंजाम नहीं निकल रहा तो अंत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु का निवेदन किया है ताकि वर्षों रॉ जैसे संस्थानों में राष्ट्रभक्ति से काम करने के बाद उम्र के इस पड़ाव पर बिना वजह मुझे हर रोज शर्मसार न होना पड़े!

उगाही के लिए यादव ने कराया अतिक्रमण : रॉ के पूर्व अधिकारी एससी कुमार ने कहा कि हमारी सोसायटी के आसपास जवाहर यादव द्वारा अतिक्रमण करवाया गया है ताकि हर माह लाखों रुपए की उगाही की जा सके। बतौर स्थानीय नागरिक अगर हम अतिक्रमण का विरोध करें तो बदले में हमारी सोसाइटी में गुंडे-मवाली भेज कर हमें धमकाया जाता है। उनकी ओर से पालम विहार थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज हो तो पुलिस तुरंत हरकत में आती है। लेकिन बतौर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मैं लिखित रूप में साक्ष्य सहित कोई शिकायत कराता हूं तो एफआईआर तक लिखने को राजी नहीं होते। थाने को लिखा। एसपी को शिकायत दी। मुख्यमंत्री को पत्र भेजे, लेकिन गत दो सालों से ज्यादातियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

नेता के गुंडों ने महिलाओं का भी जीना किया दूभर : कुमार ने कहा कि एकतरफा कार्रवाई हो रही है। उक्त नेता के गुंडों ने सोसाइटी की संभ्रांत महिलाओं का रहना दूभर कर रखा है। मैंने पिछले कार्यकाल में कई बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर बात करने की कोशिश की मगर सफल नहीं हो सका। मैं मीडिया के माध्यम से फिर गुजारिश करूंगा कि मुख्यमंत्री मेरी इच्छा मृत्यु से पहले जरूर गुरुग्राम स्थित पार्क-व्यू रेजिडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायतें बैठकर सुनें। गौर फरमाएं। पद का दुरुपयोग कर रहे एसडीएम जैसे अफसर : हम सब उनको मिलकर बताएंगे कि कैसे स्थानीय एक नेता के प्रभाव में आकर एसडीएम रैंक का अधिकारी अपने नाम से आरडबलूए के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराता हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसी पहली घटना होगा जहां बिना वजह एक अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग गैरकानूनी एफआईआर के लिए कर रहा हो।

आरडब्ल्यूए को जबरिया भंग करने का षड्यंत्र : रॉ से रिटायर आरडब्लूए अध्यक्ष एससी कुमार ने बताया कि आरडबलूए पर कब्जे के लिए उक्त नेता के दबाव में इंडस्ट्रीज विभाग ने हमारे सोसायटी की हर तरह की जांच पड़ताल कर ली, हमारे एकाउंट्स की ऑडिट देखी गई। चुनाव के तौर-तरीकों की जांच की गई। हर जगह जब हमारी सोसाइटी ठीक निकली तो अब विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई आरडब्ल्यू को जबरिया भंग करने की कोशिश की जा रही है।

नागरिकता विधेयक...

अरुणाचल प्रदेश के छात्र संगठन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कई राजनीतिक दलों के नेता राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय और राज्य प्रमुख, दोनों सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के प्रमुखों को भी चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है।

निजी दूर संचार...

मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ निजी क्षेत्र को फायदा पहुंचाना रह गया है और इसके लिए सरकारी क्षेत्र की कंपनियों को जानबूझकर कमजोर करने का उपक्रम कर रही है।

जैसे उन्होंने किया...

श्यामला ने बताया कि गुरुवार सुबह जब पुलिस उनके बेटे को पूछताछ के लिए लेकर गई तो उनके पति ने हताश होकर घर छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि केशवुलु की शादी पांच महीने पहले हुई थी। उन्होंने बताया, 'हमने उसकी पसंद की लड़की से उसकी शादी कराई। घर पर कभी कोई दबाव नहीं डाला क्योंकि उसे किडनी की बीमारी थी। हम उसे हर 6 महीने पर इलाज के लिए हैदाराबाद के निम्स अस्पताल ले जाते थे।'

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

दीपिका पादुकोण की कार्तिक आर्यन ने पूरी की विश

एयरपोर्ट पर सिखाया 'धीमे धीमे' डांस स्टेप, वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर चल रहे 'धीमे-धीमे चैलेंज' का हिस्सा बनने को लेकर दीपिका पादुकोण ने एक पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने कार्तिक आर्यन से इस गाने के सिग्नेचर स्टेप को सिखाने के लिए कहा था। या यूं कहिए कि दीपिका पादुकोण ने कार्तिक आर्यन से इस गाने पर डांस सिखाने की रिक्वेस्ट की थी। इसी को पूरा करने के लिए आज सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर दीपिका पादुकोण और कार्तिक आर्यन एक साथ नजर आए। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा था कि कार्तिक आर्यन क्या आप मुझे 'धीमे-धीमे' स्टेप सिखाएंगे? मुझे भी धीमे-धीमे चैलेंज में भाग लेना है। मुंबई एयरपोर्ट पर जब कार्तिक आर्यन ने दीपिका पादुकोण को ये सिग्नेचर स्टेप सिखाया तो वह बेहद खुश हुईं और कार्तिक का शुक्रिया अदा किया।

छह दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित होगा इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड

मुंबई (वार्ता)। पांचवा इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड समारोह आगामी छह दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने फिल्मकार अभय सिन्हा की कंपनी यशी फिल्म्स के बैनर तले पांचवा इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड छह दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व यह अवार्ड समारोह यशी फिल्म्स ने मॉरीशस, दुबई, लंदन और मलेशिया में आयोजित किया था। छह दिसंबर को सिंगापुर के सनटेक कनवेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले 5वें इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड समारोह में बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मी दुनिया के सितारों के साथ-साथ राजनीति के दिग्गजों का भी जमावड़ा लगेगा। अवार्ड समारोह का चैनल पार्टनर बिग गंगा है।

QUIZ TIME

1) भारत की सीमा से कितनी देशों की सीमाएँ मिलती हैं?
(क) 7 (ख) 9
(ग) 12 (घ) 15

2) स्वर्णमंदिर के गुंबज को महाराजा रणजीत सिंहजी ने सोने से मढ़वाया था। (सही / गलत)

3) टेनिस के खेल से संबद्ध डेविस कप टूर्नामेंट में भारत ने सर्वप्रथम कब भाग लिया? (1921 / 1932)

4) शनि ग्रह में सर्वाधिक उपग्रहों की संख्या-

5) मशीन का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 7 (2) सही (3) 1921 (4) 30
(5) इडली बनाने का मशीन

अक्षय ने 'सूर्यवंशी' की शूटिंग पूरी की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म सूर्यवंशी की शूटिंग पूरी कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी 'सूर्यवंशी' में अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की मुख्य भूमिका है। 'सिंघम' में अजय देवगन और सिंबा में रणवीर सिंह के बाद अब रोहित फिल्म सूर्यवंशी के जरिए अक्षय कुमार को कॉप के रोल में दिखाने जा रहे हैं। हाल ही में फिल्म की शूटिंग रोहित और अक्षय ने खास अंदाज में खत्म की है। अक्षय कुमार ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर शेयर की है। वे इसे फिल्म की शूटिंग का अंतिम सीन बता रहे हैं। तस्वीर में रोहित शेट्टी और अक्षय हेलीकॉप्टर के नीचे आराम से बैठे नजर आ रहे हैं। अक्षय ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, आखिरी दिन, आखिरी शूट, आखिरी स्टंट। रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बनकर अच्छा लगा। मैं इस बात को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं कि आप लोग ये फिल्म थियेटर में जाकर देखें। हमें उम्मीद है कि ये फिल्म आपको चकित कर देगी। फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी ने भी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, अक्षय कुमार ने आज फिल्म सूर्यवंशी का आखिरी शूट किया।

पानीपत का प्रमोशन करने नोएडा पहुंचे अर्जुन और कृति सेनन

अर्जुन कपूर और कृति सेनन अपनी अपकमिंग फिल्म 'पानीपत' के प्रमोशन के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचे। यहां दोनों अपने फैन्स और मीडिया से भी रूबरू हुए। अर्जुन और कृति ने मूवी का प्रमोशन तो किया ही साथ ही बताया कि यह फिल्म उनके दिलों के कितने करीब है। दोनों ने मीडिया से मूवी के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। इस बीच कुछ लकी फैंस को फिल्म के स्टार कास्ट के साथ सेल्फी भी क्लिक करने का मौका मिला। फिल्म 'पानीपत' की बात करें तो सन 1761 पर आधारित 'पानीपत' मराठा साम्राज्य के बारे में है। इसमें अर्जुन कपूर मराठा सेना के सेनानायक सदाशिव राव भाऊ के किरदार में दिख रहे हैं, जबकि अफगानिस्तान के राजा अहमद शाह अब्दाली के किरदार को संजय दत्त निभा रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था जिसे दर्शकों से मिक्स रिस्पॉन्स मिले हैं। कुछ को ये ट्रेलर पसंद आया तो कुछ का कहना है कि फिल्म से जितनी उम्मीद थी वो उन पर खरी नहीं उतरी।

ब्रांड फैक्टरी का 4 से 8 दिसंबर तक फ्री शॉपिंग वीकएंड

नयी दिल्ली (वार्ता)। फ्यूचर लाइफस्टाइल की फैशन डिस्काउंट स्टोर श्रृंखला ब्रांड फैक्टरी ने चार से आठ दिसंबर तक फ्री शॉपिंग वीकएंड की घोषणा की है। कंपनी ने रविवार को यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि पिछले तीन सीजनों में ग्राहकों के मिले बेहतर प्रतिसाद के मद्देजनर इसका चौथा संस्करण लाया गया है जिसमें 200 से ज्यादा ओरिजनल ब्रांडों की खरीदारी का मौका होगा। ऑफरों के साथ ब्रांड फैक्टरी ग्राहकों को मात्र दो हजार रुपये में 5,000 रुपये का सामान खरीदने का मौका दे रही है। दो हजार रुपये भी उन्हें 1,200 रुपये के गिफ्ट वाउचर, 500 रुपये के परिधान तथा फ्यूचर पे वॉलेट में 300 रुपये कैशबैक के जरिये वापस मिल जाती है। इस तरह उनकी खरीदारी मुफ्त हो जाती है।

जीडीपी ग्रोथ में पस्त मोदी सरकार को जीएसटी से मिला लाभ

- नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह का आंकड़ा 1 लाख करोड़ रुपये के पार रहा
- तीन महीने पहले 1 लाख करोड़ से ज्यादा हुआ था जीएसटी कलेक्शन
- नवंबर में जीएसटी कलेक्शन 12 प्रतिशत बढ़ा है

नई दिल्ली। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मोर्चे पर लगातार मायूसी की खबरों के बीच वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पर खुशखबरी आई है। तीन महीने के बाद नवंबर में फिर से एक लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। नवंबर में जीएसटी संग्रह एक साल पहले इसी माह की तुलना में छह प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पहले अक्टूबर महीने में जीएसटी संग्रह 95,380 करोड़ रुपये था जबकि पिछले वर्ष नवंबर में 97,637 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस बार नवंबर में केंद्रीय जीएसटी से वसूली 19,592 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 27,144 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 49,028 करोड़ रुपये और जीएसटी उपकर से वसूली 7,727 करोड़ रुपये रही। एकीकृत जीएसटी में से 20,948 करोड़ रुपये आयात से वसूल हुए। इसी तरह उपकर (सेस) की वसूली में 869 करोड़ रुपये आयातित माल पर उपकर से प्राप्त हुए। इससे पहले सितंबर और अक्टूबर महीने में जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर गिरावट आई थी। बयान में कहा गया कि नवंबर में घरेलू लेनदेन पर जीएसटी संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह इस साल जीएसटी राजस्व में सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है।

खाद्य तेलों और दालों में उबाल, चीनी गरम, गेहूँ नरम

नयी दिल्ली 01 दिसंबर (वार्ता) वैश्विक बाजारों में खाद्य तेलों में तेजी के बीच बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में भी इनमें तेजी देखी गयी। दालों में उबाल आ गया । इस दौरान चीनी में तेजी रही जबकि गुड़ और गेहूँ में नरमी रही। तेल-तिलहन : समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों में मजबूती रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 136 रिंगिट चढ़कर 2,743 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.42 सेंट की मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 31.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। आलोच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय बाजार में ग्राहकी आने से सरसों तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये, वनस्पति 73 रुपये और पॉम ऑयल 73 रुपये प्रति क्विंटल उछल गया। इस दौरान सूरजमुखी तेल और मूँगफली तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैवाहिक मांग से सोना 180 रुपये वृद्धि

नई दिल्ली (वार्ता)। वैवाहिक मांग आने से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 180 रुपये चमककर 39520 रुपये प्रति 10 ग्राम रह पहुंच गया और चाँदी 125 की साप्ताहिक बढ़त के साथ 46,025 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, बीते सप्ताह वहाँ सोना हाजिर 2.85 डॉलर लुढ़ककर 1,455.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा 3.30 डॉलर बढ़कर 1,462.30 डॉलर प्रति औंस बोला गया। आलोच्य सप्ताह के दौरान चाँदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत हुई। चाँदी हाजिर 0.06 डॉलर की साप्ताहिक बढ़त के साथ 16.94 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई।

अगले सप्ताह शेयर बाजार में पड़ सकता है भारी दबाव

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर बीते सप्ताह रिकार्ड स्तर पर पहुंच कर कीर्तिमान बनाने वाले शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भारी दबाव दिख सकता है क्योंकि आर्थिक गतिविधियों में रही भारी गिरावट के कारण बाजार में मुनाफावसूली देखी जा सकती है। ऐसे में छोटे निवेशकों को सबसे अधिक सर्तकता बरने की सलाह दी गयी है।

पांच दिसंबर को जारी होने वाली मौद्रिक नीति , वाहनों की बिक्री और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन के आंकड़ों के साथ ही वैश्विक स्तर पर हो रहे घटनाक्रम से अगले सप्ताह बाजार की चाल तय होगी। अर्थव्यवस्था में आयी भारी गिरावट के कारण रिजर्व बैंक के ब्याज दरों में एक चौथाई फीसदी की कटौती की उम्मीद की जा रही है। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 41131 अंक के अब तक रिकार्ड स्तर को छूने में सफल रहा था। सप्ताहांत पर बीएसई का 30शेयरों वाला सेंसेक्स 1.07 प्रतिशत अर्थात 434.40 अंक बढ़कर 40793.81 अंक पर रहा था। इसी तरह से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 141.65अंक चढ़कर 12056.05 अंक पर रहा। छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली को जोर देखा गया जिससे बीएसई का मिडकैप 346.19 अंक बढ़कर 15084.86 अंक पर और स्मॉलकैप 206.79 अंक चढ़कर 13560.57 अंक पर रहा। विश्लेषकों का कहा कि बीते सप्ताह शेयर बाजार रिकार्ड बनाने में सफल रहा लेकिन अगले सप्ताह भारी बिकवाली देखी जा सकती है क्योंकि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के छह वर्ष के निचले स्तर 4.5 प्रतिशत पर लुढ़कने के कारण बाजार में भारी बिकवाली देखी जा सकती है।

जीडीपी ग्रोथ में गिरावट

बाजार अध्ययन करने वाली कंपनी ट्रेडिंगबेल्स के सह संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित गुप्ता ने कहा कि बीते सप्ताह बाजार में जिस तरह की तेजी देखी गयी थी उसके मद्देनजर अगले सप्ताह बाजार में भारी दबाव दिख सकता है। जीडीपी में गिरावट के साथ ही कोर उत्पाद में कमी आने के कारण बाजार पर दबाव बनेगा। रिजर्व बैंक की नीति गुरूवार को जारी होगी तब तक तीन दिन तक बाजार पर बिकवाली हावी हो सकती है। इसके कारण निफ्टी 11700 अंक तक फिसल सकता है।

निफ्टी में उतार-चढ़ाव के आसर

एपिक रिसर्च के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्तफा नदीम ने बाजार में बिकवाली देखे जाने की आशंका जताते हुये कहा कि मुनाफावसूली के दबाव में निफ्टी 11800 अंक तक उतर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह गिरावट अस्थायी होगी और इस महीने में ही निफ्टी 12200 अंक को पार सकता है।

सोमा बर्मन बनी महालेखा परीक्षक

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय लोक लेखा सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सोमा रॉय बर्मन ने रविवार को देश के नये नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का पद भार ग्रहण कर लिया। श्रीमती बर्मन भारतीय लोक लेखा सेवा की 1986 बैच की अधिकारी हैं और उन्होंने देश के 24वें नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक के रूप में पदभार संभाला है। वह दिल्ली विश्व विद्यालय से एमफिल हैं। उन्होंने 33 साल के अपने कैरियर में गृह, सूचना और प्रसारण, उद्योग, वित्त, मानव संसाधन विकास, सड़क परिवहन, शिपिंग सहित कई मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

तुर्की से आएगा 11 हजार मीट्रिक टन प्याज

नई दिल्ली (ए.)। पूरे देश में प्याज के भाव को लेकर जनता परेशान है। कहीं किचन का बजट बिगड़ गया है तो कहीं खाने का स्वाद कम हो गया है, लेकिन तुर्की से प्याज के आयात की खबर से प्याज पर लाल हो रही जनता को थोड़ी राहत मिल सकती है। सरकार ने तुर्की से 11 हजार मीट्रिक टन प्याज का आयात का फैसला किया है। अपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्स्स्ष्ट ने 11 हजार एमटी प्याज के आयात का ऑर्डर दे दिया है। तुर्की से आनेवाला प्याज भी लोगों को जल्द राहत नहीं देने वाला क्योंकि यह दिसंबर अंत या जनवरी की शुरुआत तक भारत पहुंच पाएगा। सरकार ने मिस्र भी 6090 एमटी प्याज मंगाया है, जो दिसंबर के मध्य तक भारत पहुंचेगा, जिससे कीमतों में थोड़ी राहत की उम्मीद की जा रही है। कई राज्यों में प्याज 120 रुपये किलो तक मिल रहा है। दिल्ली समेत कई राज्यों में प्याज की आवक काफी घट गई है। राजनैतिक पार्टियां भी इसे लेकर काफी परेशान हैं। जानकारों का कहना है कि पुराना स्टॉक लगभग खत्म होने को है और 15 जनवरी के बाद गुजरात और नासिक से प्याज की नई फसल आने के बाद ही प्याज की कीमतों से राहत मिल सकती है।

वोडाफोन-आइडिया का प्रीपेड प्लान हुआ 40 फीसदी तक महंगा

नई दिल्ली(वार्ता)। दूरसंचार क्षेत्र में टैरिफयुद्ध के साथ ही सरकारी शुल्कों के बकाये भुगतान के कारण बने आर्थिक दबाव के कारण टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने नये प्लान पेश करते हुये टैरिफ में 40 फीसदी तक की बढोतरी कर दी है जो तीन दिसंबर से राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी हो जायेगा। अब वोडाफोन आइडिया भी दूसरे ऑपरेटरों पर एक निर्धारित सीमा से अधिक कॉल करने पर छह पैसे प्रति मिनट का शुल्क वसूलेगा। कंपनी ने रविवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुये प्रीपेड उत्पाद और सेवाओं के लिए दो दिन, 28 दिन, 84 दिन और 365 दिनों के नये प्लान पेश किये। नये प्लान पुराने प्लानों की तुलना में करीब 40 फीसदी तक महंगे हैं। इसके साथ ही कंपनी ने दूसरे ऑपरेटरों पर किये जाने वाले कॉल की भी सीमा निर्धारित कर दी है। अब ग्राहक वोडाफोन आइडिया से एयरटेल, बीएसएनएल और जियो पर एक निर्धारित सीमा तक ही कॉम कर सकेंगे। वोडाफोन से वोडाफोन या वोडाफोन से आइडिया या आइडिया से वोडाफोन या आइडिया से आइडिया के कॉल को ऑन नेट कॉल माना जायेगा जबकि वोडाफोन आइडिया से दूसरे ऑपरेटरों पर कॉल को ऑफ नेट कॉल माना जायेगा और निर्धारित सीमा से अधिक कॉल करने पर छह पैसे प्रति मिनट का शुल्क लगेगा।

बिजली प्लांटों में कोयला संकट बरकरार, फिर बंद करनी पड़ी एक यूनिट

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। बिजली उत्पादन कंपनी के प्लांटों में कोयला संकट नहीं टल पाया है। ऐसे में फिर कंपनी के मड़वा प्लांट में शुक्रवार को एक यूनिट से बिजली उत्पादन बंद करना पड़ गया। प्रबंधन प्लांटों में कोयला आपूर्ति सुधार की कोशिश में जुटा है। हालांकि इसके बाद भी कोयला संकट दूर नहीं हो सका है।

यही कारण कि कोयला की कमी से इकाइयों से बिजली उत्पादन बंद करने की नौबत आ रही है। मड़वा प्लांट में 500-500 मेगावाट की दो यूनिट है। यहां कोयला संकट के कारण 500 मेगावाट की 2 नंबर यूनिट से बिजली बंद करनी पड़ी है। ऐसे में यहां पहली यूनिट से 398 मेगावाट की लोड पर

बिजली उत्पादन किया जा रहा है। एक दिन पहले तक मड़वा प्लांट में 2 दिन का 19 हजार टन ही कोयला था। ऐसे में यहां दोनों यूनिट को चालू रखना संभव नहीं था। यहां के एक अधिकारी ने कहा कि कोयला की कमी की वजह से प्लांट में एक यूनिट से अस्थाई रूप से बिजली बंद रखी गई है। वहीं बार-बार कोयला की कमी से बिजली प्लांट की इकाइयों को बंद करने की नौबत आ रही है। इससे कंपनी को उत्पादन क्षति झेलनी पड़ रही है।

बिजली की मांग 3400 मेगावाट तक दो यूनिट बंद, कोल स्टॉक कर रहे मेंटेन

कोयला संकट के बीच मड़वा की एक यूनिट बंद है, जबकि तकनीकी कारणों से एचटीपीपी की एक इकाई बंद है। शुक्रवार को पीक लोड ऑवर में प्रदेश में बिजली की मांग 3400 मेगावाट तक रही। 1450 मेगावाट तक बिजली ड्राल किया जा रहा था। बिजली संकट नहीं है, पर कोल स्टॉक मेंटेन करने कोशिश जारी है। बांगो हाइडल प्लांट से 39 मेगावाट तक बिजली उत्पादन किया जा रहा है। कोयले की उपलब्धता को ध्यान में रखकर कम या अधिक लोड पर चलाया जा रहा है।

बिजली उत्पादन पर एक नजर

- **प्लांट क्षमता**
- कोरबा पूर्व 146 मेगावाट
- डीएसपीएम 470 मेगावाट
- एचटीपीपी 943मेगावाट
- मड़वा 398 मेगावाट
- बांगो 40 मेगावाट

प्लांटों में दो से तीन दिन के कोयले का स्टॉक उपलब्ध

राज्य पावर जनरेशन कंपनी के बिजली प्लांटों में दो से तीन दिन का कोयला है। कोरबा पूर्व प्लांट में 12 हजार टन कोयला है, जिससे तीन से चार दिन ही काम चलेगा। डीएसपीएम प्लांट में एक दिन का ही करीब 9 हजार टन कोयला स्टॉक है। एचटीपीपी में तीन दिन का कोयला 41 हजार टन उपलब्ध है, जबकि मड़वा प्लांट में 19 हजार टन कोयला है, जो दो दिन का ही स्टॉक है। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि हर दिन कम से कम जरूरत के अनुसार कोयला उपलब्ध हो जाए, इसके लिए प्रयास जारी है। बीच में एचटीपीपी की एक यूनिट से भी बिजली उत्पादन बाधित हुआ था।

उत्पादन कंपनी के निदेशक कोल अफसरों से मिले, आपूर्ति बढ़ाने का रखा प्रस्ताव: कोरबा पूर्व, डीएसपीएम, एचटीपीपी व मड़वा प्लांट में कोयला की कमी है। बिजली कंपनी मुख्यालय से आए उत्पादन कंपनी के निदेशक ओसी कपिला ने कुसमुंडा में साइलो का निरीक्षण करने पहुंचे कोयला सचिव से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि कपिला ने जैन के समक्ष कोयला संकट की वजह से संयंत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए आपूर्ति बढ़ाने के संबंध में पहल करने का प्रस्ताव रखा है। इस पर अफसरों को जरूरी कदम उठाने को भी कहा है।

न्यूज गैलरी

न्यायाधीश श्रीमती दुबे ने रोपित किया नक्षत्र वाटिका में कदम का पौधा

मुंगेली । छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश श्रीमती रजनी दुबे ने आज अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय मुंगेली पहुंची और यहां जिला एवं सत्र न्यायालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होने जिला एवं सत्र न्यायालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और संबंधितों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

मदरसे में मनाया गया विधि दिवस

मुंगेली। ग्राम विकास मण्डली एशोसिएशन ट्रस्ट एवं बीआर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में 29 नवम्बर को मदरसा ऊर्दू हिन्दी स्कूल में विधि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधि दिवस पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सरबीर मोहम्मद ने भारतीय संविधान को रेखांकित करते हुए विधि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यमुंगेली में नवागांव रोड स्थित सोसायटी के पास,ग्राम टेढ़ाधौरा, ग्राम कोदवाबनी में धरना किया जाएगा।

चुनावी सरगर्मी के तेज होते ही गर्माने लगी सियासत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में नगरीय निकाय चुनाव की आहट होने लगी है विगत पांच वर्षो तक रूके हुए कामो में गति दिखाई दे रही है। पार्षद भी नगर के इन विकास कार्यो को कराने में सक्रिय नजर आने लगे है।नगर पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता न करके पार्षद ही अध्यक्ष का चुनाव करेगे। जिसके चलते इस वर्ष होने वाले चुनाव में पार्षदों की भी खाव्हिश उॅची नजर आ रही है हर पार्षद अध्यक्ष की दौड़ में शामिल होना चाह रहा है, वही अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव हो रहे को लेकर कई अटकले भी लगाये जा रहे है।

पालिका और नगर पंचायत के चुनाव नजदीक आते ही पार्षद प्रत्याशियों के वार्डो में भ्रमण और जनता की समस्याओं से रूबरू होने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके चलते बार्डो में भी सुबह सुबह चैपाल लगाये जा रहे है जनप्रतिनिधि अपनी वार्डो में पहुचकर साफ-सफाई, और समस्याओं को सुनने की जो चुनाव पुर्व परम्परा निभा रहे है। जिसको देखकर ये प्रतीत होने लगा है कि इस चुनावी साल में जनता की चांदी होने वाली है। वार्डो के परिसीमन के चलते इस वर्ष पार्षदो को भी अपने वोटरों को पहचानने में दिक्कत होने लगी है।

रूके कार्यो में दिखने लगी गति

जिन स्मस्याओं के चलते वार्डो की जनता पहले पाषर्दो का चक्कर काटते थे उन कार्यो को अब स्वतः ही पार्षद पुरा कराने में लगे है, सीसी रोड निर्माण, नालियो और गलियों की सफाई, सहित अनेक विकास कार्यो को निर्धारित अवधि के पूर्व कराने के लिए जनप्रतिनिधि जुट गये है। जिससे आने वाले चुनाव में इन कार्यो का श्रेय ले अपनी पीठ थपथपा सके।

पार्षद ही तय करेगे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

राज्य शासन के आदेशों के अनुसार इस वर्ष निगम एवं नगर पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता न करके पार्षद ही अध्यक्ष का चुनाव करेगे। जिसके चलते इस वर्ष होने वाले चुनाव में पार्षदों की भी खाव्हिश उॅची नजर आ रही है हर पार्षद अध्यक्ष की दौड़ में शामिल होना चाह रहा है, वही अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव हो रहे को लेकर कई अटकले भी लगाये जा रहे है।पार्षदो के द्वारा अध्यक्ष चुने जा रहे नियमों के चलते पार्षदो का कद भी बढ़ा हुआ नजर आ रहा है।

पूजीपतियों का रहेगा वर्चस्व

नगरिय निकाय चुनाव के लिए हो रहे अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव ने नगर की रणनीती ही बदल दी है। पिछ्डा वर्ग के लिए आरक्षिर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारो की सूची में ज्यादातर पूजीपतियों का वर्चस्व नजर आ रहा है, नगर के नामी गिरामी बिर्ल्डस अपना भाग्य आजमाने पार्टी के लोगो को लूभाने में लगे है। जिसके चलते इस बार का पालिका चुनाव एक दिल्चस्प मोड लेता नजर आने लगा है।

एक ही वार्डो से कई दावेदारो के नाम

एक तरफजहां परिसीमन का दंश झेल रहे जनप्रतिनिधियों को अपने वोटरों को पहचाने की लंबी जुगत लगानी पडेगी, वही दुसरी तरफकुछ वार्डो के आरक्षण के चलते वहा के वर्तमान पार्षदो को दुसरी जगह से भाग्य आजमाने के लिए भी मस्क्कत करनी पड सकती है। दोनो प्रमुख पार्टियों से अनारक्षित सीट से भाग्य आजमाने के लिए अपने ही साथी प्रत्याशियों से जद्दोजहद करनी पड सकती है।

विप्र समाज नारी शक्ति का वरिष्ठजन सम्मान समारोह कल

■ **समाज के वरिष्ठ विप्रजन होंगें सम्मानित**

रायगढ़। विप्र हितचिंतक इकाई प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ की जिला इकाई द्वारा सोमवार 2 दिसंबर को शहर के गौशाला चौक स्थित होटल जानकी वाटिका मे वरिष्ठ विप्रजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे जिले के ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों को सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित करने के साथ ही संगठन के पुरुष व महिला विंग की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जायेगा।

समारोह के आयोजन की जानकारी देते हुये अखंड ब्राह्मण समाज की जिलाध्यक्ष व प्रख्यात समाजसेविका श्रीमती भारती दीपक पाण्डेय ने बताया कि वरिष्ठ विप्रजन सम्मान समारोह सोमवार को आयोजित है।नगर सहित विश्व

कल्याण के निहित कार्यक्रम का शुभारंभ 2 दिसंबर सोमवार को सुबह 10:30 बजे से सुंदरकांड मानस पाठ से की जायेगी। तत्पश्चात समाज सेवा के विभिन्न प्रयासों मे संलग्न विप्र समाज के वरिष्ठजनों (पुरुष व महिला) को सम्मानित किया जायेगा। श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि समारोह प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष व प्रख्यात ज्योतिषी पं. योगेश तिवारी समेत प्रदेश व अन्य जिलों के संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति मे सम्पन्न होगा।

जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का शुभारंभ

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के कुशल मार्गदर्शन में आज मुंगेली जिला मुख्यालय स्थित शहीद वीर धनंजय सिंह स्टेडियम में महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कलेक्टर डॉ. भुरे के निर्देश पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चित्रकांत चाली ठाकुर ने जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस

फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होनें जिला स्तरीय जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल में शामिल प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी हरप्रीत सिंह हूरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्य शासन के निर्देशानुसार आदिम जनजाति की सांस्कृतिक परम्परा, लोकशैलियों, कलात्मक अभिव्यक्तियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दृष्टिकोण से जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में शास्त्री गायन, तबला वादन, हारमोनियम वादन, फसल कटाई, पारंपरिक त्यौहार, विवाह थीम और ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित

मुंगेली। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को विशेष अवसर एवं मंच प्रदान करने, सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मुंगेली जिले में भी कल 29 नवम्बर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शहीद वीर धनंजय सिंह स्टेडियम में किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के सभी विकासखण्डों से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए और उन्होने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विजयी प्रतिभागियों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल पर आधारित फुगड़ी प्रतियोगिता में विकासखण्ड पथरिया के कु. लक्ष्मी गंधर्व ने प्रथम, विकासखण्ड लोरमी के कु. सशील ने द्वितीय, पुरूष वर्ग भौंरा में विकासखण्ड पथरिया के श्री राजेश्वर ने प्रथम, लोरमी के प्रमोद राजपूत ने द्वितीय, महिला वर्ग

भौंरा में कु. सरिता राजपूत ने प्रथम, पुरूष वर्ग गेंड़ी प्रतियोगिता में पथरिया विकासखण्ड के श्री राकेश ध्रुव ने प्रथम, विकासखण्ड लोरमी के खिलेश्वर राजपूत को द्वितीय, महिला वर्ग गेड़ी प्रतियोगिता में पथरिया की कु. माधुरी ने प्रथम, लोरमी विकासखण्ड की कु. शिवानी निषाद ने द्वितीय, महिला वर्ग कबड्डी में विकासखण्ड पथरिया ने प्रथम और द्वितीय, पुरूष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में विकासखण्ड मुंगेली के सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेली ने प्रथम, पथरिया ने द्वितीय, महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में पथरिया ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह क्वीज प्रतियोगिता में विकासखण्ड लोरमी के अजय तिवारी ने प्रथम, विकासखण्ड मुंगेली के कोमल साहू ने द्वितीय, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विकासखण्ड मुंगेली के सूरज शर्मा ने प्रथम, पथरिया विकासखण्ड के प्रांशु तिवारी ने द्वितीय, तात्कालिका भाषण में मुंगेली विकासखण्ड के सूरज शर्मा ने प्रथम, पथरिया विकासखण्ड के कु. बहुरा राजपूत को द्वितीय, निबंध प्रतियोगिता में मुंगेली विकासखण्ड के गिरीश गोगिया ने प्रथम, पथरिया विकासखण्ड के भरत ने द्वितीय, चित्रकला प्रतियोगिता में मुंगेली विकासखण्ड के कु. यशस्वी खुसरो ने प्रथम एवं पथरिया विकासखण्ड के कु. सुरेखा राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर डॉ. भुरे ने शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तरह जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विकासखण्ड स्तर में चयनित युवाओं द्वारा लोक गीत, लोक नृत्य, सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य, राउत नाचा, पंथी और एकांकी विधाओं की शानदान और मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

न्यायाधीश श्रीमती दुबे ने किया ग्राम खेढ़ा में नवनिर्मित आवासों का निरीक्षण

मुंगेली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्रीमती रजनी दुबे अपने भ्रमण के दौरान आज जिला मुख्यालय पहुंची और जिला मुख्यालय के समीप ग्राम खेढ़ा में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित शासकीय आवास का निरीक्षण किया। इसी तरह न्यायाधीश श्रीमती दुबे ने ग्राम गीधा में जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशों और अधिकारी-कर्मचारियों के आवास हेतु चिन्हांकित भूमि का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अधिकारियों कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

ई-साक्षरता का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन सम्पन्न

मुंगेली। कलेक्टर एवं अध्यक्ष डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं सदस्य सचिव, जिला लोक शिक्षा समिति एच.के.शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित ई-साक्षरता केन्द्र शास. प्राथ. शाला एण्ड्रूज वार्ड मुंगेली के षष्ठम् बैच का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन 30 नवम्बर को कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व इन शिक्षार्थियों का जिला स्तरीय ऑफलाईन आंतरिक मूल्यांकन किया गया था। ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन का आयोजन राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण

छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) रायपुर के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें षष्ठम् बैंच के दर्ज 25 शिक्षार्थीगण उपस्थित हुवे एवं 23 शिक्षार्थी सफल रहे। उल्लेखनीय हैं कि मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता अन्तर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार अब बुजूर्ग माता बहनों, कमजोर एवं वंचित वर्ग के कम पढ़े लिखे शहरी डिजिटल असाक्षरों को ई-साक्षरता केन्द्र के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन सुचारू पूर्वक संचालन 02 प्रशिक्षित ई-एजुकेटरों के माध्यम से किया जा रहा हैं

आयोजन नर्तक दलों अपनी पुरानी परंपराओं एवं संस्कृति को कायम रखते हुए प्रस्तुति दी

जिला स्तरीय नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल गेड़ी नृत्य बोरजे ने मारी बाजी

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल बस्तर कार्निवल 2019 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 11 नर्तक दलों ने भाग लिया। बीजापुर जिले के चारों विकासखण्ड से आये नर्तक दल अपनी पुरानी परंपराओं एवं संस्कृति को कायम रखते हुए प्रस्तुति दी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल का शुभारंभ मिनी स्टेडियम में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नर्तक दलों ने अपने अपने संस्कृति पर नृत्य कर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी ए.आर.राणा एवं समस्त जनपद पंचायत सीईओ द्वारा दलों को पुरस्कृत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राणा ने कहा कि राज्य शासन की मंशा अनुसार पहले ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर चयनित दलों को जिला स्तर में मौका मिला। जिला स्तर पर चयनित नर्तक दलों को संभाग स्तर नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल में अच्छा प्रस्तुति देकर जिले का नाम रोशन करने को कहा एवं सभी दलों को शुभकामनाएं एंव बधाई दी। नर्तक दल के निर्णायक प्राचार्य प्रभाकर शर्मा, हरिकृष्ण कोरसा, पूर्णचन्द बेमर, मोहन लाल निषाद एवं सत्यम पूनेम ने किया। जिला स्तरीय नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल बस्तर कार्निवल 2019 में प्रथम स्थान गेडी नृत्य ग्राम बोरजे विकासखण्ड बीजापुर को 8 हजार नगद एंव ट्राफी , द्वितीय स्थान एंगपल्ली को 4 हजार नगद राशि एवं ट्राफी, तृतीय स्थान मुरदण्डा विकासखण्ड उसूर को 3 हजार राशि एवं ट्राफी एवं चैथा स्थान कोदई माता चेरपल्ली विकासखण्ड भोपालपटनम को 2 हजार राशि एवं ट्राफी पुरस्कृत किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सूचना का प्रकाशन

■ **निर्वाचन हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ**

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज नगर पालिका आम निर्वाचन के अंतर्गत नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए आज प्रारूप दो में सूचना का प्रकाशन कर दिया है। सूचना का प्रकाशन जिला मुख्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के सूचना पटल पर कर दिया गया है। सूचना के प्रकाशन होते ही आज से निर्वाचन हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज यहां बताया कि नगर पालिका परिषद मुंगेली में पार्षद निर्वाचन हेतु वह स्वयं रिटर्निंग आफिसर होंगे। डिप्टी कलेक्टर नवीन कुमार भगत, नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल और नायब तहसीलदार श्रीमती शालिनी तिवारी सहायक रिटर्निंग आफिसर होंगे। नगर पालिका परिषद मुंगेली में पार्षद निर्वाचन हेतु कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक 104 में वार्ड क्रमांक 1 से 9 तक के लिए, अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक 118 में वार्ड क्रमांक 10 से 16 तक के लिए और नजूल अधिकारी का न्यायालय कक्ष क्रमांक 109 में वार्ड क्रमांक 17 से 22 तक के लिए नाम निर्देशन पत्र लिये जायेंगे।

■ न्यूज गैलरी

सैयद मोदी बैडमिंटन में उपविजेता रहे सौरभ वर्मा

लखनऊ (वार्ता)। गैर वरीय भारत के सौरभ वर्मा को सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में रविवार को हारने के बाद उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी सौरभ को फाइनल में आठवीं सीड ताइपे के वांग जू वेई से 48 मिनट में 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। सौरभ का 22वीं रैंकिंग के जू वेई के खिलाफइससे पहले 1-1 का करियर रिकॉर्ड था। भारतीय खिलाड़ी ने दोनों गेमों में सराहनीय संघर्ष किया लेकिन उन्हें उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा।

पुनीत और ओमपाल युग स्पोर्ट्स क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली (वार्ता)। पुनीत महरा के हरफनमौला खेल (77 और 35 पर तीन विकेट) और ओमपाल बोकन के विस्फोटक 80 रन तथा पवन के चार विकेट और तरुण गोदारा के नौ गेंदों पर 38 रनों की बदौलत मेजबान युग स्पोर्ट्स ने अमिगोस स्पोर्ट्स अकादमी को रोमांचक मैच में 22 रन से हराकर प्रथम आर एन सिंह टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत हासिल कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। युग स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स कादरपुर पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में युग स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 230 रनों का विशाल स्कोर बनाया जिसमे ओमपाल ने 80, और पुनीत महरा ने 77 बनाये।

ओडिशा-पंजाब मुकाबले में मैरीकॉम रहेंगी मुख्य आकर्षण

नई दिल्ली (वार्ता)। ओडिशा वॉरियर्स और पंजाब पैंथर्स के बीच सोमवार को होने वाले मुक़ाबले के साथ ही बिग बाउट लीग का शुभारम्भ हो जाएगा। गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी, नोएडा में होने वाले मुक़ाबले का मुख्य आकर्षण छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम रहेंगी जो पंजाब पैंथर्स की ओर से फ्लाईवेट वर्ग में चुनौती रखेंगी।

एजीएम खत्म, 2024 तक बढ़ सकता है गांगुली का कार्यकाल

बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष सौरभ गांगुली के 9 महीने के कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है

- सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति मिल जाती है तो 2024 तक चलेगा गांगुली का टर्म
- 2003 वर्ल्ड कप की फाइनलिस्ट टीम इंडिया के कप्तान रहे गांगुली ने 23 अक्टूबर को संभाला था पद

मुंबई (ए.)। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली के नेतृत्व वाले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को अपने पदाधिकारियों के कार्यकाल की सीमा में ढिलाई देने को स्वीकृति दे दी। बीसीसीआई की यहां आयोजित 88वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में यह फैसला लिया गया। इससे बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष सौरभ गांगुली के 9 महीने के कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। बोर्ड की एजीएम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनिवार्य प्रशासनिक सुधारों में ढिलाई देने का फैसला किया गया। हालांकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी की जरूरत होगी। 2003 वर्ल्ड कप की फाइनलिस्ट टीम इंडिया के कप्तान रहे गांगुली के बोर्ड अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार एजीएम आयोजित की गई।

2024 तक बढ़ेगा कार्यकाल?

बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'सभी प्रस्तावित संशोधनों को मंजूरी दे दी गई है और इसे सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति के लिए शीर्ष अदालत में भेज दिया जाएगा।' यदि स्वीकृति मिल जाती है तो गांगुली साल 2024 तक बीसीसीआई चीफबने रह सकते हैं।

ऐसा है मौजूदा नियम

मौजूदा संविधान के अनुसार अगर किसी पदाधिकारी ने बीसीसीआई या राज्य संघ में मिलाकर तीन साल के दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं जो उसे तीन साल का अनिवार्य ब्रेक लेना होगा। गांगुली ने 23 अक्टूबर को बीसीसीआई अध्यक्ष का पद संभाला था और उन्हें अगले साल पद छोड़ना होगा लेकिन छूट दिए जाने के बाद वह 2024 तक पद पर बने रह सकते हैं।

बदली थी टीम इंडिया की तस्वीर

क्रिकेट फैंस के बीच 'दादा' कहे जाने वाले सौरभ की इमेज घातक बल्लेबाज की रही। जब वह बल्लेबाजी करते थे तो दो कदम आगे निकलकर दर्शनीय सिक्सर देखने के लिए लोग बेताब रहते थे। ऑफसाइड के भगवान कहे जाने वाले गांगुली को 2000 में उस वक्त लीडरशिप का मौका मिला, जब भारतीय क्रिकेट को मैच फिक्सिंग से दो-चार होना पड़ा था। गांगुली ने कप्तानी संभाली और फिर दुनिया को एक महान लीडरशिप से रूबरू करवाया। वर्ल्ड कप-2003 में गांगुली की ही कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया, जिसने भारतीय क्रिकेट को बदलकर रख दिया।

टेस्ट मैच के लिए सहवाग ने प्रेरित किया : वॉर्नर

- जब IPL में सहवाग से मिले थे वॉर्नर तब उन्होंने टेस्ट के प्रति किया था प्रेरित
- शुरुआत में टेस्ट करियर को लेकर संशय में थे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी वॉर्नर
- 'सहवाग की सलाह के बाद हमेशा दिमाम में वही रहा, जो उन्होंने समझाया'

ऐडिलेड (ए.)। पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे डे-नाइट टेस्ट मैट में सर डॉन ब्रैडमैन के सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर को पीछे छोड़ने वाले डेविड वॉर्नर ने अपनी इस पारी की प्रेरणा वीरेंदर सहवाग को बताया है। वॉर्नर ने अपनी इस पारी के बाद खुलासा किया कि आईपीएल में जब वह वीरेंदर सहवाग से मिले तो टेस्ट क्रिकेट के प्रति सहवाग ने ही उनका माइंडसेट चेंज किया था। इस ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने बताया कि वह कभी अपने टेस्ट करियर को लेकर संशय में थे लेकिन सहवाग की सलाह के बाद वॉर्नर ने उस पर अमल किया।

इस टेस्ट में नाबाद 335 रन की पारी खेलने वाले वॉर्नर ने संवाददाताओं को बताया, 'आईपीएल के दौरान दिल्ली के लिए खेलते हुए जब मैं वीरेंदर सहवाग से मिला था। तब हम एक दिन बैठकर आराम से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुझे कहा कि मैं टी20 खिलाड़ी की तुलना में बेहतर टेस्ट खिलाड़ी बनूंगा। मैंने उन्हें (सहवाग को) कहा कि आप कैसी बातें कर रहे हो? मैंने काफी प्रथम श्रेणी मैच भी नहीं खेले हैं।' इसके बाद पूर्व भारतीय ओपनिंग बल्लेबाज सहवाग ने वॉर्नर की बैटिंग शैली का विश्लेषण कर वॉर्नर को समझाया कि आखिर वह क्यों ऐसा सोच रहे हैं। सहवाग ने वॉर्नर से कहा था, 'टेस्ट क्रिकेट में टीमें स्लिप और गली में फील्डर खड़ा करती हैं। कवर में जगह खाली होती है, मिडविकेट होता है। मिड ऑफऔर मिड ऑन होते हैं। ऐसे में आप तेज शुरुआत कर सकते हो और पूरा दिन खेल सकते हो।'

लारा का रेकॉर्ड टूटेगा? वॉर्नर को रोहित पर भरोसा

वॉर्नर ने कहा, 'सहवाग की इस सलाह के बाद यह बात हमेशा मेरे दिमाग में रही। जब हम बातें कर रहे थे तो ये चीजें काफी आसान लग रही थीं।' इसके अलावा वॉर्नर ने यह भी कहा कि अगर मौजूदा दौर का कोई बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में ब्रायन लारा का (400 रन का) सर्वाधिक रन वाला रेकॉर्ड तोड़ सकता है तो वह भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा हो सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 335 रन बनाने वाले वॉर्नर का यह पहला तिहरा शतक है।

यासिर का शतक लेकिन पाक पर पारी की हार का खतरा

एडिलेड, (वार्ता)। लेग स्पिनर यासिर शाह (113) के बेहतरीन पहले शतक और बाबर आजम की 97 रन की शानदार पारी के बावजूद पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे डे-नाईट क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को फॉलोआन का सामना करना पड़ा और दूसरी पारी में तीन विकेट गंवाने के बाद वह पारी की हार के संकट में फंस गया है।

पाकिस्तान ने छह विकेट 96 रन से आगे खेलना शुरू किया और यासिर तथा बाबर की साहसिक पारियों से पहली पारी में 302 रन बनाये। यासिर ने 213 गेंदों पर 113 रन में 13 चौके लगाए। इस तरह यासिर की पारी में 13 अंकों का दिलचस्प संयोग रहा। आजम ने 132 गेंदों पर 97 रन में 11 चौके लगाए। पाकिस्तान को पहली पारी में 287 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोआन करना पड़ा। पाकिस्तान की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही।

बारिश के कारण अंतिम सत्र में खलल पड़ा और 19 ओवर का खेल बर्बाद हुआ। इस दौरान दूसरी पारी में पाकिस्तान ने अपने तीन विकेट मात्र 39 रन पर गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 248 रन और बनाने हैं। यासिर ने इस मुकाबले में अपने करियर का पहला शतक बनाकर पाकिस्तान का कुछ सम्मान बचाया वरना एक समय पाकिस्तान के छह विकेट मात्र 89 रन पर गिर चुके थे।

बाबर आजम ने 43 और यासिर शाह ने चार रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों स्कोर को 194 रन तक ले गए। आजम अपने शतक से तीन रन दूर थे कि मिशेल स्टार्क ने उन्हें टिम पेन के हाथों कैच कराकर अपना पांचवां विकेट ले लिया। शाहीन आफरीदी खाता खोले बिना स्टार्क की गेंद पर पगबाधा हो गए। पाकिस्तान ने अपना आठवां विकेट 194 के स्कोर पर ही गंवाया।

कमिंस ने तोड़ी अब्बास और यासिर की जोड़ी

यासिर ने मोहम्मद अब्बास के साथ नौवें विकेट के लिए 87 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। पैट कमिंस ने अब्बास को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और 302 के स्कोर पर यासिर को आउट कर पाकिस्तान की पारी समेट दी। अब्बास ने 78 गेंदों पर 29 रन की संघर्षपूर्ण पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। मोहम्मद मूसा 12 रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफसे स्टार्क ने 25 ओवर में 66 रन पर छह विकेट और कमिंस ने 83 रन पर तीन विकेट लिए।

पृथ्वी के बल्ले पर किसका ऑटोग्राफ?

कप्तान विराट कोहली और विनोद कांबली के बीच लोग हुए कन्फ्यूज

बीसीसीआई डॉमेस्टिक के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पृथ्वी के बल्ले का फोटो ट्वीट किया गया है

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई के युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव प्रतिभाशाली कहे जाते हैं। उनके बैट पर किसी दिग्गज बल्लेबाज के हस्ताक्षर हैं और यही सवाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूछा है। बीसीसीआई डॉमेस्टिक के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पृथ्वी के बल्ले का फोटो ट्वीट किया गया है। बीसीसीआई ने पूछा, पृथ्वी साव के बल्ले पर किसका ऑटोग्राफ है? इस युवा बल्लेबाज के बैट पर एक छोटा मेसेज लिखा है, डियर पृथ्वी, खेल का मजा लो, गुड लक। इसी संदेश के नीचे की तरफ ही ऑटोग्राफ है।

इस पर बड़ी संख्या में लोगों ने जवाब दिए। किसी ने इसे टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का बताया तो वहीं, कुछ लोगों को यह ऑटोग्राफ विनोद कांबली का लगा। कुछ लोगों ने यह लिखा कि ऑटोग्राफ विराट के हैं, लेकिन विनोद कांबली से काफी मिलते जुलते हैं। मीना नाम के एक यूजर ने विराट कोहली के ऑटोग्राफ का फोटो भी इसके जवाब में पोस्ट किया। पृथ्वी ने डोपिंग के कारण आठ महीने का बैन झेला और इसके बाद शानदार अंदाज में वापसी की। पृथ्वी साव ने वापसी के बाद अपने पहले मैच में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 में पंजाब के खिलाफ 27 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली और शानदार अर्धशतक जमाया।

बर्न्स और जो रूट ने ठोके शतक

हैमिल्टन (वार्ता)। ओपनर रोरी बर्न्स (101) और कप्तान जो रूट (नाबाद 114) के शानदार शतकों से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को पांच विकेट पर 269 रन बना लिए।

इंग्लैंड अभी न्यूजीलैंड पहली पारी के 375 रन के स्कोर से 106 रन पीछे है। इंग्लैंड ने दो विकेट पर 39 रन से आगे खेलना शुरू किया। बर्न्स ने 24 और रूट ने 6 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। बर्न्स ने 209 गेंदों पर 101 रन में 15 चौके लगाए जबकि रूट 278 गेंदों पर नाबाद 114 रन में 14 चौके लगा चुके हैं। बर्न्स का विकेट 201 के स्कोर पर गिरा। बर्न्स अपना शतक पूरा करने के बाद रन आउट हुए।

रूट ने फिर बेन स्टोक्स के साथ छठे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने 59 गेंदों पर 26 रन में चार चौके लगाए। जैक क्राउली एक रन बनाकर आउट हुए। अंतिम सत्र में बारिश आने के कारण 16 ओवर का खेल बर्बाद हुआ। स्टंप्स के समय रूट के साथ ओली पोप चार रन बनाकर क्रीज पर थे।

हैदराबाद गैंगरेप | **इस समय हमें एक साथ आकर इस अमानवीय घटनाओं को खत्म करना चाहिए**

विराट ने घटना को बताया शर्मनाक, कई क्रिकेटरों ने जताया गुस्सा

नई दिल्ली (ए.)। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या की घटना से पूरा देश स्तब्ध है। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली समेत खेल जगत ने भी घटना पर गहरा दुख जताया है। विराट ने लिखा, शनिवार को ट्वीट कर इस दिल दहला देने वाली घटना को शर्मनाक बताया।



- हैदराबाद में डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या की दिल दहला देने वाली घटना
- विराट कोहली ने ट्विटर पर लिखा, जो हैदराबाद में हुआ, वह बेहद शर्मनाक है
- इरफान ने लिखा, मुल्क चाहे जिसका भी हो, जब इंसानियत मरती है तो सारा जहां रोता है

विराट ने लिखा, 'जो हैदराबाद में हुआ, वह पूरी बेहद शर्मनाक है। यह समय है कि जब हम एक समाज के तौर पर आगे आएं और इस तरह की अमानवीय हरकतों को खत्म करें।'

इससे पहले दिग्गज क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण और भारतीय ओपनर शिखर धवन ने भी इस घटना पर दुख जताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। ऑफस्पिनर हरभजन सिंह ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया। वहीं, पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने लिखा, इसके लिए शर्म ही एक शब्द हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा, मुल्क चाहे जिसका भी हो, पर जब इंसानियत मरती है तो सारा जहां रोता है।

बता दें कि महिला डॉक्टर की शमशाबाद में टोल प्लाजा पर दो ट्रक चालकों और दो क्लीनरों ने गैंगरेप कर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपियों ने बाद में शव को शादनगर शहर के बाहरी इलाके में जला दिया था। पुलिस ने शुक्रवार रात चार आरोपियों की गिरफ्तार किया था जिन्होंने टोल प्लाजा के पास पार्क की हुई डॉक्टर की स्कूटी को पंक्चर कर इस घटना को अंजाम दिया था।

कृष्णा के गोल ने एटीके को हारने से बचाया

कोलकाता (वार्ता)। दो बार की विजेता एटीके हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में शनिवार को रोमांच और नाटक से भरे मैच में अपने घर में अजेय क्रम को बरकरार रखने में सफल रही है। मुंबई और एटीके का मैच शनिवार रात 2-2 से बराबरी पर समाप्त रहा। एटीके अपने घर में अजेय चल रही थी, लेकिन मुंबई सिटी एफसी ने युवा भारतीय क्रीड़ांगन स्टेडियम में खेले गए मैच में केविन एनगोई के गोल के दम पर इंजरी टाइम में 2-1 की बढ़त ले ली और लगा कि इसी के साथ मुंबई ने मैच अपने नाम कर लिया, तभी रॉय कृष्णा ने गोल करते हुए मुंबई को स्तब्ध कर घर में एटीके के अजेय क्रम को बरकरार रखा। एटीके ने इस मैच से पहले अपने घर में दो मैच खेले थे और दोनों में जीत हासिल की थी। इस मैच से मिले एक अंक के दम पर एटीके ने पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वह छह मैचों में 11 अंक लेकर पहले स्थान पर है। मुंबई छह मैचों से छह अंक लेकर सातवें स्थान पर ही बनी हुई है। मुंबई के सामने मेजबान टीम के घर के दबदबे को तोड़ने की चुनौती थी और उसने शुरुआत भी अच्छी की थी।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

व्हाट एन आईडिया सर जी

पैसा कमाएंगे और जरा सा भी चूकेंगे तो चोर थोड़े न छोड़ देंगे। लेकिन, इत्ती सी बात राजधानी पुलिस के भेजे में नहीं घुस रही। हालाकि चोरी तो तब से हो रही है जब पुलिस वजूद में आई। यह कहना गलत नहीं होगा कि चोर-पुलिस का यह खेल पुराना है। मामला तब पुलिस की नींद-चैन छीन लिया जब चोरों ने एक आईएएस के खाली घर को टारगेट किया। बस फिर क्या था पुलिस की नाक पर बन आई और हाईप्रोफाइल चोर कब्र से खोदकर पकड़ लिया गया। मजे की बात यह कि कलेक्टर के घर से चोरी के बाद जो सामान रिपोर्ट में चोरी होना लिखवाया गया था माल उससे कहीं ज्यादा बरामद किया गया। खैर, हाईप्रोफाइल चोरी में यह होता ही है। बात पुलिस की नींद और चैन की हो रही है तो अब औसतन हर दूसरे दिन शहर में मकान-दुकान का ताला टूट रहा है। शेख सहाब भी हलाकान हैं और मीडिया उनकी कप्तानी को चोरों के जरिए टारगेट कर रही है। सहाब से अब हर कोई खबरी तो सैट होगा नहीं तो फरमान के बाद चोरों और चोरी की खबरें ही दबाई जाने लगी है। व्हाट एन आईडिया सर जी...छुपाए नहीं छुपती वारदातें तो बेहतर है सुधार करें

कईयों की कप्तानी देखी

बातों ही बातों में महकमें के एक वफादार ने पूछा आप ने कितनी कप्तानी देखी...? हमने खुलासे-दस्त किया...कईयों की और उनको जाते भी देखा है। बस फिर क्या था वफादार ने पूछा अच्छी विदाई या..? जवाब था दोनों तरह की रवानगी। जैसे एसएसपी बनकर आए निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता को आते और उनके पुलिस फोर्स वाली फीलिंग से वे छाती चौड़ी कर गए। स्वर्गीय बीएस मरावी भी एसएसपी रहे, एसएसपी अशोक जुनेजा भी रायपुर की कमान सम्हाले, अमित अग्रवाल, दीपांशु काबरा की बेहतर रवानगी उनके काम से हुई। आईपीएस ओपी पाल के बाद कप्तानी का मायना ही बदलता दिखा। हालाकि वे भी रायपुर कप्तानी से सीधे मलाईदार पोस्टिंग पाए। हैंडसम हंक बद्रीनारायण मीणा आए तो ठीक-ठाक और हैं भी वो अच्छे पर छछानपैरी ने उन्हें रुसवा किया। फिर संजीव शुक्ला जी भी सम्मानजनक रवाना हुए हालाकि डर्टी सीडी कांड उन्हीं के वक्त का है। नीथू कमल भी जिस रफ्तार से रायपुर आकर सबों को चौंका गईं उसी तुफानी अंदाज से वे विदा हुईं। अब शेख भाईजान हैं...सोफस्टिकेटेड...पुलिसिंग, प्लानिंग तो माशा अल्लाह है, लेकिन बदकिस्मती से उनके मातहतों की बेफिक्री से चोरों की पौबारह है...कहीं..!

डीजीपी को निकलना पड़ा

सूबे में पुलिसिंग का कैसा निजाम है, इसका अंदाजा इसी से लग जाता है कि अब पुलिस महानिदेशक दुर्गेश माधव अवस्थी को फील्ड में निकलना पड़ रहा है। बता दें उनकी सरपरस्ती पर राजधानी पुलिस और आईजी रेंज दोनों बहुत मजबूत थे। वे कामयाब और बेमिसाल पुलिसिंग के एक्सपर्ट हैं ही, लेकिन हालात के मद्देनजर अब उन्हें सड़क पर उतरना पड़ रहा है। चोरी, लूट, हत्या और दुष्कर्म के मामले तो बढ़े हैं पर उनके फील्ड में निकलने की खास वजह है मिल रही शिकायत। थाना स्टाफ से लेकर इलाके के कोतवालों की शिकायतें और वर्दी के अनुशासन को मजाक बनाने वालों पर लगाम लगाना। नतीजतन बीते सप्ताह वे अपने मातहत अफसरों संग औचक दौरे पर देर शाम निकल गए। साथ बैठे अधिकारी भी बेखबर थे कि वे कहां जाकर रुकेंगे। जब तक अंदाजा लगाते तब तक डीजीपी की पुलिसिंग स्टायल का लाइव उन्हों ने देखा। डीजीपी धमतरी जिले में कई थानों का निरीक्षण किए और बता दिये उनकी बार बार चेतावनी के बाद भी महकमें के अफसर समीक्षा बैठक कर फिर ढर्रे पर लौट जाते हैं। खाकी की नौकरी बजा रहे सेवकों के अनुशासन की अफरा तफरी से बिफरे डीजीपी सख्ती भी दिखाए और सच्चाई से बाखबर भी हुए।

हम फिर भी नहीं सुधरेंगे

सूबे की खुशकिस्मती ही कही जाए कि बड़े दिनों बाद हमें काम पसंद जमीनी मुख्य सचिव मिला है तो वहीं तेज चाल में काम पसंद पुलिस महानिदेशक। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और मासिक समीक्षा बैठक वाले दोनों ही अफसर नहीं हैं। सूबे के इन दोनों आला अफसरों को रोजमर्रा की जानकारी रखना पसंद है। इसलिए सीएस आरपी मंडल ने वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से पुलिस-प्रशासन को नजरों में रखा है। वहीं डीजीपी डीएम अवस्थी थाना स्टाफ से लेकर कप्तानों तक आसान पहुंच बनाने के नित नए तरीके इजाद कर जाहिर कर दिया है कि चूके मतलब गए। दोनों हार्डकोर अफसरों के रहते हुए भी कांग्रेस के युवा आदिवासी मंत्री के पुत्र की बेदम पिटाई भिलाई के इंजीनियरिंग हॉस्टल में लड़कों ने कर दी। स्वाभाविक है सरकार में मंत्री पिता को जब पुत्र की पिटाई का पता चला तो रेंज और कप्तान दोनों को ताकीद मिली सख्त कार्रवाई करें। कार्रवाई तो दूर अफसरों ने मंत्री को अनसूना करते हुए केस तक दर्ज नहीं किया। अब बेलगाम अफसरों पर एक ही लगाम लगाने वाला विकल्प हैं और वो हैं डीजीपी। बातों ही बातों में पता चला है कि युवा आदिवासी मंत्री अपने पुत्र की पिटाई करने वाले युवकों की गिरफ्तार व कार्रवाई के लिए डीजीपी से मिलने की तैयारी में है। मतलब साफ है..सहाब आप कुछ भी कर लो हम नहीं सुधरेंगे वाली तर्ज पर काम चल रहा है।

धान बेचने रात 12 बजे से लाइन में लग गए थे किसान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। सोमनी सोसायटी, धान खरीदी केंद्र में, धान खरीदी के लिए 18 गांव सम्मलित है। इस बार सोमनी धान खरीदी केंद्र में आने वाले किसानों को धान बिक्री के लिए टोकन लेने के लिए किसानों को बहुत से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान रात्रि के 12 बजे से टोकन के लिए लाइन में लगे है। कोई रात 2 बजे से लाइन में लगे है, और सुबह 11 बजे पंजीयन के लिए कतार पर लगे लगे समय बीतता जा रहा है। धान खरीदी के लिए 1 तारीख के लिए मात्र 12 किसान ही धान बिक्री का पंजीयन करा कर टोकन ले पाय है, 2 तारीख को सिर्फ 17 किसान ही अपना धान बेच पाएंगे। पंजीयन की रफ्तार बहुत धीमी के वजह से किसान धान बेचने पंजीयन के लिए हलकान और परेशान हो रहे और किसानों को दूसरा मार यह भी झेलना पड़ रहा है कि इस बार धान खरीदी के लिए किसानों का रकबा कटौती कर किसानों का धान कम खरीदा जा रहा है ,पूरा धान सरकार द्वारा नही खरीदे जाने से किसान बचत धान को कोचियों के बेचने मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे किसानों में रोष पनप रहा हैं।

किसानों से बात करने से यह बात सामने आई कि इस बार रकाबा कटौती के नाम पर किसानों का धान पूरा नही खरीदा जा रहा है।

किसान नाथूराम मनगटा निवासी ने बताया कि उसके भूमि का कुल रकबा 931 है। हर साल पूरे रकबे के हिसाब से धान बेचा करते थे पर इस बार 571 रकबा के हिसाब से धान बेच पाएंगे। बचत धान कोचिया को बेचने मजबूर है, इसी तरह, किसान लखन लाल अचानकपुर कुल रकबा 3.255 है पर रकबा काट कर 2.749 कर दिया गया। किसान बेदु बाई कुल रकबा 5.233 कटा रकबा धान खरीदी का 3.405, किसान कपिल दास खुटेरी कुल रकबा 3.614 कटा रकबा 3.400, किसान उत्तम कुमार परमालकसा कुल रकबा 4.499 कटा रकबा 4.100 , किसान रवि लाल साहु परमालकसा कुल रकबा 1.157 कट रकबा 1.000, किसान कपिल दास खुटेरी कुल रकबा 1.573 किसान का रकबा तो उतना ही है पर पिछले बार 145 कट्टा धान बेचे थे इस बार 142 कट्टा खरीदने का टोकन प्राप्त हुआ है जिससे इस किसान को1 क्यूंटल 20 किलो धान नही बेच पाने का नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसान गंगा राम हिरदे निवासी ठाकुरटोला किसानी खार ठेकवा कुल रकबा 1.765, कटा रकबा धान खरीदने का 1.350 है। इसी तरह लगभग सभी किसानों को रकबा कटौती का मार झेलना पड़ रहा है जिससे क्षेत्र के किसनों में सरकार के प्रति आक्रोश पनप गया है। किसान सड़क पर आकर आंदोलन की बात कह रहे है। इस बार किसान अपने आप को सरकार से छला हुआ महसूस कर रहे है।

मवेशी तस्करी करते पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

- **नागपुर ले जाने ट्रक में लादे गए थे 16 मवेशी बरामद**
- **मवेशी तस्करी में लिप्त 3 आरोपी गिरफ्तार**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राष्ट्रीय राजमार्ग 6 जो कि राजनांदगांव के मध्य से होकर गुजरता है। इसी रास्ते पर दुर्ग की तरफ से नागपूर की ओर अवैध रूप से जानवरों को क्रूरतापूर्वक ट्रकों में भरकर नागपुर कत्लखाना ले जाये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युबीएस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक श्रीमती सुषमा सिंह एवं तकनीकी शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर सूचना तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा मुखबीर लगाकर सूचनाए एकत्र की जा रही थी। इसी दौरान 29-30 नवंबर 2019 के मध्य रात्रि में जरियें मुखबीर सूचना मिली कि 10 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेए 7737 में मवेशी भरा हुआ है जो कि दुर्ग से नागपूर की ओर जा रही है कि सूचना पर टीम द्वारा इंदावानी चौक राजस्थानी ढ़ाबा के पास पहुंचकर बेरीकेट लगाकर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेए 7737 को रोक कर समक्ष गवाहन के चेक करने पर ट्रक में बिना हवा पानी के क्रूरता पूर्वक 16 नग मवेशी भरा हुआ मिला। ट्रक में बैठे चालक को नाम पता पुछने पर अपना नाम राजू पाल पिता मदनपाल उम्र 35 साल साकिन यशोधरा नगर लाल झंडा चौक हनुमान मंदिर के पास वार्ड नंबर 05 नागपुर जिला नागपुर, कंडेक्टर नसीम कुरैशी उर्फकालु पिता मुस्तफा कुरैशी उम्र 30 साल साकिन बनत रविदास पुरी मीडिल स्कूल के पीछे थाना आदेश मंडी जिला सामली उत्तर प्रदेश एवं कंडेक्टर वसीम कुरैशी पिता निशा कुरैशी उम्र 28 साल साकिन बनत संजय नगर मोहल्ला थाना आदेश मंडी जिला सामली उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताये। उक्त मवेशियो के संबंध में पूछने पर मोनु कुरैशी निवासी कुरूद भिलाई वाले से खरीद कर गुड्डु कुरैशी के पास कलमना मंड़ी नागपुर कत्लखाना ले जाना बताये। जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेए 7737 एवं उसमें भरे 12 नग गाय, 3 नग भैसा एवं 1 नग पड़वा कुल 16 नग मवेशियों को जप्त किया जाकर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 234/19 धारा 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम, पशु परि. अधि. धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्तशुदा मवेशियों को सुरक्षार्थ गौशाला में रखा गया है।

उक्त ट्रक को पकडऩे के लिए किए गए घेराबंदी के दौरान चालक राजूपाल के द्वारा दुर्ग से राजनांदगांव की ओर जा रही इंडिगो कार क्रमांक सीजी 07-6236 में बैठे चालक रितेश यादव निवासी दल्लीराजहरा की हत्या करने के नियत से जानबूझ कर उक्त ट्रक को रिवर्स गेयर में धकेलते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे परिणाम स्वरूप चालक चालक रितेश यादव यदि कार से कूदकर नहीं भागता तो उसकी मृत्यु होना निश्चित था, जिस पर प्रार्थी रितेश यादव निवासी दल्लीराजहरा की रिपोर्ट पर आरोपी ट्रक चालक राजूपाल निवासी नागपूर के विरूद्ध पृथक से थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 235/19 धारा 307 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त दोनों प्रकरणों में आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही थाना सोमनी से की जा रही है।

ट्रक-ट्रैक्टर में साप्ताहिक बाजार से खरीदा हुआ मक्का व धान जब्त

कोंडागांव। कोंडागांव जिला के विश्रामपुरी से बीती रात एक ट्रक एवं एक ट्रैक्टर में भरा हुआ 174 कट्टा धान एवं 65 कट्टा मक्का पकड़ा गया। जिसे दो गल्ला व्यापारियों द्वारा ले जाया जा रहा था। बांसकोट में लगाए गए बैरियर पर वाहनों को रोककर पूछताछ की गई। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर दोनों वाहनों को जब्त कर पुलिस के हवाले किया गया। जानकारी के अनुसार बांसकोट में धान की तस्करी रोकने के लिए लगाए गए बेरियर पर धान से भरे हुए दो वाहन पकड़े गए। ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों ने वाहन मालिकों से पूछताछ की तो बताया कि वह साप्ताहिक बाजार तितरवण्ड का खरीदा हुआ धान है जिसे वह अपने घर ले जा रहा है किंतु उसके पास किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं था जिसे संदिग्ध पाया गया। ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों ने इसकी सूचना तहसीलदार एवं अन्य उच्चाधिकारियों को दी। तत्पश्चात दोनों वाहनों को जब्त कर बांसकोट पुलिस चौकी के हवाले किया गया। ट्रक शेषकुमार निवासी मारंगपुरी का बताया गया है जिसमें 121 कट्टा धान एवं 40 कट्टा मक्का पाया गया। वहीं विष्णु साहू निवासी सलना तहसील बड़े राजपुर के ट्रैक्टर में 53 धान एवं 25 मक्का पाया गया।

सिम्सः इलाज कराने पहुंचे बदमाश इधर परिजनों ने मचाया उत्पात

देर रात हंगामा और तोड़फोड़, चिकित्सक कर सकते हैं हड़ताल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। एक बार फिर सिम्स में इलाज कराने पहुंचे मरीज और उसके परिजनों ने हंगामा मचाते हुए तोड़फोड़ कर दी। इससे पहले भी ऐसे ही तत्वों की वजह से सिम्स के जूनियर डॉक्टर्स और अन्य चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर दिया था। काफी मान मनोव्वल के बाद चिकित्सक इलाज करने को राजी हुए । चांटीडीह ईरानी मोहल्ला में रहने वाला अली आदतन बदमाश है। अक्सर उसके द्वारा मारपीट और हंगामे को अंजाम दिया जाता रहा है।

सप्ताह भर पहले भी अली अपने छाती में घाव कर सिम्स में इलाज कराने आया था और उस दौरान भी उसने चिकित्सकों के साथ बुरा बर्ताव किया था। हमेशा नशे में धुत रहने वाला कल रात नशे की हालत में बाइक लेकर घूम रहा था। इसी दौरान सरकंडा पुल के पास वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और उसे चोटें आई और उसे लेकर उसके परिजन इलाज के लिए सिम्स पहुंचे और तत्काल इलाज इलाज करने की बात कहते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया और तोड़फोड़ कर डाली। सिम्स प्रबंधन का आरोप है कि एक खास वर्ग के बदमाशों द्वारा सिम्स में लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है और इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है और जब इसके जवाब में चिकित्सक नर्सिंग होम एक्ट लागू करने तथा पर्याप्त सुरक्षा की लम्बे समय से मांग करते आ रहे हैं। सूचना के बाद केजुएल्टी पहुंच कर परिजनों तथा साथ आये उपद्रवी युवकों को बाहर किया।